सूर्योदय 5:53 सूर्यास्त 6:5=

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.0 न्यू | 24.0 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,111 |
| निफ्टी | 24,231 |
| सोना | 1,53,200 |
| चांदी | 2,51, 300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 16 अप्रैल 2026 | 3 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 107, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पंजाब सरकार ने छीनी राघव चड्ढा की सुरक्षा

**एजेंसी, लुधियाना।** आम आदमी पार्टी और उसके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच का विवाद और बढ़ गया है। पंजाब की सीएम भगवंत मान की अगुआई वाली,क्र सरकार ने राघव चड्ढा की सिक्योरिटी छीन ली है। पंजाब के सहप्रभारी, सांसद और राज्यसभा में उपनेता होने के नाते राघव चड्ढा को पंजाब पुलिस की सिक्योरिटी मिली थी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली के नेता सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया (एक्स) पर दावा किया कि राघव चड्ढा को केंद्र सरकार ने जेड प्लस सिक्योरिटी दे दी है। केंद्र सरकार आखिर राघव चड्ढा पर इतनी मेहरबान क्यों है? चड्ढा के करीबी सोर्सेज के मुताबिक अभी उन्हें केंद्र से सुरक्षा नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)

### पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत पर सुप्रीम रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा को बहुत बड़ा झटका दिया है। सर्वोच्च अदालत ने कांग्रेस नेता को तेलंगाना हाई कोर्ट से मिली न केवल ट्रांजिट अग्रिम जमानत को स्टे कर दिया है, बल्कि उन्हें दी गई राहत पर आश्चर्य भी जताया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल शरचचंद्र चांदूरकर की बेंच ने बुधवार को इस मामले में अंतरिम आदेश जारी करते हुए नोटिस जारी किया है। खेड़ा को इसका जवाब तीन हफ्तों के अंदर देना है। असम सरकार ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के सरिता विहार इलाके में क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला कर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और उन्हें दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई में कोई घायल नहीं हुआ है। आरोपियों के पास से दो देसी पिस्टल और एक 12 बोर की बंदूक बरामद की गई है, जिनसे तीन राउंड फायर किए गए थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। यह जांच की जा रही है कि वे दिल्ली में कब से रह रहे थे और क्या उनका किसी आपराधिक गिरोह से संबंध है। (अनंत ज्ञान)

### यौन उत्पीड़न के आरोपी के घर चला बुलडोजर

**एजेंसी, अमरावती।** महाराष्ट्र में अमरावती जिले के परतवाड़ा में लड़कियों के यौन शोषण के मुख्य आरोपी मोहम्मद अयाज उर्फ तनवीर के घर पर प्रशासन ने बुधवार को बुलडोजर चलाया। जांच के लिए प्रशासन ने 46 सदस्यीय विशेष जांच दल बनाया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तनवीर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी लड़कियों को फंसाते थे, फिर उन्हें मुंबई और पुणे ले जाकर अश्लील वीडियो बनाते थे। पुलिस ने इन चारों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया। जहां उन्हें सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। दावा है कि आरोपियों के पास 350 से ज्यादा अश्लील वीडियो मिले हैं, जिनसे वह लड़कियों को ब्लैकमेल कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पंचायत चुनावों को लेकर 30 चुनाव चिन्ह किए तय -पेज 2
- सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र में सरकार ने पेश की मिसाल: कुलदीप -पेज 6
- पर्यटन क्षेत्र के लिए 2357 करोड़ की योजना स्वीकृत -पेज 12


# सीएम ने किन्नौर की महिलाओं को दी 1500-1500 रुपए की सौगात

## हिमाचल दिवस पर क्लास 1 और 2 की सैलरी डेफर करने का आदेश वापस, रिटायर्ड क्लास 4 कर्मियों को मिलेगी ग्रेच्युटी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने 79वां हिमाचल दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया, जहां राज्य स्तरीय मुख्य समारोह किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। समारोह में विभिन्न सुरक्षा बलों, एनसीसी इकाइयों और छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अनुशासन और देशभक्ति का प्रदर्शन किया।

इस समारोह में सीएम ने किन्नौर जिले की पात्र महिलाओं के लिए 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि' के तहत 1500 रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने श्रेणी-1 और श्रेणी-2 अधिकारियों के 3 प्रतिशत वेतन स्थगन के आदेश को वापस लेने की घोषणा करते हुए कर्मचारियों को राहत दी। वहीं रिटायर्ड क्लास 4 कर्मियों को ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट देने का निर्णय लेकर उनका मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ईमानदारी से कार्य कर रहे कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राज्य के निर्माण में योगदान देने वाले महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने रिकांगपिओ में सभी सरकारी संस्थानों, विद्यालयों और घरों को भू-तापीय ऊर्जा आधारित केंद्रीय हीटिंग प्रणाली से जोड़ने की ऐतिहासिक घोषणा की गई। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने तरांडा क्षेत्र में सुरंग निर्माण के लिए 8 करोड़ रुपए, छोल्टू विद्यालय के उन्नयन, पॉलिटेक्निक कॉलेज को रोहड़ू से उरनी स्थानांतरित करने तथा विभिन्न सड़कों और आधारभूत ढांचे के विकास की योजनाओं का ऐलान किया। निगुलसरी-भावानगर सड़क को यातायात के लिए खोलने और पूह-काजा ट्रांसमिशन लाइन परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की गई, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों को बड़ी राहत मिलेगी।



किन्नौर के रिकांगपिओ में हिमाचल दिवस के राज्यस्तरीय समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

- केंद्रीय हीटिंग प्रणाली से जुड़ेंगे रिकांगपिओ के सरकारी संस्थान
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि बागवानी को सशक्त करने पर जोर

मुख्यमंत्री ने वित्तीय चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से प्रदेश को भारी नुकसान होगा, लेकिन इसके बावजूद आम जनता पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों, बागवानों, पशुपालकों और मछुआरों को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। दूध, गेहूं, मक्की, हल्दी और अदरक के समर्थन मूल्यों में बढ़ोतरी से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन में नए आयाम स्थापित करने की दिशा में कदम उठा रही है।

### स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ने पर बढ़ी विद्यार्थियों की संख्या

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ने के प्रयासों से विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी, पैट स्कैन और एमआरआई सुविधाओं के विस्तार की जानकारी दी। वहीं धार्मिक और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ज्वालामुखी और नैनादेवी में बड़े स्तर पर विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। समारोह के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को रंगीन बना दिया, जहां स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

# चुनाव प्रचार पर 1 लाख से ज्यादा खर्च नहीं कर पाएंगे जिप उम्मीदवार

अनंत ज्ञान

- नियमों का उल्लंघन करने पर 500 रुपए तक का जुर्माना

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव को लेकर इस बार नियमों की सख्ती और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने जहां जिला परिषद उम्मीदवारों के लिए खर्च की अधिकतम सीमा एक लाख रुपए तय की है। चुनावी खर्च पर नियंत्रण के साथ-साथ प्रचार सामग्री को लेकर भी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यदि कोई प्रत्याशी प्रचार के दौरान गंदगी फैलाता है या नियमों का उल्लंघन करता है तो उस पर 500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण, बल्कि चुनावी अनुशासन बनाए रखने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इसके अलावा हर प्रत्याशी को चुनाव प्रचार, खानपान, वाहन उपयोग और अन्य सभी खर्चों का पूरा ब्योरा एक महीने के भीतर निर्वाचन आयोग को देना अनिवार्य किया गया है। यदि कोई उम्मीदवार निर्धारित समय में खर्च का विवरण प्रस्तुत नहीं करता है तो उसे अयोग्य घोषित किया जा सकता है। इसके लिए आयोग द्वारा फ्लाइंग स्क्वॉड का गठन भी किया जाएगा, जो खर्च और गतिविधियों पर लगातार नजर रखेगा।

राज्य चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि हर उम्मीदवार को निर्धारित प्रारूप में अपने खर्च का लेखा-जोखा जमा करना होगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पंजाब में श्रद्धालुओं की बस पलटी, 8 की मौत

## बच्चों और महिलाओं समेत 21 घायल, शरीर में घुसे कांच के टुकड़े

**एजेंसी, फतेहगढ़ साहिब**

पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में श्रद्धालुओं से भरी बस बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। जिससे बस में करंट भी आ गया। बस पलटने से उसमें सवार 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मरने वालों में सगे भाई भी शामिल हैं। वहीं बच्चों-महिलाओं समेत 21 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस वक्त हादसा हुआ, बस में 40 लोग सवार थे और करीब डेढ़ किमी बाद ही सबको बस से उतरकर अपने घर जाना था।

हादसे का पता चलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला। फतेहगढ़ साहिब के एसएसपी डॉ. शुभम अग्रवाल ने कहा कि पुलिस हादसे की वजहों की जांच कर रही है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया। पीएम ने कहा कि हादसे के बारे में सुनकर मुझे अत्यंत दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। (अनंत ज्ञान)



### बैसाखी मेला देखने गए थे श्रद्धालु

**पुलिस** के मुताबिक श्री आनंदपुर साहिब में 14 अप्रैल को बैसाखी का मेला लगा था। इसी में हिस्सा लेने के लिए फतेहगढ़ साहिब से श्रद्धालुओं की बस श्री आनंदपुर साहिब गई थी। दिन में मेले में हिस्सा लेने के बाद रात को वह सभी बस में सवार होकर घर लौट रहे थे। हिम्मतपुरा के पास बस एक झटके से पलट गई, जिस वजह से करंट से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

# सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित, 93 .70 % विद्यार्थी पास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा रहे अव्वल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को कक्षा 10 की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष कुल 93.70 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष के 93.66 प्रतिशत की तुलना में 0.04 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्शाता है। बोर्ड के अनुसार, इस वर्ष 24,83,479 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 24,71,777 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 23,16,008 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। परीक्षा का आयोजन 17 फरवरी से 11 मार्च 2026 तक किया गया था।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा क्षेत्र 99.79 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे, जबकि चेन्नई (99.58 प्रतिशत) और बेंगलुरु (98.91 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिल्ली पश्चिम और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का पास प्रतिशत क्रमशः 97.45 और 97.33 रहा। परिणाम में छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों के मुकाबले बेहतर रहा। परिणामों के मुताबिक 94.99 प्रतिशत छात्राएं पास हुईं, जबकि 92.69 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों का पास प्रतिशत 87.50 रहा।

संस्थागत प्रदर्शन की बात करें तो केन्द्रीय विद्यालय (केवी) ने 99.57 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99.42 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत क्रमशः 91.43 और 91.01 प्रतिशत रहा। (अनंत ज्ञान)

## सबरीमाला मंदिर मामला : सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं कर सकते

# लोगों की आस्था को गलत ठहराना कठिन : कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। सबरीमाला मंदिर का मैनेजमेंट देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने जनहित याचिका पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि क्या कोई बाहरी व्यक्ति किसी धर्म या संप्रदाय की प्रथा को सीधे अनुच्छेद 32 के तहत चुनौती दे सकता है? इसी तरह, जस्टिस सुंदरेश ने सवाल उठाया कि क्या अदालत करोड़ों लोगों के प्रतिनिधियों को सुने बिना ऐसे मुद्दों पर फैसला कर सकती है? जस्टिस नागरत्ना ने भी कहा कि अगर याचिकाकर्ता उस धर्म का नहीं है तो उसकी पीआईएल को मंजूरी नहीं दी जानी चाहिए।



- मंदिर में महिलाओं की एंट्री पर चल रही सुनवाई

केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में 10 से 50 साल की महिलाओं की एंट्री पर बैन लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में इसे भेदभावपूर्ण बताते हुए बैन हटा दिया। इसके बाद दायर पुनर्विचार याचिकाओं के आधार पर 7 महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न तय किए गए हैं, जिन पर अब बहस हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट धार्मिक मान्यताओं पर फैसला नहीं दे सकता: मंदिर प्रशासन

**केरल** के सबरीमाला मंदिर का मैनेजमेंट देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के वकील एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, किसी धर्म की प्रथा सही है या नहीं, यह तय होगा उसी समुदाय की आस्था के आधार पर। जज खुद यह तय नहीं करेंगे कि धर्म के लिए क्या सही है, क्या गलत।' उन्होंने कहा कि धर्म एक समूह या समुदाय की आस्था से जुड़ा है। इसलिए कुछ लोगों (महिलाओं की एंट्री) के अधिकार को पूरे समुदाय के अधिकारों पर हावी नहीं होने दिया जा सकता। इससे पहले 7 से 9 अप्रैल तक 3 दिन सुनवाई के दौरान भी महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखी गईं। केंद्र सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

# गृह समेत 29 विभाग संभालेंगे सीएम सम्राट

## बिहार के 24वें मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद छुए नीतीश के पैर

**एजेंसी, पटना**

सम्राट चौधरी बिहार 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी सीएम बनाया गया है। नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है।



- विजय चौधरी व बिजेंद्र यादव बने डिप्टी सीएम

सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे। विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव 8 विभाग मिले हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यही विभाग बाकी मंत्रियों में बंटेंगे। तब तक तीनों मंत्री ही इनकी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, 'कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा।' (अनंत ज्ञान)

### शपथ से पहले हनुमान मंदिर जाकर लिया आशीर्वाद

**सम्राट** चौधरी ने सुबह पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा की थी। शपथ से पहले ही उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। सरकार में बदलाव सोमवार को नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के बाद हुआ। वे अब राज्यसभा सदस्य हैं। वे 20 साल बिहार के सीएम रहे।

# हिमाचल में अप्रैल के पहले पखवाड़े में 200 % से अधिक बरसे बादल

## प्रदेश के निचले और मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में सबसे अधिक वर्षा दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में अप्रैल माह की शुरुआत ने मौसम का असामान्य रूप दिखाया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, महीने के पहले 15 दिनों में 12 में से 8 जिलों में सामान्य से 200 प्रतिशत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। यह स्थिति न केवल आम जनजीवन बल्कि कृषि गतिविधियों के लिए भी अहम संकेत लेकर आई है। हालांकि, विशेषज्ञ इसे व्यापक जलवायु परिवर्तन के बजाय एक अस्थायी वृद्धि मान रहे हैं, जो मानसून पूर्व मौसम प्रणाली की सक्रियता से जुड़ी है। जानकारी के अनुसार, राज्य के विभिन्न हिस्सों में वर्षा का वितरण असमान रहा है, जिससे क्षेत्रीय भिन्नताएं स्पष्ट रूप से सामने आई हैं। बिलासपुर में सबसे अधिक 648 प्रतिशत वर्षा दर्ज की गई, जबकि सोलन में 436 प्रतिशत और सिरमौर में 306 प्रतिशत बारिश हुई। इसके अलावा हमीरपुर, मंडी और शिमला सहित कई अन्य जिलों में भी 200 प्रतिशत से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जो विशेषकर निचले और मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में व्यापक प्रभाव को दर्शाती है। वहीं, किन्नौर, लाहौल-स्पीति जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में वर्षा सामान्य के आसपास या उससे कम रही।



### कल चार जिलों में तूफान ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

**मौसम** विभाग ने 17 अप्रैल को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व मंडी जिला में ओलावृष्टि और तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शिमला, ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर जिला में कुछेक स्थानों पर ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट दिया गया है। 18 और 19 अप्रैल को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिला में येलो अलर्ट दिया गया है।

**अनदेखी** अनछुए पर्यटन स्थल पर्यटकों की पहुंच से कोसों दूर, सरकारें नहीं दे रहीं ध्यान

# चार दशक बाद भी मनाली में विकसित नहीं हुए नए पर्यटन स्थल

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में प्रतिवर्ष पर्यटकों की संख्या में भले ही बढ़ोतरी हुई है, लेकिन यहां पर्यटकों का ठहराव लगातार कम होता जा रहा है। अधिकांश पर्यटक दो या तीन दिन से अधिक मनाली में नहीं रुकता है। इसका कारण चार दशकों के बाद भी मनाली में नए पर्यटक स्थल चिह्नित नहीं होना है। मनाली के अनछुए पर्यटन स्थल भृगु, दशौहर, हामटा, रानी सुई, चंद्रखणी, लमाढुग स्थान पर्यटन की दृष्टि से विकसित नहीं हो पाए हैं। सड़क और अन्य सुविधाओं के अभाव में बहुत कम संख्या में ही सैलानी यहां आते हैं। हामटा में हालांकि सर्दियों में बर्फ रहती है, लेकिन यदि सड़क कुछ किलोमीटर आगे तक निकली जाए तो गर्मी में भी यहां बर्फ देखने को मिलेगी। इससे रोहतमांग जाने वाले पर्यटक को एक अन्य स्थल मिल जाएगा। अनछुए पर्यटन स्थल पर्यटकों की पहुंच से कोसों दूर हैं। रोहतांग दर्रा ही दशकों से पालनहार बना हुआ है। अब अटल टनल ने भी पर्यटकों को आकर्षित किया है। दर्जनों पर्यटन स्थलों को विकसित होने का इंतजार है। देश और विदेश से आने वाले सैलानी इन अनछुए रमणीक स्थलों तक नहीं पहुंच पाते हैं। जिससे कुल्लू मनाली का पर्यटन व्यवसाय मनाली तक ही सीमित रह गया है।




### रोहतांग पास पर बढ़ा दबाव तो एनजीटी को देना पड़ा दखल

**अनछुए** पर्यटन स्थल विकसित न होने से रोहतांग दर्रे पर पर्यटकों का दवाब बढ़ा और एनजीटी को हस्तक्षेप करना पड़ा। एनजीटी ने दर्रे में वाहनों की संख्या सीमित कर दी। पर्यटन नगरी मनाली में नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने में किसी भी सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। परिणामस्वरूप यातायात समस्या बढ़ने के साथ मनाली में पर्यटकों का ठहराव भी नहीं बढ़ पाया। पर्यटकों की पहली पसंद रोहतांग दर्रा है। क्योंकि यहां पूरा साल बर्फ देखने को मिलती है। ऐसे ही अन्य स्थल को विकसित किया जाए तो ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी।

### सरकारें नहीं गंभीर : अजय

**पर्यटन** कारोबारी अजय अबरोल कहा कि नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने में किसी भी सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। अटल टनल बनने से एक नया स्थल जरूर विकसित हुआ है, लेकिन गर्मी में बर्फ देखना सिर्फ रोहतांग पर ही संभव है। ऐसे ही नए स्थलों को विकसित किया जाना जरूरी है। वहीं, होटलियर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि मनाली में पर्यटक स्थलों की कमी नहीं है बस सरकार की इच्छा शक्ति की कमी है ।अगर मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देना है तो सरकार को नए पर्यटक स्थलों को चिह्नित करना चाहिए जिस से रोहतांग में भी दवाब कम होगा।

# आर्थिक चुनौतियों के बावजूद आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे राज्य के कदम : अग्निहोत्री

## हिमाचल दिवस पर रिज मैदान में आयोजित समारोह में बोले डिप्टी सीएम



राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हिमाचल दिवस का जिलास्तरीय समारोह पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दीं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय समारोह पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया, जहां उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने 15 अप्रैल, 1948 को 30 पहाड़ी रियासतों के विलय से बने हिमाचल के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि यह दिन प्रदेश की एकता, संघर्ष और विकास यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने प्रजामंडल आंदोलन के नायकों और प्रदेश के निर्माण में योगदान देने वाली विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि हिमाचल ने सीमित संसाधनों के बावजूद देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश की मौजूदा आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व सरकारों की गलत नीतियों के कारण हिमाचल पर भारी कर्ज का बोझ पड़ा है।

उन्होंने बताया कि राज्य को 76 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज और हजारों करोड़ की देनदारियां विरासत में मिलीं, लेकिन वर्तमान सरकार ने अब तक 25 हजार करोड़ रुपए की वापसी कर आर्थिक सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने 16वें वित्त आयोग द्वारा राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने को प्रदेश के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि इससे हर वर्ष 8 से 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान होगा, फिर भी सरकार नए संसाधन जुटाकर आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आधुनिक मशीनों पर तीन हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में सुधार से हिमाचल राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थान हासिल कर चुका है। सरकार सरकारी स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से सीबीएसई से जोड़ने और आधुनिक डे-बोर्डिंग विद्यालय स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

शिमला शहर की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए सतलुज नदी से जलापूर्ति परियोजना पर कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे आने वाले वर्षों में शहर को पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। इसके अलावा रोपवे, अंडरग्राउंड बिजली व्यवस्था, हेलीकॉप्टर सेवाओं और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं सहित कई विकास परियोजनाओं पर काम जारी है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया।



### सांस्कृतिक रंगों व सम्मान समारोह ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया

**समारोह** के अंतिम चरण में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को देशभक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया, जिससे समारोह की गरिमा और भी बढ़ गई।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों और व्याख्यानों से गूंजा एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र कुसुंपटी



हिमाचल दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र कुसुंपटी के सभागार में बुधवार को हिमाचल दिवस के अवसर पर एक गरिमामय और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण केंद्र के कमान अधिकारी उप कमांडेंट (संचार) अजय शर्मा तथा सहायक कमांडेंट (संचार) रविंद्र कुमार ने हिमाचल प्रदेश के गठन, इसकी समृद्ध देव संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और आधुनिक विकास यात्रा पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए जवानों और प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया कि वे इस धरोहर को संजोकर रखें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों, संदीक्षा सदस्याओं, प्रशिक्षुओं और जवानों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। गीत, कविताएं और नृत्य प्रस्तुतियों ने हिमाचली संस्कृति की जीवंत झलक पेश की, जिससे पूरा सभागार देशभक्ति और सांस्कृतिक उत्साह से सराबोर हो उठा। अंत में कमान अधिकारी ने सभी हिमाचल वासियों को उनके परिवार सहित प्रशिक्षण केंद्र की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं और प्रदेश की तरक्की व खुशहाली की कामना की।

# शिमला शहर में जून में शुरू होगी नई लिफ्ट सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शहर में लंबे समय से प्रतीक्षित लिफ्ट सुविधा अब जून माह से शुरू होने जा रही है, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। यह लिफ्ट व्यवस्था खासतौर पर उन क्षेत्रों को जोड़ने का कार्य करेगी जहां पैदल आवागमन कठिन और समय लेने वाला था। प्रशासन के अनुसार, इस परियोजना के शुरू होने से बुजुर्गों, महिलाओं और पर्यटकों को विशेष सुविधा मिलेगी तथा दैनिक आवाजाही पहले की तुलना में कहीं अधिक सुगम हो जाएगी। इस नई व्यवस्था से न केवल लोगों का समय बचेगा बल्कि शहर में बढ़ती भीड़भाड़ पर भी नियंत्रण मिलेगा। साथ ही, यह लिफ्ट सुविधा पर्यटन को भी बढ़ावा देगी, जिससे स्थानीय व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को लाभ मिलने की संभावना है। प्रशासन का कहना है कि सभी आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण में हैं और जून से यह सुविधा आम जनता के लिए पूरी तरह से उपलब्ध कर दी जाएगी।

# चिट्टा तस्करी में अंबाला से एक और आरोपी गिरफ्तार, 10 लाख के लेन-देन के सुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए अंबाला (हरियाणा) से मुख्य सप्लायर करण (34) को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद 16 अप्रैल 2026 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई के साथ ही मामले में अब तक कुल 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें पहले किन्नौर और रामपुर से पकड़े गए कई युवक भी शामिल हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी करण का नेटवर्क के अन्य सह-अभियुक्तों, विशेषकर एक प्रमुख साथी के साथ सीधा संपर्क था और उनके बीच लगभग 10 लाख रुपये के लेन-देन के पुख्ता साक्ष्य मिले हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार करण इस नेटवर्क में धन उपलब्ध कराने, लेन-देन और समन्वय की अहम भूमिका निभा रहा था, जिसके चलते उसके खिलाफ NDPS अधिनियम की धारा 29 (षड्यंत्र/साझेदारी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई 22 अगस्त 2025 को दर्ज एक मामले की गहन जांच के दौरान सामने आई कड़ियों के आधार पर की गई। उस समय पुलिस ने रामपुर क्षेत्र से 17.150 ग्राम चिट्टा/हेरोइन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आगे की जांच में बैकवर्ड लिंकिंग के जरिए करण तक पहुंच बनाई गई। आरोपी पंचकूला के खड़क मंगोली का निवासी है और वर्तमान में जीरकपुर में रहकर इस अवैध नेटवर्क का संचालन कर रहा था। एसएसपी शिमला गौरव सिंह का कहना है कि इस संगठित ड्रग नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है। पुलिस का लक्ष्य केवल सीमित कार्रवाई तक नहीं, बल्कि पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करना है।



पुलिस टीम के साथ चिट्टा तस्करी का आरोपी। अनंत ज्ञान

# दुकान का ताला तोड़कर बाहर फैंका सामान, एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के बालूगंज थाना क्षेत्र के तहत उपनगर टूटू के पास यादगार में एक दर्जी की दुकान का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंकने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के अनुसार रतन लाल शर्मा निवासी ढांडा शिमला ने शिकायत दर्ज करवाई है कि मंगलवार को परमिंदर और सपना नाम के दो लोगों ने उनकी यादगार स्थित दर्जी की दुकान का ताला बिना किसी कानूनी नोटिस के तोड़ दिया और जबरन दुकान के अंदर प्रवेश किया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपियों ने दुकान के अंदर रखा सामान बाहर फेंक दिया। शिकायत में बताया गया है कि दुकान से करीब आठ सिलाई मशीनें, 25 से 30 कपड़ों के पीस, 15 से 20 सिले हुए कपड़े, एक काउंटर और अन्य सामान बाहर निकाल दिया गया, जिससे उन्हें नुकसान हुआ है। इस घटना के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना बालूगंज में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सतलुज नदी किनारे मिला चार माह से लापता युवक का शव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला के थाना सुन्नी क्षेत्र में सतलुज नदी के किनारे एक लापता युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार यह शव करीब चार महीने पहले लापता हुए युवक का है और इसकी पहचान परिजनों ने कर ली है।

पुलिस को 13 अप्रैल को तत्तापानी के एक राफ्टिंग ऑपरेटर ने फोन पर सूचना दी कि घरयाणा के नीचे सतलुज नदी के किनारे एक मानव शव दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही थाना सुन्नी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से नदी में पेड़ों के बीच फंसे गली-सड़ी हालत में शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पहचान और पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सुन्नी के शवगृह में रखा गया।

प्रारंभिक जांच के दौरान शव के कपड़े और हुलिया 21 दिसंबर 2025 को दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट से मेल खाते पाए गए। इसके बाद परिजनों को पहचान के लिए बुलाया गया। 14 अप्रैल को परिजनों ने कपड़ों, जूतों और कद-काठी के आधार पर शव की पहचान दुर्गेश उर्फ काकू निवासी हिमरी, तहसील सुन्नी, जिला शिमला के रूप में की।

पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक की किसी के साथ कोई रंजिश या दुश्मनी नहीं थी और परिजनों ने भी मौत को लेकर कोई संदेह नहीं जताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पानी में डूबना बताया गया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सुन्नी-तत्तापानी मार्ग के कुछ स्थान क्षतिग्रस्त और जोखिम भरे हैं तथा आसपास घने पेड़-पौधे होने से अंधेरा रहता है। आशंका है कि पैर फिसलने से युवक नदी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिला सशक्तिकरण पर मंथन

# 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन में उठी आवाज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में टाउन हॉल ऑफ वूमेन और पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं, बुद्धिजीवियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर इसे एक सशक्त जनआंदोलन का रूप दिया। महिला मोर्चा अध्यक्ष डेजी ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सर्कुलर रोड स्थित होटल ध्रुव में हुई, जहां महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा, नेतृत्व और राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण जैसे विषयों पर गंभीर और सार्थक चर्चा हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि देश में महिलाओं की भूमिका निरंतर सशक्त हो रही है, लेकिन अब उन्हें नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह देश के समग्र विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के लंबे इंतजार का समय अब समाप्त होने की ओर है और महिलाओं में इस अधिनियम को लेकर उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं के जन्म से लेकर शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता तक व्यापक स्तर पर कार्य हुआ है।

महिला मोर्चा अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक जनआंदोलन की शुरुआत है। मुख्य वक्ता डॉ. पूर्णिमा चौहान ने महिलाओं की शिक्षा और प्रशासनिक क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी को नए भारत की पहचान बताया।

प्रोफेसर मीनाक्षी पॉल ने कहा कि शिक्षा ही महिलाओं के सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है, जबकि वंदना भगरा ने समाज के सभी वर्गों से महिलाओं को समान अवसर देने की अपील की। प्रख्यात व्यवसायी रेणु बलजीस ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मानजनक वातावरण को आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक बताया।

### पदयात्रा में दिखा उत्साह और एकजुटता

**टाउन** हॉल के पश्चात दोपहर में होटल ध्रुव से सीटीओ शिमला तक पदयात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं और युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। प्रतिभागियों ने 33 प्रतिशत आरक्षण और महिला अधिकारों के समर्थन में एकजुटता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में डेज़ी ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान आने वाले समय में और व्यापक रूप लेगा तथा 'सशक्त नारी, सशक्त समाज और समृद्ध भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पंचायत चुनावों को लेकर 30 चुनाव चिन्ह तय, सीरियल वाइज किया जाएगा आवंटन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में होने वाले पंचायतीराज चुनावों को लेकर इस बार चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राज्य निर्वाचन तंत्र ने कुल 30 चुनाव चिह्न निर्धारित कर दिए हैं, जिनके आधार पर प्रत्याशी मैदान में उतरेंगे। खास बात यह है कि उम्मीदवार अपनी पसंद का चुनाव चिह्न नहीं चुन सकेंगे, बल्कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत उन्हें सीरियल वाइज चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की अंतिम तिथि पूरी होने के बाद ही चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। यह जिम्मेदारी संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी को सौंपी गई है, जो नियमों के अनुसार प्रत्याशियों को चिह्न वितरित करेंगे। प्रशासन का मानना है कि इस व्यवस्था से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी प्रकार के विवाद की संभावना कम होगी।

अधिकारियों ने बताया कि इस व्यवस्था के लागू होने से मतदान प्रक्रिया में एकरूपता आएगी और मतदाताओं के बीच भ्रम की स्थिति नहीं बनेगी। साथ ही सभी निर्वाचन कर्मियों को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि चिह्न आवंटन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के भी कड़े इंतजाम किए हैं। ग्रामीण स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान में भाग लें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत हो।

### कुछ क्षेत्रों में आपसी सहमति बनाने के प्रयास तेज

**चुनाव** चिह्न मिलने के साथ ही पंचायत स्तर पर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। अभी से ही कई पंचायतों में प्रधान और उपप्रधान पद के लिए 8 से 10 संभावित उम्मीदवार सक्रिय नजर आ रहे हैं। कुछ स्थानों पर आपसी सहमति बनाने के प्रयास भी जारी हैं, वहीं युवा वर्ग सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी दावेदारी मजबूती से पेश कर रहा है, जिससे चुनावी माहौल गर्माता जा रहा है।

### पूरी चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की तैयारी

**इसके** अलावा राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों की सूची हिंदी (देवनागरी लिपि) में वर्णानुक्रम के आधार पर प्रकाशित करने का निर्णय लिया है, जिसमें उम्मीदवारों के नाम और पते शामिल होंगे। साथ ही चुनाव एजेंट, पोलिंग एजेंट और काउंटिंग एजेंट की नियुक्ति के लिए भी स्पष्ट नियम तय किए गए हैं, ताकि पूरी चुनाव प्रक्रिया सुव्यवस्थित, निष्पक्ष और विश्वसनीय ढंग से संपन्न हो

◆ **देवनागरी में जारी होगी प्रत्याशियों की सूची, एजेंट नियुक्ति के नियम तय**

# डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

## नोगली के देवटन में कोली समाज ने धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती



सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले महिला मंडल को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** कोली समाज खंड इकाई रामपुर द्वारा नोगली के समीप देवटन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर सेवानिवृत्ति सहायक निदेशक रक्षा मंत्रालय के माघी राम टूलिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, इसके अलावा सेवानिवृत्ति मेला राम बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। सभी अतिथियों की मौजूदगी में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपने भाषण में अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा समाज के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यो की जानकारी दी।

जएनन्ही बाल कलाकार एंजेल कलता द्वारा प्रस्तुत नृत्य सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। रामपुर के दूरदराज क्षेत्र से आई महिला मंडलों की टीमों ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया। महिलाओं ने लोगों को नशे के खिलाफ नाटक प्रस्तुत कर नशे पर प्रहार किया। कोली समाज रामपुर के अध्यक्ष मदन कश्यप ने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि एवं अन्य लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले महिला मंडल एवं स्कूली छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मोहन जोशी सेवानिवृत पुलिस अधिकारी, उप प्रधान मोहर सिंह, रीता कलता, समाज सेविका कृष्णा देवी आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

## हिमाचल में संगठन और पंचायत चुनाव पर कांग्रेस का बड़ा मंथन

# आज शिमला में जुटेगा पूरा नेतृत्व

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने व आगामी पंचायत व शहरी निकाय चुनावों को लेकर पार्टी अब पूरी तरह सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को शिमला स्थित राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस की अहम आम सभा आयोजित होने जा रही है, जिसमें संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ चुनावी रणनीति पर गहन मंथन किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल, सह प्रभारी चेतन चौहान, विदित चौधरी सहित मंत्रिमंडल के सदस्य और जिला अध्यक्ष भाग लेंगे। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी इस बैठक को और भी अहम बना रही है। बैठक को दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पहले सत्र में संगठन से जुड़े मुद्दों, कार्यप्रणाली और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा होगी। वहीं दूसरे सत्र में प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात, पंचायत और शहरी निकाय चुनावों में भाजपा को चुनौती देने की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा।

यह आम सभा कांग्रेस कमेटी के गठन के बाद पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, ऐसे में इसमें पदाधिकारियों को नए दायित्व सौंपने, संगठन में फेरबदल और लंबित नियुक्तियों को लेकर भी फैसले लिए जा सकते हैं। पार्टी नेतृत्व कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने और चुनावी तैयारियों को तेज करने के मूड में नजर आ रहा है।

इसके अलावा बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, युवा और महिला कांग्रेस को अधिक जिम्मेदारी देने तथा डिजिटल प्रचार-प्रसार को तेज करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। नेताओं से फीडबैक लेकर यह तय किया जाएगा कि किन क्षेत्रों में संगठनात्मक कमजोरी है और उसे कैसे दूर किया जाए। बैठक में संभावित उम्मीदवारों की प्रारंभिक सूची तैयार करने और स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क अभियान को तेज करने की रूपरेखा भी बनाई जा सकती है। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए विशेष टीमों के गठन पर भी चर्चा होने की संभावना है, ताकि कांग्रेस अपनी स्थिति को और मजबूत कर सके।

### जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने की रणनीति

**कुल** मिलाकर यह बैठक कांग्रेस के लिए आगामी चुनावों की दिशा तय करने वाली साबित हो सकती है, जहां संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने की रणनीति तैयार की जाएगी।

# रामपुर में कर्मचारियों के लिए खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा



बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक में कर्मचारियों के बीच खेल संस्कृति और कल्याण को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए एक संगठन का गठन किया जाए, जिसका नाम 'बुशहर कर्मचारी खेल संस्कृति एवं कल्याण संघ' रखा गया। यह संघ कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय, स्वास्थ्य और मनोरंजन को बढ़ाने की दिशा में कार्य करेगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी 17 अप्रैल को संघ की अगली बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही कर्मचारियों के लिए क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम बोर्ड, रस्साकस्सी और गायन जैसी खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन पर सहमति बनी। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ. सतपाल, अनिल वर्मा, सुरेंद्र, राजीव शर्मा, सोहनलाल, महेंद्र, गोविंद शाक्य, कुशल शर्मा, विपिन, अंजलि दीवान, रीता भंडारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम सुक्खू ने उत्कृष्ट विभूतियां की सम्मानित

## हिमाचल दिवस पर मुख्यमंत्री ने सिविल सर्विसिस अवॉर्ड, प्रेरणा स्रोत सम्मान व हिमाचल गौरव पुरस्कार से नवाजा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश की उत्कृष्ट विभूतियों को सिविल सर्विसिस अवॉर्ड, प्रेरणा स्रोत सम्मान और हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को सम्मानित करते हुए कहा कि ये सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों का प्रतीक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी हैं। समारोह में प्रशासन, खेल, चिकित्सा, समाजसेवा और तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को विशेष रूप से सराहा गया।

सिविल सर्विसिस अवॉर्ड के तहत उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन और डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग को विभागीय श्रेणी में सम्मानित किया गया, जबकि उप-मंडलाधिकारी (नागरिक) बल्ह, जिला मंडी की स्मृतिका नेगी को व्यक्तिगत श्रेणी में यह सम्मान प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन और पारदर्शिता को मजबूत करने में इन अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिला है।



हिमाचल दिवस समारोह में पुरस्कार प्रदान करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

प्रेरणा स्रोत सम्मान के अंतर्गत जिला शिमला की चारू शर्मा और जिला किन्नौर की छोनजिन ऐंग्मो को व्यक्तिगत श्रेणी में नवाजा गया। वहीं भारतीय राष्ट्रीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य रितु नेगी, साक्षी शर्मा, पुष्पा, भावना देवी और चंपा ठाकुर को समूह श्रेणी में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त चमियाणा अस्पताल के यूरोलॉजी विभाग को भी इस सम्मान से विभूषित किया गया। मुख्यमंत्री ने इन सभी को हिमाचल की उभरती शक्ति और आत्मविश्वास का प्रतीक बताते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

हिमाचल गौरव पुरस्कार के अंतर्गत पद्म से अलंकृत प्रेम लाल गौतम, डॉ. ओपी शर्मा, डॉ. ब्रिज शर्मा, हरलीन कौर और स्नेहलता को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिला स्तरीय पुरस्कारों में पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रतिभागियों को भी सम्मान देकर उनके उत्साह को बढ़ाया गया।

### 24 परिवारों को वन अधिकार अधिनियम के तहत प्रदान किए भूमि के पट्टे

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि ये सभी सम्मान प्रदेश की प्रगति में योगदान देने वाले हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 24 परिवारों को वन अधिकार अधिनियम के तहत भूमि के पट्टे प्रदान किए और हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के 9 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये के चेक वितरित किए। यह सहायता विशेष रूप से विधवाओं, निराश्रित और एकल महिलाओं को घर निर्माण के लिए प्रदान की जा रही है, जिससे उनके जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे कदम इसी दिशा में मजबूत पहल हैं।

# हिमाचल दिवस पर कर्मचारियों को फिर लगा झटका, डीए और एरियर पर नहीं खुला खजाना

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर जहां एक ओर राज्य स्तरीय समारोह में कई बड़ी घोषणाएं की गईं, वहीं दूसरी ओर लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों की उम्मीदों को गहरा झटका लगा। लंबे समय से महंगाई भत्ता (डीए) और एरियर की राह देख रहे कर्मचारी वर्ग को इस बार भी कोई राहत नहीं मिल पाई, जिससे निराशा और असंतोष साफ तौर पर नजर आने लगा है। प्रदेश के करीब पौने तीन लाख कर्मचारी और लगभग 1.71 लाख पेंशनर बीते लंबे समय से 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता और बकाया एरियर के भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

हिमाचल दिवस के मौके पर कर्मचारियों को पूरी उम्मीद थी कि सरकार इस दिशा में कोई ठोस घोषणा करेगी, लेकिन मंच से ऐसी कोई घोषणा न होने से कर्मचारियों की उम्मीदें फिर अधूरी रह गईं।

### कर्मचारियों और पेंशनरों की बढ़ी नाराजगी

**अब** हालात ऐसे बनते दिख रहे हैं कि यदि सरकार ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो यह मुद्दा आने वाले समय में बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। कर्मचारियों और पेंशनरों की बढ़ती नाराजगी सरकार के लिए चुनौती बनती जा रही है, और आने वाले दिनों में यह मामला राजनीतिक और कानूनी दोनों मोर्चों पर गरमाने के संकेत दे रहा है।

- घोषणाओं की चमक में दब गई कर्मचारियों की उम्मीदें
- 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता और एरियर अब भी लंबित
- कर्मचारी संगठनों का सरकार पर तीखा हमला कोर्ट जाने की चेतावनी

कर्मचारी संगठनों ने इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पूर्व प्रांत महामंत्री डॉ. मामराज पुंडीर ने कहा कि कर्मचारियों को लगातार आश्वासन ही मिल रहे हैं, जबकि वास्तविक राहत नहीं दी जा रही। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल के कर्मचारियों का वेतन केंद्र और अन्य राज्यों के मुकाबले काफी पीछे चल रहा है, जिससे महंगाई के दौर में उनका जीवन कठिन होता जा रहा है।

राज्य कर्मचारी महासंघ ने भी सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही डीए और एरियर का भुगतान नहीं किया गया, तो वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होंगे। वहीं सोशल मीडिया पर भी कर्मचारियों का गुस्सा खुलकर सामने आ रहा है, जहां सरकार के फैसलों को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।

# रजनी पाटिल ने सीएम सुक्खू से की भेंट

## राज्यसभा सांसद एवं हिमाचल प्रभारी ने प्रदेश के मुद्दों पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस समिति की प्रभारी रजनी पाटिल ने बुधवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात औपचारिक होने के साथ-साथ प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श का अवसर भी बनी, जिसमें संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक हरीश जनारथा, सुदर्शन बबलू, विनोद सुल्तानपुरी तथा हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने प्रदेश के विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

## प्रतिभा सिंह ने की रजनी पाटिल से शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें प्रदेश कांग्रेस से जुड़े विभिन्न संगठनात्मक विषयों और मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की गई। दोनों नेताओं के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने तथा पार्टी गतिविधियों को प्रभावी बनाने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और सशक्त करने की दिशा में भी चर्चा की गई।

# भाई की मौत के सदमे में बहन ने भी तोड़ा दम

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के ठारा गांव में एक ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत के बाद उसकी बहन ने भी सदमे में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, अजय कुमान (36), पुत्र प्रताप चंद, जो किरतपुर में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। इसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। अजय कुमार 12 अप्रैल को अपने घर आया था और 13 अप्रैल को वापस ड्यूटी पर चला गया था। बाद में उसकी मौत की खबर सामने आई।

मृतक के भाई प्रवीण कुमार जब उसे लेने पहुंचे तो उन्होंने अजय के शरीर पर कुछ निशान देखे, जिसके आधार पर उन्होंने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने इस संबंध में किरतपुर में मामला भी दर्ज करवाया है और पूरे घटनाक्रम की जांच की मांग की है। इसी बीच,

- ठारा गांव में दोहरी त्रासदी परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, गांव में मातम

अजय कुमार की मौत की सूचना मिलते ही उसकी बहन अंजना कुमारी (43), जिसकी शादी समीरपुर में हुई थी, गहरे सदमे में आ गईं। बताया जा रहा है कि दुख सहन न कर पाने के कारण उनकी भी ठारा गांव में ही मौत हो गई।

अजय कुमार का पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस घटना की पुष्टि मृतक के भाई प्रवीण कुमार ने की है। अजय कुमार अपने पीछे वृद्ध माता, पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गया है। बड़ी बेटी सातवीं कक्षा में नवोदय विद्यालय में पढ़ती है, जबकि छोटी बेटी मात्र दो वर्ष की है। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिवार सहित पूरे क्षेत्र में गहरा मातम पसरा हुआ है।

# हिमाचल दिवस पर पीएम मोदी, गृहमंत्री सहित कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल दिवस पर देश के शीर्ष नेतृत्व ने देवभूमि हिमाचल के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य और परिश्रमी जनता की खुले दिल से सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में हिमाचल को 'पावन देवभूमि' की संज्ञा देते हुए कहा कि यह प्रदेश अपनी प्राचीन परंपराओं, विशिष्ट सांस्कृतिक धरोहर और यहां के लोगों की कर्मठता, कर्तव्यनिष्ठा एवं विनम्रता के कारण देश में विशेष पहचान रखता है। उन्होंने प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि हिमाचल निरंतर विकास और समृद्धि के पथ पर अग्रसर रहेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के वरिष्ठ नेता जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तथा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने भी हिमाचल दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

नेताओं ने कहा कि यह भूमि अपनी प्राकृतिक छटा और गौरवशाली विरासत के कारण पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश विकास, सुशासन और खुशहाली के नए आयाम स्थापित करता रहेगा तथा अपनी विशिष्ट पहचान को और सशक्त बनाएगा।

# घुमारवीं में महिला ने कंडक्टर को चप्पल से पीटा, दोनों पक्षों ने कराई एफआईआर

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** बिलासपुर जिले के घुमारवीं में एक महिला द्वारा प्राइवेट बस कंडक्टर की चप्पल से पिटाई का मामला सामने आया है। 3 मिनट 42 सेकेंड के इस वीडियों में महिला लगातार चप्पल से कंडक्टर के मुंह पर वार करते दिख रही है। एक अन्य महिला भी कंडक्टर की पीठ पर चप्पल से वार करती है। इस मामले में कंडक्टर और महिला दोनों ने घुमारवीं थाने में एफआईआर करवा दी है। यह घटना बीते मंगलवार की घुमारवीं बस स्टैंड की है।

घुमारवीं बस स्टैंड पर उस समय हंगामा मच गया जब दो महिलाओं ने निजी बस परिचालक पर चप्पलों व जूतों से खूब छित्तर-परेड की। लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इससे जुड़ा वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। घुमारवी निवासी कंडक्टर जोगेंद्र सिंह ने भराड़ी की रहने वाली वंदना के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करवाया है। इसके बाद महिला ने भी कंडक्टर के खिलाफ एफआईआर करवा दी है।

### अपनी सफाई में भगवान मां और बच्चों की कसमें खा रहा कंडक्टर

**वीडियो** में जोगेंद्र खुद को निर्दोष बताते हुए बार-बार सफाई देता नजर आ रहा है। वह, भगवान, मां व बच्चों की कसम खाकर कह रहा है कि उसने महिला के बारे में कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की। मगर महिला पिटाई करने से पीछे नहीं हटती।

### वंदना बोली- कंडक्टर ने मेरा घर कर दिया बर्बाद

**वीडियो** में वंदना कहते हुए सुनाई दे रही हैं कि कंडक्टर ने उसके चरित्र पर टिप्पणी की और उसे बदनाम किया। महिला का आरोप है कि कंडक्टर ने उसके बारे में गलत बातें कहकर उसका घर बर्बाद कर दिया। वंदना कहती है कि कंडक्टर ने कहा कि वह किसी के साथ होटल जाती है।

# माफिया का संरक्षण ममता दीदी की असली पहचान: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को बंगाल विधानसभा चुनाव के अंतर्गत दमदम विधानसभा में आयोजित विशाल जनसभा और रोड शो को संबोधित करते हुए कहा कि ममता दीदी भारत के इतिहास की इकलौती ऐसी मुख्यमंत्री हैं जो बांग्लादेशी घुसपैठियों, गोतस्करों, नकली करेंसी और फर्जी आधार कार्ड बनाने वालों को संरक्षण देती हैं। उन्होंने कहा कि चार मई आएगी और ममता सरकार जाएगी।



अनुराग ने कहा कि आज बंगाल बदलाव चाहता है। एक भयमुक्त और सुशासन युक्त सरकार हर बंगाली मानुष की प्राथमिकता है। भाजपा कार्यकर्ता पूरे बंगाल में सड़कों पर पसीना बहा रहे हैं ताकि टीएमसी अब और खूनी खेल न खेल सके। उन्होंने कहा कि ममता सरकार के आतंक से मुक्ति पाने के लिए जनता भाजपा के साथ आने को तैयार है और आम जनमानस ने सरकार को उखाड़ने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद जनता के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवां वेतन आयोग लागू किया जाएगा। महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 3 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। राज्य में आयुष्मान योजना लागू की जाएगी जिससे लोगों को इलाज में राहत मिलेगी। छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। बेरोजगार युवाओं को हर माह 3 हजार का भत्ता दिया जाएगा। गो तस्करी रोकने के लिए सीमाओं को सख्ती से नियंत्रित किया जाएगा। 75 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी तथा राज्य की बसों में महिलाओं का सफर मुफ्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये सभी कदम सोनार बंग्ला के निर्माण में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

# स्टोन क्रशर मामले में उमेश और प्रवीण ने कोर्ट में किया सरेंडर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की समय सीमा मुकम्मल होते ही बुधवार को स्थानीय विधायक आशीष शर्मा के भाई उमेश शर्मा और चाचा प्रवीण ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वीरवार तक उन्हें पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। एसपी बलवीर सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक चार सप्ताह में इन दोनों को सरेंडर करना था। अब वीरवार दोपहर 12:00 बजे इन दोनों गिरफ्तारों को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। इनके खिलाफ सुजानपुर पुलिस स्टेशन में स्टोन क्रशर के मामलों को लेकर मामला दर्ज है। उसी के आधार पर जांच चल रही है। पुलिस ने बताया कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेज और रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं तथा आर्थिक लेन-देन की भी बारीकी से जांच की जा रही है। वहीं अदालत ने भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच प्रक्रिया में किसी तरह की ढिलाई न बरती जाए और तय समय में रिपोर्ट पेश की जाए, जिससे मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।

# हिमाचल दिवस परेड में तोंद वाले पुलिसकर्मियों की एंट्री पर बवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल दिवस की परेड में तोंद निकले पुलिसकर्मियों की भागीदारी को लेकर प्रदेश में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी को नोटिस जारी होने से विभाग में हलचल तेज हो गई है। जुब्बल-कोटखाई से पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी सुमन कदम ने यह नोटिस जारी करते हुए परेड रिहर्सल की तस्वीरें भी संलग्न की हैं, जिनमें कई पुलिसकर्मी फिटनेस मानकों से नीचे दिखाई दे रहे हैं। इस घटनाक्रम ने न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली बल्कि उसकी सार्वजनिक छवि पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब यह आयोजन राज्य के गौरव और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है।

गौरतलब है कि अगस्त 2010 में ही हिमाचल प्रदेश पुलिस के तत्कालीन महानिदेशक द्वारा एक सर्कुलर जारी कर सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए थे कि ओवरवेट पुलिसकर्मियों की पहचान कर उन्हें इंदौरा (कांगड़ा) स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में सख्त शारीरिक प्रशिक्षण के लिए भेजा जाए और उनके खानपान पर भी नियंत्रण रखा जाए।

- डीजीपी को नोटिस जारी होने से मचा हड़कंप
- सुमन कदम ने उठाए परेड में ओवरवेट पुलिसकर्मियों पर सवाल

बावजूद इसके, शिमला में मार्चपास्ट रिहर्सल के दौरान ऐसे पुलिसकर्मियों का शामिल होना इस बात का संकेत है कि नियमों के पालन में कहीं न कहीं ढिलाई बरती जा रही है। इस पूरे मामले ने सरकार और पुलिस प्रशासन दोनों के लिए चुनौती खड़ी कर दी है, क्योंकि अब जवाबदेही तय करने और फिटनेस मानकों को सख्ती से लागू करने की मांग तेज हो गई

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर भरोसा खत्म पुराने वादों का दें हिसाब: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं और वादों पर अब जनता का भरोसा खत्म हो चुका है, क्योंकि अब तक किए गए अधिकांश वादे पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल समय बिताने के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में कोरी घोषणाएं कर रही है, जबकि चुनाव के दौरान पूरे प्रदेश को गारंटियां दी गई थीं, जिनका कहीं भी प्रभावी क्रियान्वयन नजर नहीं आता।

जयराम ठाकुर शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कर्मचारियों की वेतन कटौती और बागी विधायकों की पेंशन से जुड़े फैसलों को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि ये फैसले न तो कानून सम्मत थे और न ही व्यावहारिक, जिसका परिणाम यह हुआ कि अदालत ने इन्हें खारिज कर दिया। इससे न केवल सरकार बल्कि


नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

सदन की गरिमा भी प्रभावित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बिना सोच-विचार और नियम-कानून के फैसले ले रही है, जिससे लगातार उसकी छवि को नुकसान पहुंच रहा है और 'व्यवस्था परिवर्तन' का दावा भी मजाक बनकर रह गया है।

उन्होंने सरकाघाट में हुए हत्याकांड को लेकर सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक हो गई है। उन्होंने कहा कि अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और बेटियों की सुरक्षा तक सवालों के घेरे में है, लेकिन सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा और सरकार को जवाबदेह बनाता रहेगा।

- चुनावी गारंटियों को लेकर सरकार पर उठाए सवाल
- कानूनी फैसलों में चूक से सरकार की हुई किरकिरी

## मिसाल संवेदनशील फैसले से कर्मचारियों को राहत और भरोसे का पैगाम

# सुक्खू सरकार ने दिखाए मजबूत इरादे

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल दिवस के अवसर पर सुक्खू सरकार ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए बड़ा और संतुलित फैसला लिया है। आर्थिक चुनौतियों के बीच भी सरकार ने कर्मचारियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए वेतन कटौती से जुड़े प्रस्ताव पर पुनर्विचार कर एक सकारात्मक और राहत भरा निर्णय लिया है। इस फैसले ने जहां सरकारी कर्मचारियों के बीच भरोसे को मजबूत किया है, वहीं आम जनता में भी सरकार की नीतियों के प्रति एक नई उम्मीद और एतबार पैदा किया है।

जानकार बताते हैं कि प्रदेश सरकार ने जिस समझदारी और सूझबूझ के साथ हालात का जायजा लेकर यह निर्णय लिया है, वह इस बात का संकेत है कि सरकार केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत और लोगों की भावनाओं को भी बराबर अहमियत देती है। आर्थिक संकट के दौर में भी कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा को बनाए रखना एक बड़ा और सराहनीय कदम माना जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार का मकसद केवल वित्तीय संतुलन नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन भी बनाए रखना है।

### जनहित सर्वोपरि, विकास की रफ्तार बरकरार

**बहरहाल** सरकार का यह कदम यह साबित करता है कि प्रदेश के विकास की रफ्तार को बनाए रखते हुए भी जनहित को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। आने वाले समय में भी इसी तरह संतुलित और जनोन्मुखी फैसलों से हिमाचल एक मजबूत और समृद्ध राज्य के रूप में आगे बढ़ता रहेगा।

मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार लगातार यह संदेश देने में सफल रही है कि विकास और संवेदनशीलता साथ-साथ चल सकते हैं। पहले लिए गए निर्णयों पर पुनर्विचार करना और बेहतर विकल्प चुनना एक मजबूत नेतृत्व की पहचान है। यह फैसला दर्शाता है कि सरकार परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने और जनभावनाओं का सम्मान करने में विश्वास रखती है।

बता दें कि इस निर्णय से प्रदेश के हजारों अधिकारियों और कर्मचारियों को सीधी राहत मिली है, जिससे उनका मनोबल भी ऊंचा हुआ है। जब कर्मचारी खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करते हैं, तो उसका सीधा असर उनकी कार्यक्षमता और प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ता है। यही वजह है कि इस फैसले को एक सकारात्मक प्रशासनिक सुधार के रूप में भी देखा जा रहा है।

इसके अलावा इस निर्णय को लेकर प्रदेशभर में सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है। विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए इसे समयानुकूल और संतुलित फैसला बताया है। उनका कहना है कि आर्थिक दबाव के बावजूद कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाता है। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे निर्णय प्रशासनिक स्थिरता को मजबूत करते हैं। आने वाले समय में इस फैसले का असर नीतिगत स्तर पर भी देखने को मिल सकता है, जिससे सरकार और कर्मचारियों के बीच समन्वय और बेहतर होगा। कुल मिलाकर यह निर्णय न केवल वर्तमान परिस्थितियों में राहत देने वाला है, बल्कि भविष्य में भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

# 8 लाख महिलाओं से वादा, अब सीमित दायरे में: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदेश की राजनीति में उस समय तीखापन आ गया जब भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की 1500 प्रतिमाह योजना को लेकर कड़ी आलोचना की। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण के बजाय 'महिला शक्ति के साथ बड़ा धोखा' करार देते हुए



कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस ने लगभग 28 लाख महिलाओं से यह वादा किया था, लेकिन अब इसे केवल जनजातीय क्षेत्रों तक सीमित कर दिया गया है। जमवाल ने आरोप लगाया कि यह न केवल वादाखिलाफी है बल्कि मातृशक्ति के विश्वास के साथ खिलवाड़ भी है।

- बोले, हिमाचल दिवस बना इवेंट मैनेजमेंट, सरकार कर रही भ्रामक घोषणाएं

उन्होंने कहा कि सरकार की घोषणाओं में स्पष्टता का अभाव है और यह भी तय नहीं है कि जिन महिलाओं के लिए योजना की घोषणा की जा रही है, उन्हें वास्तव में लाभ मिल पाएगा या नहीं। उनके अनुसार प्रदेश इस समय आर्थिक संकट से गुजर रहा है, कर्मचारियों के भुगतान लंबित हैं और विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, ऐसे में बिना ठोस वित्तीय व्यवस्था के इस प्रकार की घोषणाएं करना केवल जनता को गुमराह करने का प्रयास है। उन्होंने सरकार को घोषणा सरकार बताते हुए कहा कि हिमाचल दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर को भी प्रचार का माध्यम बना दिया गया है।

# 'पोस्टिंग विदाउट पोस्ट' का बढ़ता ट्रेंड, स्कूलों की बजाए डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में तैनाती

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** प्रदेश के शिक्षा विभाग में 'पोस्टिंग विदाउट पोस्ट' का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। हालात यह हैं कि जिन शिक्षकों और प्रिंसिपलों को स्कूलों में पढ़ाने और प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाने के लिए पदोन्नत किया गया, उन्हें डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में तैनात किया जा रहा है। हमीरपुर में सेकेंडरी शिक्षा विभाग में चार और एलिमेंट्री में दो टीजीटी कार्यालयों में ज्वाइन कर चुके हैं, जबकि आगे और तैनातियों की संभावना भी जताई जा रही है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि प्रिंसिपलों को कार्यालयों में ही बैठाना है, तो फिर उनके प्रमोशन का उद्देश्य क्या है। कई मामलों में शिक्षक दूरदराज के स्कूलों में केवल औपचारिक ज्वाइनिंग कर रहे हैं, जबकि उनकी वास्तविक ड्यूटी कार्यालयों में लगाई जा रही है। इससे यह धारणा बन रही है कि क्या अब प्रिंसिपल और शिक्षक क्लर्क की भूमिका निभाने के लिए ही पदोन्नत किए जा रहे हैं। इससे शिक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना तय माना जा रहा है।

हमीरपुर के डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों की स्थिति इस व्यवस्था की सच्चाई को उजागर करती है। सेकेंडरी विभाग में पहले से मौजूद दो शिक्षकों के साथ दो और जुड़ चुके हैं, जिससे कुल संख्या 4 हो गई है। वहीं एलिमेंट्री शिक्षा कार्यालय में भी दो शिक्षक इसी प्रकार की भूमिका निभा रहे हैं। सवाल यह है कि जब इनकी तैनाती स्कूलों में की गई थी, तो फिर इन्हें कार्यालयों में क्यों बैठाया जा रहा है।

असल समस्या 'पिक एंड चूज' की नीति को माना जा रहा है, जो लंबे समय से जारी है और अब यह एक नियमित प्रक्रिया बन चुकी है। शिक्षकों को उनकी सुविधा के अनुसार तैनाती मिल रही है, जिससे नियमों की अनदेखी हो रही है। कई मामलों में वेतन एक स्थान से और ड्यूटी दूसरे स्थान पर दी जा रही है, जिससे वित्तीय पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

डिप्टी डायरेक्टर हमीरपुर मोहराम चौहान से संपर्क नहीं हो सका, जिससे स्थिति पर स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई। विभाग द्वारा जारी सूची में भी कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां ड्यूटी और वेतन अलग-अलग स्थानों से जुड़े हैं। इस पूरी व्यवस्था को लेकर शिक्षा विभाग में चर्चाएं तेज हैं व अब सभी की नजर इस पर है कि इसमें सुधार कब और कैसे होगा।

# ढगवार में आधुनिक मिल्क प्लांट से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : चंद्र

## धर्मशाला में कृषि मंत्री ने हिमाचल दिवस पर फहराया ध्वज, शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार की पत्नी को किया सम्मानित

◆ उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्व डिविजनल फायर आफिसर प्रो. बहल सम्मानित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कृषि एवं पशु पालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर धर्मशाला के पुलिस मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ध्वजारोहण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर चंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार पिछले तीन वर्षों से व्यवस्था परिवर्तन के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए प्रदेश के विकास और जन कल्याण की दिशा में आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले के ढगवार में 225 करोड़ से अधिक की राशि से अत्याधुनिक मिल्क प्लांट का निर्माण किया जा रहा है।



हिमाचल दिवस पर कलाकारों ने देशभक्ति व लोक गीतों से बांधा समां। अनंत ज्ञान

इससे बड़ी संख्या में पशु पालन से जुड़े परिवारों को लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिकी मजबूत होगी। परेड कमांडर आदर्श बरयाल के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया गया तथा डाइट धर्मशाला की छात्राओं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकोह, राजकीय उच्च विद्यालय केंड, केंद्रीय विद्यालय धर्मशाला, सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने देशभक्ति तथा लोक गीतों एवं विकास गीतों पर आधारित प्रस्तुतियां भी दीं। इस अवसर पर रेडक्रॉस के लक्की ड्रॉ भी निकाले गए। इस अवसर पर आप्रेशन सिंदूर के दौरान वीरगति को प्राप्त करने वाले सूबेदार मेजर पवन कुमार जिन्हें सेना मेडल भी मिला है कि पत्नी सुषमा देवी को भी मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण में बेहतरीन कार्य करने वाले पूर्व डिविजनल फायर आफिसर प्रो. बीएस बहल को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में फिन्ना सिंह मध्यम सिंचाई योजना एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण परियोजना है। इस योजना के लिए 643.68 करोड़ की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से अब तक 318.56 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं और लगभग 49 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पशुपालकों से गाय और भैंस के दूध की खरीद देश भर की तुलना में सर्वाधिक समर्थन मूल्य पर कर रही है। गाय के दूध पर समर्थन मूल्य 32 से बढ़ाकर 61 रुपये प्रति लीटर तथा भैंस के दूध पर 47 से 71 रुपए प्रति लीटर किया गया है और हमारी सरकार ने गद्दी और अन्य संबंधित समुदायों के 40 हजार से अधिक परिवारों के लिए एक सशक्त नीति बनाने के लिए 300 करोड़ रुपए की पीईएचएल योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल, हिमाचल प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष प्रभात चंद, परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा, एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा, आरटीए के सदस्य सुरेश पप्पी, राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक पुनीत मल्ही, उपायुक्त हेमराज बैरवा आदि मौजूद रहे।

### पर्यटन को बढ़ावा दे रही सरकार

**प्रो.** चंद कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक, धार्मिक, साहसिक, आध्यात्मिक और स्वास्थ्य पर्यटन को बड़े स्तर पर बढ़ावा दे रही है। जिले को हिमाचल की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई है तथा 3 हजार 349 करोड़ रुपए के पुनर्वास और पुनर्स्थापन योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेशभर में हेलीपोर्ट, हेलीपैड, रोप-वे निर्माण, ईको पर्यटन स्थल, स्काई वॉक ब्रिज आदि के विकास से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। सैलानियों में ईको पर्यटन के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए प्रदेश में 50 नए ईको टूरिज्म स्थल विकसित करने का निर्णय लिया है।

# रछियालु में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

अनंत ज्ञान

**गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट के सामने 17 अप्रैल से रछियालू नाइट क्रिकेट कप का मंच सजने जा रहा है। खेल एवं सांस्कृतिक क्लब रछियालू बेंटलू द्वारा आयोजित इस पांचवें संस्करण को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन समिति के सदस्य पंकज, साहिल, कपिल, कुलवंत, अमित, गोल्डी, शुभम और बलजीत इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए लगातार जुटे हुए हैं।

स्थानीय युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों में इस टूर्नामेंट को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता ग्रीन कोस्को बॉल से खेली जाएगी और प्रत्येक मुकाबला 8 ओवर का होगा, जिसमें 9-9 खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजकों के अनुसार खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए हर टीम में एक अंडर-19 खिलाड़ी का होना अनिवार्य रखा गया है। विजेता टीम को 61,000 रुपए और उपविजेता को 41,000 रुपए का नकद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 8,100 रुपए तथा बेस्ट बैट्समैन और बॉलर को 3,100-3,100 रुपए दिए जाएंगे। टूर्नामेंट की एंट्री फीस 3,600 रुपए निर्धारित की गई है। इच्छुक टीमें 9459754811 और 9817755544 पर संपर्क कर पंजीकरण करवा सकती हैं। आयोजकों ने बताया कि यह प्रतियोगिता युवाओं में खेल भावना, फिटनेस और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगी। यह टूर्नामेंट स्थानीय स्तर पर क्रिकेट प्रतिभा को पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आयोजन स्थल पर रात्री मैचों के लिए विशेष प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। दर्शकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। आयोजन समिति ने सभी टीमों से अनुशासन और खेल भावना बनाए रखने की अपील की है।

# समाज में शिक्षा, समानता और भाईचारे को मजबूत करने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भारत रत्न भीमराव अंबेडकर सामाजिक संगठन, लंडियाडा की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संगठन के सदस्यों और क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में यशवंत सिंह, प्रेम चंद, तिलक राज, होशियार सिंह, पूर्ण चंद, देसराज, सुभाष, राकेश कुमार, राज कुमार, जितेंद्र, सुरेश कुमार एवं रामदास सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया, जिसे अपनाने की आवश्यकता है। पूर्व प्रधान धर्मचंद एवं सचिव नवजीत भाटिया भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज में भाईचारे और समानता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने और समाज में शिक्षा, समानता तथा भाईचारे को मजबूत करने का पुनः संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई ताकि सामाजिक जागरूकता और एकता को बढ़ावा मिल सके। आभार व्यक्त किया गया है

# तृप्ता स्कूल चलवाड़ा में हवन यज्ञ

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल, प्रधानाचार्य राकेश राणा, प्रबंधन समिति के सदस्य तथा समस्त अध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान को साक्षी मानकर विशेष पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

इसके पश्चात विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो गया। इसके बाद विधिवत हवन का आयोजन किया गया, जिसमें चेयरमैन, प्रधानाचार्य और सभी स्टाफ सदस्यों ने आहुतियां अर्पित कीं।



हवन कर सुख, शांति और उज्जवल भविष्य की कामना की। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर सभी ने विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ के लिए सुख, शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि और उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं कीं। साथ ही आपसी सहयोग, प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया गया। चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और प्रधानाचार्य राकेश राणा ने अपने संदेश में कहा कि किसी भी कार्य की सफलता से पहले ईश्वर का आशीर्वाद लेना आवश्यक है, जिससे कार्य शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक पूर्ण होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी स्टाफ के लिए भोजन का भी आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय की परंपरा, एकता और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करने वाला रहा तथा सभी के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# हिमाचल दिवस पर सीएम की चुप्पी से पेंशनरों में भारी आक्रोश : भंडारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वॉइंट फ्रंट ने छठे वेतन आयोग के एरियर को लेकर सरकार के टालमटोल रवैये की कड़ी निंदा करते हुए शीघ्र वार्ता की मांग की है। फ्रंट के मुख्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि हिमाचल दिवस पर मुख्यमंत्री के संबोधन में पेंशनरों की लंबित मांगों पर चुप्पी से प्रदेश के लाखों पेंशनरों में गहरी निराशा और हताशा है।



उन्होंने कहा कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एरियर का भुगतान लंबित है, जो गंभीर चिंता का विषय है। केवल चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों के ग्रेच्युटी और लीव-एनकैशमेंट भुगतान की घोषणा की पुनरावृत्ति की गई, जबकि अन्य वर्गों को नजरअंदाज किया गया। फ्रंट ने आरोप लगाया कि डीए की किस्तों में भी विसंगति बनी हुई है और 4 प्रतिशत के स्थान पर 3 प्रतिशत डीए दिए जाने की त्रुटि को भी अभी तक दूर नहीं किया गया है। इसके अलावा भारी-भरकम चिकित्सा बिलों का भुगतान महीनों से लंबित है, जिससे बुजुर्ग पेंशनर आर्थिक संकट झेल रहे हैं। पथ परिवहन निगम और विद्युत बोर्ड के पेंशनरों को समय पर पेंशन न मिलना भी गंभीर मुद्दा बताया गया। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार ने 17 दिसंबर 2025 को घुमारवीं में आयोजित महासम्मेलन में इन देनदारियों के निपटारे का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस है। फ्रंट ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र औपचारिक वार्ता कर ठोस निर्णय नहीं लिया तो पेंशनर अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि इसी माह बैठक कर लंबित भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# रेडक्रॉस ने निकाले लकी बैग ड्रॉ, प्रथम पुरस्कार मोटरसाइकिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा द्वारा आज पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में हिमाचल दिवस के कार्यक्रम के दौरान अंतर्गत लकी बैग ड्रॉ निकाले गए। ड्रॉ के अनुसार, प्रथम पुरस्कार मोटरसाइकिल टिकट संख्या 039555 को प्राप्त हुआ। द्वितीय पुरस्कार लैपटॉप टिकट संख्या 019164, तृतीय पुरस्कार 32 इंच एलईडी टीवी टिकट संख्या 084742, चतुर्थ पुरस्कार रेफ्रिजरेटर टिकट संख्या 082301 तथा पांचवा पुरस्कार सेमी वॉशिंग मशीन टिकट संख्या 039156 को मिला। इसी प्रकार माइक्रोवेव ओवन टिकट संख्या 019289, वॉटर प्यूरीफायर टिकट संख्या 082423 तथा सीलिंग फैन के लिए टिकट संख्या 003255 एवं 051347 विजेता रहे। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार 2500 रुपए के लिए टिकट संख्या 022320 एवं 052836 को विजेता घोषित किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा के सचिव ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें अपने पुरस्कार प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संपर्क करने का आग्रह किया है।

◆ टिकट नंबर 022320 को सांत्वना पुरस्कार 2500 रुपए

## कालेश्वर में राज्यस्तरीय बैसाखी मेले का समापन

# मेले हमारी अनमोल सांस्कृतिक धरोहर सहेजकर रखा सबका दायित्व : विवेक

◆ कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** ऐतिहासिक धरोहर और समृद्ध लोक संस्कृति के प्रतीक कालेश्वर के राज्यस्तरीय बैसाखी मेला-2026 का विधिवत समापन बुधवार को श्री कालीनाथ मंदिर परिसर कालेश्वर में संपन्न हुआ। समारोह में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि प्रदेश अन्य कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरिंद्र मनकोटिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने अतिथियों का पारंपरिक हिमाचली शॉल व टोपी पहनाकर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों और स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरा आयोजन स्थल लोक रंग में रंग गया। ममता भारद्वाज और सौरव शर्मा की पहाड़ी एवं हिंदी गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक विवेक ने संबोधन में कहा कि हिमाचल की असली पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और मेलों में निहित है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में भी इन परंपराओं को सहेजना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए प्रशासन और स्थानीय जनता को बधाई दी। इस समापन अवसर पर मेला अधिकारी एवं एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन, तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा, तहसीलदार देहरा कर्मचंद और नायब तहसीलदार परागपुर बलविंदर सिंह सहित श्री कालीनाथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# देहरा में केंद्रीय पुस्तकालय की स्थापना को लेकर चर्चा

## सीयू पुस्तकालय सलाहकार समिति की बैठक में हुआ कई बिंदुओं पर विमर्श

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय पुस्तकालय सलाहकार समिति की बैठक में एजेंडा बिंदुओं के तहत उपलब्धियों तथा चल रही परियोजनाओं की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसमें देहरा स्थित विश्वविद्यालय के नव-निर्मित स्थायी परिसर में केंद्रीय पुस्तकालय की स्थापना भी शामिल है। बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अन्य एजेंडा बिंदुओं में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुद्रित एवं डिजिटल सामग्री की खरीद संबंधी अद्यतन जानकारी, आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट आवंटन, पुस्तकालय एवं सूचना सेवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग, अनुसंधान एवं नैतिकता नीतियों पर चर्चा और पुस्तकालय में कर्मचारियों की व्यवस्था से संबंधित विषय शामिल रहे। विश्वविद्यालय पुस्तकालय सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. सत प्रकाश बंसल ने सदस्यों को पुस्तकालय से संबंधित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विषयों पर विचार-विमर्श के लिए आमंत्रित किया। कुलपति प्रो. बंसल एवं समिति के सदस्यों ने अनुसंधान-उन्मुख विश्वविद्यालय प्रणाली में एक गतिशील एवं सशक्त पुस्तकालय तथा सूचना सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में अनुसंधान परिणामों, नवीन पद्धतियों तथा विकासात्मक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए 'टीम लाइब्रेरी' की ओर से किए जा रहे प्रयासों एवं पहलों की सराहना की। बैठक के अंत में, विश्वविद्यालय लाइब्रेरियन डॉ. विक्रम शर्मा ने कुलपति, अन्य प्रमुख पदाधिकारियों तथा समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह संकल्प भी दोहराया कि 'टीम लाइब्रेरी' गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने तथा उत्कृष्टता के मानकों को और ऊंचा उठाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



कुलपति प्रो. सत बंसल ने की बैठक की अध्यक्षता। अनंत ज्ञान

# प्रदेश में अपराधियों, भू और ड्रग्स माफिया को सरकार का संरक्षण : राकेश शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने धर्मशाला से जारी बयान में सुक्खू सरकार पर भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून-व्यवस्था, चिट्टा व खनन माफिया और जनविरोधी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार को 'निकम्मी' बताते हुए कहा कि तीन वर्षों में प्रदेश को पीछे धकेल दिया गया है। उन्होंने सरकाघाट में 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा सिया की हत्या पर गहरा रोष जताते हुए कहा कि यह घटना कानून-व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है। राकेश ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर अधिकारी भी एक-दूसरे पर सवाल उठा रहे हैं, जो शासन की विफलता दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी बढ़ रही है, सरकारी नौकरियां ठप हैं और युवा निराश हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नशे और अपराध का जाल तेजी से फैल रहा है, जिससे प्रदेश की स्थिति गंभीर हो गई है।

# लंबित महंगाई भत्ते, वेतन एरियर को तरसे कर्मचारी

◆ प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने की महंगाई भत्ता जारी करने की मांग

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा ने संयुक्त रूप से सरकार से लंबित 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) तथा छठे वेतन आयोग के वेतन एरियर को क्रमबद्ध तरीके से जारी करने की मांग की है। संघ ने कहा कि पहले कर्मचारियों को वर्ष में दो बार जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ते की किस्तें मिलती थीं, जिससे उन्हें महंगाई से राहत और आर्थिक स्वतंत्रता मिलती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से महंगाई चरम पर है और वेतन लगभग स्थिर है, जिससे प्रवक्ताओं सहित अन्य कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने कहा कि कर्मचारी पूर्ण रूप से मासिक वेतन पर निर्भर होते हैं और उनका पूरा बजट घरेलू जिम्मेदारियों के अनुसार पहले से तय होता है।

ऐसे में महंगाई भत्ता ही उन्हें कुछ राहत प्रदान करता था, जो अब लगभग रुका हुआ है। इससे कर्मचारियों में निराशा और हतोत्साह बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार मांग उठाने पर सरकार राज्य की आर्थिक स्थिति का हवाला देकर कर्मचारियों की मांगों को टाल देती है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ने पुरानी पेंशन बहाल कर कर्मचारी हितैषी होने का परिचय दिया, लेकिन इसके बदले अन्य वित्तीय लाभों में कटौती या विलंब देखा गया है। विशेष अवसरों जैसे 25 जनवरी और 15 अप्रैल को भी कर्मचारियों को राहत की उम्मीद रहती है, लेकिन निराशा ही हाथ लगती है। संघ ने आग्रह किया कि वित्तीय देनदारियों को एकमुश्त न देकर एक व्यवस्थित और चरणबद्ध योजना के तहत जारी किया जाए, ताकि सरकार की कर्मचारी हितैषी छवि मजबूत हो सके। कर्मचारियों को उनका हक मिलने से वे अधिक उत्साह के साथ राज्य के विकास में योगदान दे सकेंगे।

# 'स्वेटर' : प्रेम, विरह और स्त्री संवेदना का मार्मिक काव्य-संग्रह

अनंत ज्ञान

**पुस्तक समीक्षा**



समीक्षक- सुरेंद्र पाल सोनी 'काकड़ौद'



कवयित्री- सरिता सरीन मलिक

**नगरोटा बगवां।** 'स्वेटर', सरिता सरीन मलिक का एक अत्यंत संवेदनशील काव्य-संग्रह है, जिसमें प्रेम, विरह और स्त्री-विमर्श के विविध आयामों को गहराई से अभिव्यक्त किया गया है। इस संग्रह की मूल संवेदना प्रेम के उस यथार्थ को सामने लाती है, जिसमें प्रतिदान के रूप में अक्सर पीड़ा, बिछोह और आंतरिक द्वंद्व ही प्राप्त होते हैं। 'पत्थर-2' की पंक्ति 'प्रेम का प्रतिदान दर्द है' पूरे संग्रह की केंद्रीय भावना को सशक्त रूप से व्यक्त करती है।

कवयित्री की रचनाएं मैटाफिजिकल और यथार्थवादी दोनों धरातलों पर संचरित होती हैं। ये कविताएं आदर्शवादी प्रेम की बजाय वास्तविक, मानवीय अनुभवों से उपजे प्रेम को प्रस्तुत करती हैं। 'स्वेटर', 'इंतजार', 'कैक्टस', 'डोर' और 'आखिर क्यों' जैसी कविताएं प्रेम के विभिन्न रूपों-स्वीकार्यता, त्याग, आशा, निराशा और आत्मसंघर्ष को उजागर करती हैं। इन रचनाओं में प्रयुक्त बिम्ब और प्रतीक केवल अलंकार नहीं, बल्कि प्रेम के गहरे भावों के वाहक बन जाते हैं। स्त्री-विमर्श की दृष्टि से भी यह संग्रह महत्वपूर्ण है। 'दीवार' कविता में नारी की सहनशीलता और मौन पीड़ा को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाया गया है, जबकि 'स्वार्थ अपने-अपने' में आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की भावना प्रकट होती है। 'तलाक' और 'ठूंठ' जैसी कविताएं जीवन के कठोर यथार्थ और समझौतों की विवशता को सामने लाती हैं। कवयित्री ने उर्दू, अरबी, फारसी और अंग्रेजी शब्दों का सहज प्रयोग कर भाषा को समृद्ध बनाया है। उनकी कविताओं में गहरी रूहानियत, भावनात्मक तीव्रता और आत्मिक संघर्ष स्पष्ट झलकता है। समग्र रूप से यह संग्रह प्रेम और विरह की ऐसी मार्मिक अभिव्यक्ति है, जो पाठक को आत्ममंथन के साथ-साथ जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की प्रेरणा देता है। 112 पृष्ठ के कविता-संग्रह 'स्वेटर' का मूल्य 190 रुपए है तथा इसका प्रकाशन वर्ष- 2022 प्रकाशक सप्तर्षि प्रकाशन, चंडीगढ़ ने किया है। कुल, मिलाकर, यह कविता-संग्रह संकीर्ण सामाजिकता के प्रति अनुक्रियात्मक रहने और स्वयं को सशक्त बनाने के साथ-साथ समाज से भी बदलाव की आशा रखता है। आप भी बुनिए ना, मेरा मतलब पढ़िए ना 'स्वेटर'!

# डरोह और बारी क्षेत्र में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** 33/11 केवी सब स्टेशन कुरल तथा 33 केवी दैहण कुरल लाइन की उचित रख-रखाव एवं मरम्मत हेतु विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 17 अप्रैल को बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसके चलते डरोह, बारी, बस्केहड़, पीटीसी डरोह, अटियालादाई, बोदा जैंद, खडुल, भोडा, कलेहड़, केदारा, मरूंह, भेडू ब्लॉक कार्यालय, सिहोल, धीरा, कुहाना, नौरा, डईं, गगलखोली, भदारोल, सुलह, कुरल, मट्ट, ननाओं, हार बर्ल व ककड़ें में सुबह 9:30 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी तथा खराब मौसम होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार, सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति और अधिक सुचारु एवं स्थिर हो जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

# डूकी गांव में 73 लोगों का जांचा स्वास्थ्य




सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** कस्बा जागीर पंचायत के डूकी गांव में बुधवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर एमओ डॉ. विजय जरियाल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर में 73 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 38 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। 14 मरीज हड्डियों से संबंधित रोगों से पीड़ित पाए गए, जबकि 7 मरीज शुगर और 12 मरीज उच्च रक्तचाप (बीपी) के रोगी मिले। इसके अलावा 3 स्त्री रोग से संबंधित मरीज तथा 37 सामान्य रोगों से ग्रसित मरीजों का उपचार किया गया। शिविर के दौरान सभी मरीजों की विस्तृत जांच के बाद उन्हें उचित रहन-सहन और संतुलित खानपान अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पंचायत सदस्यों व गणमान्य लोगों ने मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर के आयोजन के लिए सांसद अनुराग का आभार व्यक्त किया।

## डाडासीबा में 18 को लगेगा निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडा सीबा में श्री छिन्नमस्तिका ग्रुप ऑफ आई केयर सेंटर में 18 अप्रैल को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के लोग अपनी आंखों से जुड़ी समस्याओं की जांच करवा सकेंगे। चीफ आई सर्जन डॉ. आशीष साहनी, जो स्वामी पिंडी दास जी चैरिटेबल आई हॉस्पिटल (अंब) में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, स्वयं मरीजों की जांच करेंगे। उनके साथ वरिष्ठ ऑप्थाल्मिक ऑफिसर मोहित लठ भी मौजूद रहेंगे, जो अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ मरीजों को परामर्श देंगे।

# डाडासीबा-ढलियारा मार्ग पर पैचवर्क शुरू

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा से ढलियारा मार्ग पर बीहण, लंबी पुखर, बरवाड़ा, बढ़लठोर और चनौर क्षेत्रों में लंबे समय से सड़क की स्थिति खराब बनी हुई थी। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने के कारण स्थानीय लोगों, राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब लोक निर्माण विभाग देहरा द्वारा इस मार्ग पर पैचवर्क का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे सड़क की हालत में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिल रहा है। कार्य शुरू होने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है और यात्रा पहले की तुलना में अधिक सुगम हो गई है। स्थानीय लोगों ने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे लंबे समय से सड़क मरम्मत की मांग कर रहे थे, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इस मरम्मत कार्य से न केवल आवागमन बेहतर होगा बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी कम होगा। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही पूरी सड़क मजबूत और सुरक्षित बन जाएगी, जिससे क्षेत्रीय संपर्क और विकास को भी गति मिलेगी।

# एचआरटीसी खटखटा सकता है धर्मशाला बस स्टैंड निर्माण को लेकर कोर्ट का दरवाजा

## वेंडर की ओर से लगातार आनाकानी करने के चलते एचआरटीसी प्रबंधन कर रहा विचार

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला स्थित बस अड्डा निर्माण को लेकर एचआरटीसी कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है। वेंडर की ओर से लगातार निर्माण को लेकर आनाकानी करने के चलते एचआरटीसी प्रबंधन कोर्ट जाने पर विचार कर रहा है।



यही नहीं निगम बस चालकों को बस अड्डा में वेंडर की ओर से वसूली जा रही फीस न देने के लिए कह दिया गया है। साथ ही निजी बस चालकों को भी फीस न देने की बात निगम प्रबंधन ने कही है। एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि धर्मशाला बस स्टैंड का कार्य बीओटी या पीपीपी मोड पर था, जिसका निर्माण वेंडर द्वारा किया जाना था, लेकिन वेंडर की ओर से लगातार इस मामले में आनाकानी की जा रही है। ऐसे में अब एचआरटीसी, बहुत जल्द धर्मशाला बस अड्डा को लेकर कोर्ट में जाने वाला है। गौरतलब है कि लंबे समय से धर्मशाला बस अड्डा का निर्माण लंबित है। हालांकि बीच-बीच में प्रक्रिया शुरू होती है, लेकिन फिर से इस पर विराम लग जाता है, ऐसे में अब एचआरटीसी निर्माण को लेकर वेंडर के खिलाफ सख्त कदम उठाने के साथ अपने स्तर पर निर्माण पर भी प्रक्रिया अपनाने की बात कह रही है।

### वेंडर के नाम हो चुकी भूमि लीज

**अजय** वर्मा ने बताया कि बस स्टैंड निर्माण को लेकर भूमि वेंडर के नाम लीज हो चुकी है, ऐसे में उस भूमि पर एचआरटीसी काम नहीं कर सकता। निगम ने एचआरटीसी बसों की फीस को वेंडर द्वारा वसूली जाती थी, उसे बंद कर दिया गया है, साथ ही निजी बस चालकों को भी फीस न देने के लिए कहा गया है।

### अपने स्तर पर निर्माण की अपनाएंगे प्रक्रिया

**एचआरटीसी** उपाध्यक्ष के अनुसार, वेंडर द्वारा बस अड्डा निर्माण जल्द शुरू नहीं करता है तो एचआरटीसी के माध्यम से निर्माण कार्य की प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा। बस अड्डा इतना बढ़िया बनाएंगे कि जो भी पर्यटक यहां आएंगे, उन्हें बस अडडा में आकर किसी रेस्टोरेंट या होटल की फिलिंग आएगी।

### रेस्टोरेंट, होटल जैसी होगी फीलिंग

**अजय** वर्मा ने कहा कि धर्मशाला बस अड्डा का जो पिछला डिजाइन है, जो कि बहुत बढ़िया था, जिस तरह कांगड़ा, ऊना और चिंतपूर्णी के हैं। बस अड्डा के साथ ट्रक यूनियन वाली भूमि को भी जोड़ा गया है, जो कि वेंडर के नाम हो गई है।

# रोजमेरी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन

## 100 फीसदी रहा रिजल्ट, अर्शित माथुर ने झटके 93 फीसदी अंक

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** रोजमरी पब्लिक स्कूल, हरिपुर ने सत्र 2025-26 के सीबीएसई परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 फीसदी रिजल्ट हासिल किया है।



विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष अर्शित माथुर ने 93 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अक्षित कौंडल ने 91 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अरमान ने धीमान 90 फीसदी, लक्ष्य ने 89 फीसदी, श्रुति ने 86 फीसदी, चिराग ने 85 फीसदी, दिवांशी ने 84 फीसदी, भर्गवी ने 83.4 फीसदी, अभिनव भारद्वाज ने 83 फीसदी, आदित्य गुलेरिया ने 82 फीसदी, अरविंद राणा ने 82 फीसदी, रिधिम शर्मा ने 80 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इस उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों और अभिभावकों ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है।

## हैप्पी बर्थडे



डाडासीबा की कांता देवी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# थुरल, साई व मूंढी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** विद्युत उपमंडल थुरल के सहायक अभियंता इंजीनियर प्रवीण सिंह ने बताया कि 33/11 केवी दैहण थुरल में विद्युत उपकरणों के निरीक्षण के लिए 17 अप्रैल को थुरल, साई, मूंढी, कौना, बच्छवाई, भिल्ला, समन, सन्हूं, बैरघाट, डूहक-धनियारा, हल्दरा, कौना, आलमपुर आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

# 135 ग्राम चरस के मामले में मुख्य सप्लायर चढ़ा पुलिस के हत्थे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत इसी माह 7 अप्रैल को पकड़ी गई 135 ग्राम चरस के मामले में पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। बैजनाथ पुलिस ने आरोपी को चंबा जिले के डलहौजी से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान यशपाल (29) निवासी बकरोटा, तहसील डल्हौजी, जिला चंबा के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बैजनाथ थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की है। गौरतलब है कि बैजनाथ पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान स्कूटी बीते 7 अप्रैल को एचपी 40एफ-5509 में सवार अनीश ठाकुर (19) पुत्र राजिंद्र ठाकुर निवासी मोहल्ला जुलाहखड़ी, वार्ड नंबर 6, डाकघर, तहसील व जिला चंबा व नमन पुत्र मनोज स्रह्ममार निवासी गांव व डाकघर इच्छी तहसील व जिला कांगड़ा उम्र 20 साल के कब्जे से 135 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की थी। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि मामले की गहन जांच व तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि डलहौजी निवासी एक सप्लायर ने उपरोक्त आरोपियों को चरस उपलब्ध करवाई थी। इसके उपरान्त तुरन्त तीसरे आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस थाना बैजनाथ से विशेष गुप्त टीम का गठन करके लगातार हरसंभव जगहों पर दबिश दी गई तथा उक्त चरस सप्लायर आरोपी यशपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।



पुलिस टीम के साथ चरस सप्लायर तस्कर। अनंत ज्ञान

# हिमाचल दिवस पर शिक्षा के माध्यम से सशक्त प्रदेश निर्माण का संकल्प

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए देश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है और यह उपलब्धि शिक्षकों के समर्पण एवं विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज और राज्य के समग्र विकास की आधारशिला होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों को अपनाकर अपने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड शिक्षा प्रणाली में रटने की प्रवृत्ति को समाप्त कर अवधारणात्मक, प्रायोगिक को

### ◆ रटने की प्रवृत्ति से मुक्ति पर जोर

बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है, ताकि विद्यार्थी विषयों की गहन समझ विकसित कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा पारदर्शी एवं विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली के माध्यम से बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों से नशे एवं अन्य बुरी आदतों से दूर रहने का आह्वान किया तथा शिक्षकों से शिक्षण प्रक्रिया को अधिक इंटरैक्टिव एवं गतिविधि-आधारित बनाने की अपील की, ताकि विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता एवं नवाचार को बढ़ावा मिल सके और वे एक सशक्त, शिक्षित एवं जागरूक हिमाचल के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

# बैसाखी मेला: दूसरे दिन करवाई महिलाओं की प्रतियोगिताएं



मेले में समाजसेवी अनीश शर्मा व आशीष जैन ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चामुंडा।** डाढ में बैसाखी मेले के दूसरे दिन समाजसेवी अनीश शर्मा व आशीष जैन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

मेला कमेटी की ओर से दोनों मुख्यातिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दूसरे दिन महिला रस्साकशी, सपूण रेस म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम रहने वाली महिला मंडल को स्मृति चिन्ह और नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। 16 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक रौनक देखने को मिल रही है। वीरवार को कुश्तियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी माली विजेता को 31000 हजार रुपए और छोटी माली विजेता को 21000 हजार रुपए व स्मृति चिन्ह व देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, मेले के तीसरे व समापन समारोह पर त्रिलोक कपूर शिरकत करेंगे। वरुण कपूर ने मेले के उत्थान के लिए 21000 हजार हजार रुपए दिए।

# कालेश्वर बैसाखी मेले में व्यवस्था पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** कालेश्वर महादेव बैसाखी मेला जहां एक ओर भव्यता, भीड़ और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा, वहीं दूसरी ओर इस आयोजन ने एक कड़वी सच्चाई भी उजागर कर दी कि जिस मीडिया ने पूरे मेले को जन-जन तक पहुंचाया, वही खुद व्यवस्था से बाहर नजर आया। वहीं, व्यस्था को लेकर कई सवाल उठाए हैं। वहीं, जसवां-परागपुर प्रेस क्लब के संयोजक रक्षपाल शर्मा व अध्यक्ष सुरजीत धीमान ने कड़े शब्दों में कहा कि स्टार नाइट के दौरान मंच पर रोशनी, साउंड और वीआईपी इंतजामों की चकाचौंध तो दिखी, लेकिन कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों के लिए न तो बैठने की व्यवस्था की गई और न ही कोई निर्धारित स्थान।

यह सवाल पूरे मेले के दौरान गूंजता रहा कि एक तरफ प्रशासन और आयोजक मेले की भव्यता का प्रचार चाहते रहे, वहीं दूसरी तरफ उसी प्रचार को संभव बनाने वाले पत्रकारों को बुनियादी सुविधा तक नहीं दी गई। मेले के समापन पर पत्रकारों ने खुलकर नाराजगी जाहिर की। उनका कहना था कि राज्यस्तरीय आयोजन में इस तरह की अनदेखी न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह मीडिया के सम्मान को भी ठेस पहुंचाती है। पत्रकारों ने साफ कहा कि यदि भविष्य में ऐसे आयोजनों में मीडिया के लिए अलग से बैठने, कवरेज और समन्वय की व्यवस्था नहीं की गई, तो यह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिन्ह रहेगा। कालेश्वर मेले की भव्यता के बीच यह मुद्दा अब चर्चा का विषय बन गया है कि क्या आगे आयोजनों में चौथे स्तंभ को उसका हक मिलेगा या फिर वह यूं ही भीड़ में गुम होता रहेगा?

# डाडासीबा में 18 को लगेगा निशुल्क नेत्र जांच शिविर

## विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे जांच

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** क्षेत्रवासियों के लिए एक सराहनीय पहल के तहत 18 अप्रैल को डाडासीबा में श्री छिन्मस्तिका ग्रुप ऑफ आई केयर सेंटर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के लोग अपनी आंखों से जुड़ी समस्याओं की जांच करवा सकेंगे। शिविर में चीफ आई सर्जन डॉ. आशीष साहनी (एमएस पीजीआई), जो स्वामी पिंडी दास जी चैरिटेबल आई हॉस्पिटल (अम्ब) में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, स्वयं मरीजों की जांच करेंगे। उनके साथ वरिष्ठ ऑप्थाल्मिक ऑफिसर मोहित लठ भी मौजूद रहेंगे, जो अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ मरीजों को परामर्श देंगे। इस दौरान मरीजों की आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार दवाइयां भी मुफ्त उपलब्ध करवाई जाएंगी। आयोजकों का उद्देश्य क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों तक नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, ताकि समय रहते आंखों से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# एकता का संदेश लेकर लौटे कर्नल जीत बहादुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों की एकता और अखंडता का संदेश लेकर निकले वेटरन कर्नल जीत बहादुर अपनी सोलो मोटरसाइकिल एकता यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर वापस धर्मशाला लौट आए हैं। बुधवार को हिमाचल दिवस के अवसर पर वॉर मेमोरियल (शहीद स्मारक) धर्मशाला में एक गरिमामयी समापन समारोह आयोजित किया गया। कर्नल जीत बहादुर अपनी इस साहसिक यात्रा के दौरान प्रदेश के सभी 12 जिलों से पवित्र मिट्टी लेकर लौटे हैं। इस मिट्टी का उपयोग शहीद स्मारक परिसर में एकता वाटिका के निर्माण के लिए किया गया। समापन के अवसर पर कर्नल जीत बहादुर और उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने इस मिट्टी का प्रयोग कर 12 पौधे रोपे, जो प्रदेश की अटूट एकता का प्रतीक बनेंगे। बता दें कि यह यात्रा 04 अप्रैल 2026 को धर्मशाला से शुरू हुई थी। कर्नल जीत बहादुर ने लगभग 2000 किलोमीटर की दूरी तय की, जिसमें उन्होंने दुर्गम पहाड़, घने जंगल और करीब 11,000 फीट ऊंचे दर्रों को पार किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की शक्ति के रूप में एकता का प्रचार करना और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना था।

### ◆ धर्मशाला में 12 जिलों की मिट्टी से बनेगी एकता वाटिका

# सामाजिक उत्थान के लिए 'संवैधानिक रीति-रिवाजों' को अपनाना होगा : डॉ. किस्मत

## केंद्रीय विश्वविद्यालय में डॉ. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र एवं डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर अध्ययन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय डॉ. अंबेडकर के चिंतन में भारतीय समाज रहा।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और 'वंदे मातरम' के गान के साथ हुआ। स्वागत संबोधन में सहायक आचार्य एवं अध्ययन मंडल के पालक डॉ. चंदन आनंद ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ें। उन्होंने अध्ययन मंडल द्वारा चलाई जा रही साप्ताहिक गतिविधियों जैसे पुस्तक पाठन और वृत्तचित्र प्रदर्शन की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. किस्मत कुमार ने डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन और समाज सुधारक की उनकी भूमिका पर विस्तृत शोध प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के जीवन पर उनके पिता, शिक्षकों और संत तुकाराम का गहरा प्रभाव था। वे महात्मा बुद्ध, संत कबीर और ज्योतिबा फुले को अपना सच्चा आदर्श मानते थे क्योंकि वे राजनीति से ऊपर उठकर समाज सुधार के प्रति समर्पित थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंबेडकर के अनुसार सामाजिक उत्थान के लिए अब क्रांति या सत्याग्रह के बजाय केवल 'संवैधानिक रीति-रिवाजों' को ही अपनाना होगा, अन्यथा समाज में अराजकता फैल सकती है। विशिष्ट अतिथि विक्की शुभ ने अपने संबोधन में महिला शिक्षा की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित महिलाएं ही समाज को वास्तविक प्रगति की ओर ले जा सकती हैं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने डॉ. अंबेडकर द्वारा प्रतिपादित लोकतांत्रिक मूल्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक लोकतंत्र के बीच संतुलन बनाए रखना ही विकसित भारत की कुंजी है। उन्होंने संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर के साथ-साथ वीएन राव के योगदान को भी रेखांकित किया। अंत में अध्ययन मंडल की कार्यकारिणी द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के आचार्य, शोधार्थी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** पालमपुर हलके के दोनों मंडलों के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बिंदल ने की शिरकत

# पालमपुर में 427 कांग्रेसी परिवारों ने थामा भाजपा का दामन

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** भाजपा पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडलों के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार को पालमपुर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 'पालमपुर कूफा मिशन' के दूसरे चरण में 427 कांग्रेस परिवारों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

यह लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कार्यक्रमों से प्रभावित होकर तथा भाजपा नेता त्रिलोक कपूर की कार्यशैली से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुए। डॉ. राजीव बिंदल ने सभी नए सदस्यों को भगवा पटका पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने पालमपुर संगठन की टीम और त्रिलोक कपूर के नेतृत्व की सराहना करते हुए इसे एक सफल संगठनात्मक मॉडल बताया। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडलों ने 'मन की बात' कार्यक्रम में लगातार 13वीं बार शत-प्रतिशत बूथों पर सहभागिता दर्ज कर एक रिकॉर्ड स्थापित किया है। कार्यक्रम में कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास प्रभावित हुआ है और युवाओं के लिए अवसर घटे हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को सड़क, जल जीवन मिशन और स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से निरंतर सहयोग दे रही है। भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने भी संगठन की मजबूती और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर विचार रखे। वहीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी पालमपुर संगठन की कार्यशैली की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में पार्टी में शामिल हुए सभी परिवारों का स्वागत करते हुए नेतृत्व ने उन्हें सम्मान और सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल, प्रदेश प्रवक्ता विनय शर्मा, दोनों मंडलों के अध्यक्ष गोपेश शर्मा और सुरेश पठानिया, मंडलों के चारों महामंत्री, अरविंद शर्मा, राजेश राणु, अभिमन्यु भट्ट, विजय भट्ट, सुरेंद्र ठाकुर, लता ठाकुर, मोनिका शर्मा, मंगला चौधरी, संजय कपूर, रंजना भट्ट, संजय कुमार, नरेंद्र भट्ट, जयवीर चौधरी, हेमराज डोगरा, अर्जुन सिंह, प्रदेश के नेता आदि मौजूद रहे।



पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडलों के संयुक्त नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया। अनंत ज्ञान

# बीड़ पुलिस थाना प्रभारी आदर्श सम्मानित



हिमाचल दिवस पर बैजनाथ थाना प्रभारी आदर्श बरयाल को सम्मानित करते मंत्री चंद्र कुमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** हिमाचल दिवस के उपलक्ष पर धर्मशाला में जिलास्तरीय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान जिला स्तरीय परेड का आयोजन किया गया। पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।

इस दौरान परेड की अगुवाई परेड कमांडर इंस्पेक्टर आदर्श बरयाल ने की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया, जिसमें पुलिस थाना बीड़ के प्रभारी आदर्श बरयाल को कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधीश कांगड़ा हेमराज भैरवा और पुलिस अधीक्षक कांगड़ा अशोक रत्न व अन्य विभागों के अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम, महासचिव ओम राज कंवर, मुख्य संरक्षक योगराज शर्मा व शम्भू राम जस्वाल ने संयुक्त बयान में हिमाचल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों को पेंशन संशोधन से जुड़ी ग्रेच्युटी और लीव-एनकैशमेंट की देनदारियां मई तक चुकाने की घोषणा का आभार जताया। उन्होंने सरकार से जनवरी 2016 से दिसंबर 2021 के बीच सेवानिवृत्त अन्य पेंशनरों की लंबित राशि का एकमुश्त भुगतान करने की मांग दोहराई। उनका कहना है कि कई पेंशनर लंबे समय से आर्थिक दिक्कतों से जूझ रहे हैं, जिससे पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाना कठिन हो गया है। संघ ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया।

### विधायक रणजीत ने निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सेवानिवृत्त सैनिक ज्ञान चंद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्व. ज्ञान चंद का जीवन देश सेवा, साहस और अनुशासन का प्रतीक था, जिनका बलिदान समाज के लिए प्रेरणा बना रहेगा। ज्ञान चंद ने वर्ष 1962, 1965 और 1971 के ऐतिहासिक युद्धों में अदम्य साहस के साथ देश की सेवा की। विधायक ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले तथा परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्राप्त हो।

### श्रीरामचरितमानस का भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी में 'श्री रामचरितमानस का ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विवेचनात्मक अध्ययन' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. चेतराम गर्ग ने कहा कि भगवान श्रीराम भारत के आदर्श हैं और गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण ग्रंथ है, जो जीवन का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और शोध की नई दिशा प्रदान करते हैं। संगोष्ठी में विद्वानों द्वारा रामचरितमानस का सस्वर अखंड पाठ किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया और आध्यात्मिक विचारों पर मंथन किया गया।

### एनआईटी हमीरपुर में मनाया हिमाचल दिवस




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में हिमाचल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत समारोह और दीप प्रज्वलन से हुआ जिसमें अतिथि, संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नाटी, गिद्धा, भांगड़ा, संगीत और फैशन परेड प्रस्तुत की गई। अतिथियों ने हिमाचल प्रदेश की संस्कृति और विरासत पर प्रकाश डाला तथा छात्रों को प्रेरित किया। निदेशक डॉ. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी ने उद्देश्यपूर्ण उत्कृष्टता का संदेश दिया। रजिस्ट्रार और डीन ने शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा सांस्कृतिक जुड़ाव का महत्व बताया। कार्यक्रम का समापन सम्मान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन सांस्कृतिक विरासत का सुंदर उत्सव बना है।

### विधायक आशीष ने किया पुल का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विधायक आशीष शर्मा ने बुधवार को ताल पंचायत के राहजोल और दियोट गांवों को जोड़ने वाले नवनिर्मित पुल को जनता को समर्पित किया। यह पुल राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन की सांसद निधि से 5 लाख रुपए की लागत से बनाया गया है। विधायक के प्रयासों से यह स्वीकृति मिली। इसके बाद उन्होंने मसेरडू गांव में 9 लाख रुपए की विधायक निधि से बने महिला मंडल भवन का उद्घाटन किया और इसे महिलाओं के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र में सरकार ने पेश की नई मिसाल : कुलदीप

## बोले- पहली बार किसी सरकार ने शुरू की सुख आश्रय योजना, विशेष राहत पैकेज जैसी योजनाएं

◆ हमीरपुर में धूमधाम से मना 79वां हिमाचल दिवस

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर में बुधवार को 79वां हिमाचल दिवस मनाया गया। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। इस भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड्स, एनसीसी, एनएसएस, वन मित्र, आपदा मित्र, विभिन्न स्कूलों और विशेष बच्चों के स्कूल की


विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते कुलदीप पठानिया। अनंत ज्ञान

टुकड़ियों शानदार मार्च पास्ट किया। जिलावासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस उन स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों को नमन करने का दिन भी है, जिनके त्याग एवं समर्पण के कारण ही हिमाचल एक अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया और विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ। गत तीन वर्षों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कर राज्य का चहुमुखी विकास सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के माध्यम से सरकार ने निराश्रित बच्चों को बहुत बड़ा सहारा प्रदान किया है। वर्ष 2023 और 2025 के आपदा प्रभावितों के लिए भी प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों ने विशेष राहत पैकेज जारी किया। इस तरह का राहत पैकेज भी आज तक किसी अन्य राज्य या केंद्र सरकार ने नहीं दिया था। विधानसभा अध्यक्ष ने परेड के प्रतिभागियों और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, विधायक सुरेश कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह, राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया आदि उपस्थित थे।

# डीएवी स्कूल के बच्चों ने दिया 'विविधता में एकता' का संदेश


डीएवी स्कूल भड़ोली में हिमाचल दिवस पर समारोह आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में हिमाचल दिवस बड़े उत्साह एवं गर्व के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा की। बच्चों ने सर्वप्रथम प्रधानाचार्य को पुष्प-गुच्छ समर्पित करके हिमाचल दिवस मनाने की शुरुआत की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। बच्चों के नृत्य एवं मधुर समूह गीत ने 'विविधता में एकता' का संदेश देते हुए वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा विद्यालय हिमाचली रंग में रंगा नजर आया। आकर्षित एवं आद्या ने अपने प्रभावशाली उद्बोधनों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं प्राकृतिक सौंदर्य पर प्रकाश डाला।

# पलाही योजना में आई बिजली की समस्या 2 दिन तक पानी के इस्तेमाल में बरतें कंजूसी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर शहर और आसपास के इलाकों को अगले दो दिन तक पानी की समस्या से दो-चार होना पड़ सकता है। सुजानपुर के पलाही से जिस योजना द्वारा हमीरपुर में रोजाना करीब 90 लाख लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है, उसे योजना की मुख्य बिजली की लाइन डैमेज हो गई है।

◆ बिजली लाइन टूटने से आई समस्या

बुधवार को दिनभर काम तो जारी रहा। लेकिन उम्मीद है कि वीरवार शाम तक यदि पलाही योजना की बिजली बहाल हो भी गई, तो कंप्लीट व्यवस्था बनाने में एक से दो दिन और लग सकते हैं। मंगलवार शाम से पलाही योजना ठप है और बिजली बोर्ड 33 केवी की टूटी हुई लाइन की मरम्मत के लिए जुट गया है।

अब दो दिन के इस अंतर की वजह से हालांकि बहुत बड़ी समस्या तो शहर में नहीं है, लेकिन थोड़ा-थोड़ा पानी की सप्लाई शहर के सभी इलाकों में कम समय के लिए दी जा रही है। शहर के मध्य में अलग-अलग जहां-जहां डिस्ट्रीब्यूशन टैंक हैं। वहां पर बोरवेल भी लगाए गए हैं, उनके पानी को भी इस्तेमाल करने का प्रयास शुरू हो गया है, लेकिन कुछ बोरवेल मुकम्मल नहीं हो पाए हैं, उनमें बिजली के कनेक्शन नहीं हो पाए। इस वजह से वह पिछले कई महीनो से बेकार ही साबित हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक थ्री फेस लाइन के मीटरों की भी बिजली बोर्ड के पास कमी है, जिस कारण यह नए कनेक्शन नहीं लग पाए हैं और इसका खामियाजा बेवजह ही आईपीएच को भुगतना पड़ रहा है। एसडीओ राकेश कुमार का कहना था कि थोड़ी समस्या आई थी, लेकिन बुधवार शाम से मशीनरी अब ठीक से काम करना शुरू कर गई है। सप्लाई सामान्य बनाने में थोड़ा वक्त लग जाता है। 33 केवी की लाइन जो पालमपुर की साइड से आती है, उसमें समस्या आई थी, लेकिन अल्टरनेट सप्लाई से आज काम फिर से चालू हो गया है। वीरवार से सप्लाई के सामान्य बन जाने की उम्मीद है।

# क्रिटिकल केयर यूनिट कब चलेगा पता नहीं, बेड सप्लाई पहुंची

## नए जोल सप्पड़ कांप्लेक्स में इंस्टॉल होने हैं बेड, हमीरपुर की तंग हाल व्यवस्था में रख दिए बेड

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** डॉक्टर राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज जोल सप्पड़ कांप्लेक्स के शुरू होने का इंतजार जितना लंबा होता जा रहा है, उतने ही सवाल खड़े हो रहे हैं। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर पहले ही जगह की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में क्रिटिकल यूनिट का सामान भी शुरू होने से पहले पहुंचा दिया है।

जोल सप्पड़ में स्थित मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर यूनिट बनने जा रहा है, जिसके सामान की सप्लाई पहुंच गई है। जहां क्रिटिकल केयर यूनिट का सवाल है, उसकी शुरुआत होनी है, उसका अभी कोई पता नहीं हैं, क्योंकि जोल सप्पड़ में स्थित मेडिकल कॉलेज का भवन पूरी तरह से तैयार है, लेकिन अभी तक किसी भी विभाग को शिफ्ट नहीं किया गया है। नए मेडिकल कॉलेज में फर्नीचर को लेकर खींचतान चली हुई है, जिसकी वजह से यह सारा मामला लटका हुआ है।

हालांकि, मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि फर्नीचर के लिए टेंडर अवार्ड कर दिए हैं अब कंपनी यहां पर फर्नीचर इंस्टॉल करेगी। सवाल यह है कि मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर यूनिट के 50



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में स्पेशल वार्ड के बाहर क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए आए आधुनिक बेड और अन्य सामान रखा हुआ। अनंत ज्ञान

आधुनिक बेड पहुंच गए हैं और गद्दों की सप्लाई भी पहुंच गई है। अस्पताल प्रशासन ने इसे स्पेशल वार्ड के बाहर रख दिया है, जहां पहले ही तंग हाल व्यवस्था है। अब सवाल यह है कि यदि भवन तैयार है और क्रिटिकल केयर यूनिट भी तैयार होने वाला है, तो वहां पर क्यों नहीं इन बेड और अन्य सामान को रखा गया है।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर पहले ही जगह की कमी से जूझ रहा है। एक तरफ मरीज और दूसरी तरफ पढ़ाई करने वाले बच्चों की संख्या इतनी हो जाती है कि वार्ड में जाना मुश्किल हो जाता है। यही नहीं कई मरीजों को वार्ड के बाहर बेड लगाए गए हैं और एक बैड पर दो-दो मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इस बारे में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य रमेश भारती से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। पिछले कुछ समय से प्राचार्य मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं और किसी से बात करने से हिचकिचा रहे हैं। हालांकि मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों का कहना है कि क्रिटिकल केयर यूनिट बनाया जा रहा है। इस सामान को वहां पर शिफ्ट कर दिया जाएगा, लेकिन यह कब तक होगा इस बारे में बताने में असमर्थ रहे।

# नायब तहसीलदार का पद खाली होने से 30 हजार आबादी परेशान

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ तहसील में नायब तहसीलदार का पद खाली होने से क्षेत्र की करीब 30 हजार की आबादी को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 111 गांवों वाले इस क्षेत्र में राजस्व से जुड़े कार्य बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। वर्तमान में तहसीलदार केशव कुमार के पास बाबा बालक नाथ मंदिर का अतिरिक्त कार्यभार भी है, जिसके चलते वे नियमित रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूलों में दाखिले के दौरान जरूरी ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनने में एक-एक सप्ताह लग रहा है, जिससे अभिभावक और छात्र परेशान हैं। कई बार लोगों को तहसील से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई लोगों ने सरकार और जिला प्रशासन से तुरंत समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि या तो स्थायी नायब तहसीलदार की नियुक्ति की जाए या वर्तमान तहसीलदार को अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त कर यहां नियमित रूप से तैनात किया जाए। लगातार बढ़ती समस्याओं के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस मामले में उपायुक्त गंधर्वा राठौर ने बताया कि तहसीलदार 16 तारीख तक अवकाश पर हैं और नायब तहसीलदार का पद खाली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्थिति सामान्य की जाएगी।

# डीसी कार्यालय परिसर में विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमिपूजन



2000 लोगों की क्षमता वाला बनेगा आधुनिक स्थल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भोरंज के विधायक सुरेश कुमार और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के द्वितीय चरण का भूमि पूजन किया।

इसके बाद उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में सुरेश कुमार ने बताया कि

◆ परिसर का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

हमीरपुर शहर में बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त स्थान की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अंबेडकर जयंती के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस परिसर के विस्तार और सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए थे, जिनकी अब अनुपालना की जा रही है। इस परियोजना के तहत परिसर में आधुनिक मंच, शैड, शौचालय और लगभग 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 2000 तक करने की योजना है। इससे न केवल बड़े कार्यक्रमों का आयोजन संभव होगा, बल्कि आम लोगों को भी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह परिसर शहरवासियों के लिए सुबह-शाम समय बिताने का भी एक बेहतर स्थान बनेगा। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलोह गांव की वर्षों पुरानी सड़क की मांग पूरी

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** कलोह गांव के लिए आज का दिन ऐतिहासिक अवसर लेकर आया है। वर्षों से लंबित पड़ी सड़क निर्माण की मांग आखिरकार पूरी हो गई है और सड़क निर्माण कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ हो चुका है। गांववासियों की यह मांग लंबे समय से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाई जाती रही थी। बरसात के दिनों में खराब रास्तों के कारण बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने की उम्मीद जगी है। किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता भी बेहतर होगी। गांववासियों ने इस कार्य के लिए संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। ग्रामीणों में वीरेंद्र ठाकुर, लक्की ठाकुर, प्यार चंद, जितेंद्र ठाकुर, रंजीत सिंह, सुभाष चंद, करतार सिंह, रवि ठाकुर, विनय,विधि चंद, पप्पू, भीम सिंह, आदि ने मुख्यमंत्री व विधायक कैप्टन रंजीत का आभार व्यक्त किया है। कलोह गांव के विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसने ग्रामवासियों की आशाओं को पंख दिए हैं और पूरे क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया है।

◆ निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामवासियों में खुशी की लहर

# बारी मंदिर क्षेत्र में 11 मार्च से गैस सप्लाई ठप, लोग परेशान

## बुधवार को भी 35 सिलेंडर सड़क पर रखकर इंतजार करते रहे लोग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के बारी मंदिर क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। 11 मार्च के बाद से सुरजीत गैस एजेंसी हमीरपुर की गाड़ी बारी मंदिर क्षेत्र में नहीं पहुंची, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी हालात जस के तस रहे, जब करीब 35 खाली गैस सिलेंडर लेकर ग्रामीण सड़क किनारे घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन गैस की गाड़ी नहीं पहुंची।



ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार डीएसी के बावजूद भी गैस सप्लाई को नजरअंदाज किया जा रहा है। बुधवार को गैस की गाड़ी सिसवा से आगे नहीं आई, जबकि बारी मंदिर क्षेत्र में दर्जनों लोग गैस के इंतजार में बैठे रहे। इससे लोगों में रोष साफ देखने को मिला। लोगों का कहना है कि कुछ इलाकों में नियमित गैस सप्लाई हो रही है, लेकिन बारी मंदिर क्षेत्र को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। वहीं, कुछ लोग सिसवा जाकर सिलेंडर भरवाने को विवश हुए, जबकि कई लोग अपने घर के पास ही गाड़ी आने का इंतजार करते रह गए। ग्रामीणों ने गैस एजेंसी पर मनमानी के आरोप लगाते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि गैस की गाड़ी सीधे बारी मंदिर तक पहुंचाई जाए, ताकि क्षेत्र के 35 से अधिक खाली सिलेंडर समय पर भरे जा सकें।

गुस्साए ग्रामीण अब इस मामले को लेकर सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज करवा रहे।

**लापरवाही** प्रशासन को करोड़ों की आमदनी देने वाले सुजानपुर चौगान की सुध लेने वाला कोई नहीं

# होली मेला खत्म, चौगान मैदान बदहाल

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला खत्म हो चुका है और चौगान मैदान के हालात बद से बदतर हैं। प्रशासन ने चौगान से करोड़ों रुपए की आमदनी की, लेकिन इसका रखरखाव करना भूल गया है। सुजानपुर का राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला इस वर्ष 1 मार्च से 4 मार्च तक आधिकारिक रूप से मनाया गया। इसका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया था। उन्होंने इसे अगले वर्ष से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाने की भी घोषणा की।

होली मेला इस वर्ष 5 अप्रैल तक जारी रहा। प्रशासन द्वारा अनुमति 25 मार्च तक दी थी, लेकिन व्यापारियों की मांग पर इसे 5 अप्रैल तक बढ़ा दिया था। अब मेले को समाप्त हुए 9 दिन बीत चुके हैं, लेकिन चौगान जैसे डंपिंग ग्राउंड बनकर रह गया है।



सुजनापुर चौगान मैदान में मेले की समाप्ति के बाद जगह-जगह बिखरी गंदगी। अनंत ज्ञान

**जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर**

चौगान मैदान में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। लोगों के अनुसार, इतनी गंदगी के ढेर उन्होंने आज तक चौगान में लगे हुए नहीं देखे, जितने इस वर्ष देखने को मिले हैं। लोग चौगान में सुबह शाम सैर करने आते थे। विशेष कर बुजुर्ग लोग बिना किसी बाधा से यहां पर सैर करने पहुंचते थे। बच्चों के लिए भी यह बेहतरीन प्ले ग्राउंड था, लेकिन अब यहां पर जाना मुश्किल हो गया है। लोगों ने प्रशासन से चौगान के लिए उचित बजट की प्रावधान की मांग की सुजानपुर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि प्रशासन को इसके साफ-साफ करवाने के निर्देश दिए जाएंगे। उधर, सुजानपुर एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि चौगान को जल्द ही साफ करवा दिया जाएगा।

# एबीवीपी ने छात्र-युवा विरोधी नीतियों व बढ़ती आपराधिक घटनाओं के खिलाफ किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गांधी चौक पर छात्र-युवा वर्ग के साथ हो रहे अन्याय और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान विभाग छात्रा प्रमुख नेहा ठाकुर ने प्रदेश सरकार और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्रशासन के हालिया फैसलों को छात्र एवं युवा विरोधी बताते हुए कड़ी निंदा की। परिषद ने सरकाघाट (जिला मंडी) में एक कॉलेज छात्रा पर हुए निर्मम हमले और उसकी मौत को बेहद दर्दनाक और शर्मनाक करार दिया।

उनका कहना था कि यह घटना पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था की गिरती स्थिति को दर्शाती है। एबीवीपी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। संगठन ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा 14 पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा फीस में 40 से 60 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का भी


सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते एबीवीपी कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

**मांगें**

- सरकाघाट घटना के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए
- एचपीयू में बढ़ाई गई फीस को तुरंत वापस लिया जाए
- पीजीटी कॉन्ट्रैक्ट नीति को रद्द कर स्थायी रोजगार सुनिश्चित किया जाए
- प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए
- विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए
- छात्रों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं
- अभाविप ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र उचित कदम नहीं उठाए, तो संगठन पूरे प्रदेश में आंदोलन को और तेज करेगा।

विरोध किया। परिषद के अनुसार, यह निर्णय गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों पर आर्थिक बोझ डालने वाला है। इसके अलावा पीजीटी कॉन्ट्रैक्ट नीति को भी युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की गई। परिषद ने हमीरपुर तकनीकी विश्वविद्यालय में कुलपति और प्राध्यापकों की नियुक्ति शीघ्र करने की मांग उठाई। साथ ही सरकार पर रोजगार के वादे पूरे न करने का आरोप लगाया।

# विजय अग्निहोत्री के आरोप निराधार : मोंटी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक एवं जिला युवा कांग्रेस मिरपुर के पूर्व अध्यक्ष मोंटी संधू तथा खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेशक एवं नादौन ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने भाजपा के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री द्वारा नादौन में किए गए प्रदर्शन को भ्रामक, निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया है। दोनों नेताओं ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह प्रदर्शन जनता को गुमराह करने का प्रयास है और भाजपा की राजनीतिक बेचैनी को दर्शाता है। उनका कहना है कि विपक्ष मुद्दाविहीन होकर इस तरह के प्रदर्शन कर रहा है, जिसका जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विजय अग्निहोत्री वही नेता हैं, जो लंबे समय तक सत्ता में रहे, लेकिन नादौन के विकास के लिए अपेक्षित कार्य नहीं कर सके। नेताओं ने कहा कि आज सरकार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है, जबकि विपक्ष केवल आलोचना की राजनीति कर रहा है।

## 79वें हिमाचल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह हर्षोल्लास से आयोजित, राजेश धर्माणी ने फहराया तिरंगा

# प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाए जा रहे हैं ठोस कदम

अनंत ज्ञान



राजेश धर्माणी मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए। अनंत ज्ञान

**चंबा।** 79वें हिमाचल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन बुधवार को चंबा के ऐतिहासिक चौगान में हर्षोल्लास के साथ किया गया।

नगर व ग्राम योजना, आवास तथा तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर परेड कमांडर पुलिस इंस्पेक्टर (महिला) पंकज शर्मा के नेतृत्व में हिमाचल पुलिस, हिमाचल होमगार्ड, वनरक्षक, एसपीओ, एनसीसी, नर्सिंग कॉलेज, एनएसएस तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टुकड़ियों ने अनुशासित व आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर समारोह की शोभा बढ़ाई। राजेश धर्माणी ने हिमाचल के गठन में बहुमूल्य योगदान देने वाली महान विभूतियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर भूमि हिमाचल के स्वतंत्रता सेनानियों व बहादुर सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने प्रदेश की प्रगति व उन्नति के लिए राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान में सीमित वित्तीय संसाधनों के बावजूद सरकार विकासात्मक परियोजनाओं के प्रभावी व सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित बना रही है। नए संसाधन जुटाने तथा वित्तीय अनुशासन लागू करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। बीते वर्षों में राजस्व बढ़ाने के लिए प्रभावी नीतियां अपनाई गई हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने साथ में यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कुछ अनुदानों में कटौती के बावजूद प्रदेश सरकार ने सीमित संसाधनों में भी विकास कार्यों को गति दी है। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने में हिमाचल प्रदेश देश में अग्रणी रहा है। चंबा जिले में आपदा प्रभावित परिवारों को उदार सहायता प्रदान की गई है। गत वर्ष 1387 प्रभावित परिवारों को लगभग 12 करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई। राजेश धर्माणी ने कहा कि राजकीय सहस्राब्दी बहु तकनीकी संस्थान चंबा तथा राजीव गांधी बहु तकनीकी संस्थान बनीखेत सहित जिले में संचालित विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

जिले में विकासात्मक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए गत तीन वर्षों के दौरान 15 करोड़ 25 लाख रुपए की राशि से 243 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए तथा 165 ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की गई। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को गेहूं, मक्का, हल्दी तथा अदरक जैसी फसलों पर समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। वहीं, सरकारी स्कूलों को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश में 152 तथा चंबा जिले में 7 विद्यालयों को सीबीएसई पाठ्यक्रम से संबद्ध किया गया है। राजेश धर्माणी ने अपने संबोधन में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना, मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा बुनियादी ढांचे के विस्तार सहित किसानों व बागवानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों व समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### ये रहे उपस्थित

**इस** अवसर पर विधायक नीरज नैय्यर, पूर्व मंत्री आशा कुमारी, जिला अध्यक्ष कृषि उपज व विपणन समिति ललित ठाकुर, अध्यक्ष प्रदेश हज समिति दिलदार अली वट्ट, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सुरजीत भरमौरी, विधानसभा क्षेत्र चुराह के कांग्रेस प्रतिनिधि यशवंत खन्ना, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी, अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा सहित जिला के विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## चंबा में मंत्री राजेश धर्माणी का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी के आगमन पर आईटीआई कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) से जुड़े कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगें मंत्री के समक्ष मजबूती से रखीं। कार्यक्रम में चंबा आईटीआई के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा, जिला चंबा के प्रधान संगम बलोरिया, हिमाचल राज्य आईटीआई कर्मचारी संघ के वित्त सचिव दिनेश जमवाल, अमित, राजेश, राजकुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने वेतन विसंगति दूर करने, राइडर लागू करने, 100 प्रतिशत पदोन्नति सुनिश्चित करने तथा प्रदेश के विभिन्न संस्थानों में अनुदेशकों की कमी को शीघ्र भरने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि समय-समय पर नियमित भर्ती से शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। मंत्री ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए विभागीय कार्यों में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने और संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# सन्नी ने जेआरएफ हासिल कर बढ़ाया चंबा का मान

अनंत ज्ञान



**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में एक सादे किंतु गरिमामय समारोह के दौरान नेट-जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थी सन्नी देओल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राकेश राठौर द्वारा सहायक आचार्य व इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मणिराज सिंह राठौड़ की उपस्थिति में प्रदान किया गया। यह कॉलेज के लिए गर्व का विषय है कि यूजीसी द्वारा घोषित नेट-जूनियर रिसर्च फेलोशिप के संशोधित परिणाम में जनजातीय क्षेत्र भरमौर के बड़ग्रां निवासी सन्नी देओल ने इतिहास विषय में सफलता प्राप्त कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सन्नी देओल ने वर्ष 2025 में राजकीय महाविद्यालय चंबा के इतिहास विभाग से एमए (इतिहास) की उपाधि प्राप्त की थी। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर ने इसे महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सन्नी और इतिहास विभाग को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सन्नी देओल की सफलता विशेष रूप से प्रेरणादायक है, क्योंकि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के स्व-अध्ययन व शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल किया। कक्षाओं के बाद वे देर शाम तक पुस्तकालय में अध्ययन करते थे, जिसने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. मणिराज सिंह राठौड़ ने कहा कि बड़ग्रां जैसे दूरस्थ व पिछड़े जनजातीय क्षेत्र से आने वाले छात्र द्वारा सीमित संसाधनों के बावजूद इतनी बड़ी सफलता अर्जित करना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उपलब्धि भरमौर क्षेत्र और महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# भाजोत्रा पंचायत में चुनाव बहिष्कार की हुंकार

अनंत ज्ञान



◆मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों का उबाल

**चंबा।** ग्राम पंचायत भाजोत्रा के अंतर्गत आने वाले सगोटी, खाडकोटा, हलां, गदका, निचला गदका, दिभाला, निचला दिभाला और पंजोगा गांवों में इस बार पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीणों का रुख बेहद सख्त नजर आ रहा है। करीब 1000 की आबादी वाले इन गांवों के लोगों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान करते हुए मौजूदा व्यवस्था, पूर्व सरकारों और पंचायत प्रतिनिधियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि उनकी मूलभूत मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो वे लोकसभा चुनावों के बहिष्कार के बाद अब पंचायत चुनावों का भी बहिष्कार करेंगे। अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण एकजुट हुए व व्यवस्था के खिलाफ जोरदार आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि चाहे प्रदेश में भाजपा की सरकार रही हो या भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की, हर चुनाव में बड़े-बड़े वादे किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से सड़क सुविधा का अभाव है, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग लंबित है और भाजोत्रा स्कूल में स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है। इसके अलावा, मिडल स्कूल सगोटी का भवन वर्ष 2020 से अधूरा पड़ा है, जो प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। पशु औषधालय बंद होने से पशुपालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, जबकि क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर कई विकास कार्य या तो अधूरे रह गए या शुरू ही नहीं हो पाए। वर्ष 2020 में स्कूल भवन निर्माण के लिए स्वीकृत 15 लाख रुपए की राशि भी आज तक धरातल पर साकार नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी उन्होंने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया था, जिसके चलते सगोटी वार्ड में मतपेटी खाली रह गई थी, अब उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, पंचायत चुनावों का बहिष्कार जारी रहेगा। मंगलवार को आयोजित बैठक में सुरेश कुमार, विकेश कुमार, अंगद, शक्ति प्रसाद, रीना देवी, रीना साहहोत्रा, व्यास देव, धर्मो, मदन, नरेश, लेखराज, देशराज, धर्म सिंह, चेतराम, प्रेमलाल और राकेश कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने दो टूक कहा, 'नेता चुनाव के समय ही नजर आते हैं। इस बार हमें आश्वासन नहीं, विकास चाहिए।' अब देखना यह होगा कि प्रशासन और सरकार ग्रामीणों के इस आक्रोश को किस तरह शांत करते हैं और क्या चुनाव से पहले इन गांवों की समस्याओं का समाधान हो पाता है या नहीं।

## सरोल पॉलिटेक्निक में समीक्षा बैठक विकास योजनाओं पर हुई गहन चर्चा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** मिलेनियम राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सरोल के सभागार में नगर एवं ग्राम योजना तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर एवं ग्राम योजना विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय चंबा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज सरोल की अतिरिक्त भूमि को मेडिकल कॉलेज चंबा को हस्तांतरित करने पर विचार किया जाएगा, बशर्ते इसके बदले मेडिकल कॉलेज संस्थान को वित्तीय सहयोग प्रदान करे। बैठक के बाद उन्होंने पॉलिटेक्निक परिसर का निरीक्षण किया और प्रयोगशालाओं को एक बहुमंजिला भवन में स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि भूमि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके। सहायक टाउन प्लानर पंकज शर्मा ने विभागीय कार्य प्रगति की जानकारी देते हुए प्लानिंग एरिया डलहौजी, भरमौर, चुवाड़ी तथा चमेरा जलाशय, खजियार व भरमौर क्षेत्रों की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभागीय पदों की कमी, मंडलीय कार्यालय के स्तरोन्नयन और वाहन की आवश्यकता का मुद्दा भी उठाया। प्रधानाचार्य पुनीत महाजन ने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, प्लेसमेंट और रिक्त पदों की जानकारी दी। बैठक में विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों पर भी चर्चा हुई। बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मंत्री का सम्मान किया। इसके बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज सरोल की ओर से भी सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक नीरज नैयर, पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी, एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर, पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी, अतिरिक्त उपायुक्त अमित मेहरा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# गिरड माता मंदिर के खुले कपाट, बैसाखी मेले का आगाज

अनंत ज्ञान



गिरड माता मंदिर में 2500 श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया अनंत ज्ञान

**गिरड।** आस्था, श्रद्धा व उत्साह के बीच गिरड माता मंदिर के कपाट विधि-विधान व पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा।

पहले ही दिन लगभग 2500 श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही क्षेत्र के प्रसिद्ध बैसाखी मेले का भी शुभारंभ हो गया। 6 फरवरी को मंदिर में लगी भीषण आग से श्रद्धालुओं की आस्था को गहरा आघात पहुंचा था। हालांकि, गिरड माता सेवा समिति व भक्तों के अथक सहयोग से महज दो महीनों में मंदिर का पुनर्निर्माण कर लिया गया। बैसाखी के पावन अवसर पर कपाट खुलना श्रद्धालुओं के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं रहा। कपाट खुलने के अवसर पर व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में गिरड माता सेवा समिति का विशेष योगदान रहा। समिति के अध्यक्ष एमआर ठाकुर, सचिव हुकमी राम, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार, उपाध्यक्ष आदित्य ठाकुर, प्यार सिंह, बिट्टू राम तथा सदस्य रिशु, विक्रम सिंह, लक्की सहित अन्य सदस्य व्यवस्था में सक्रिय रहे। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हाइड्रो प्रोजेक्ट के कर्मचारियों द्वारा लंगर का आयोजन किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। वहीं, पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण व यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर श्रद्धालुओं को निर्बाध दर्शन सुनिश्चित किए। समिति के अध्यक्ष एमआर ठाकुर ने कहा, श्रद्धालुओं, हाइड्रो प्रोजेक्ट के कर्मचारियों व प्रशासन के सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। मेले के सफल आयोजन के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। बैसाखी मेले के शुभारंभ के साथ ही पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उत्सव का माहौल छा गया है।

# चंबा में कुत्तों का आतंक : प्रशासन की अनदेखी से भड़का जनाक्रोश

अनंत ज्ञान

◆मान सिंह ने तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए सख्त नियम लागू करने की मांग की



**चंबा।** ऐतिहासिक नगरी चंबा में कुत्तों की बढ़ती समस्या ने आम जनता, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। शहर की प्रमुख कैफे रोड, जो प्रात: व सायं भ्रमण के लिए सबसे सुरक्षित और लोकप्रिय मार्ग मानी जाती है, आज वह गंदगी व असुविधा का केंद्र बनती जा रही है।

आरोप है कि कुछ पालतू कुत्तों के मालिक उन्हें इस मार्ग पर घुमाते हैं व उनके द्वारा किया गया मल-मूत्र सड़क पर ही छोड़ देते हैं, जिससे न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि राहगीरों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस गंभीर मुद्दे पर 7 मार्च 2026 को उपमंडल दंडाधिकारी चंबा को लिखित शिकायत सौंपी गई थी, लेकिन 13 अप्रैल 2026 तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। चंबा के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी मान सिंह ठाकुर ने इस विषय पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 'मैंने इस समस्या को लेकर प्रशासन के समक्ष कई बार आवाज उठाई है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। कैफे रोड वरिष्ठ नागरिकों व आम जनता के लिए प्रमुख सैर स्थल है, लेकिन कुत्तों की गंदगी के कारण लोगों का चलना दूभर हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह समस्या केवल असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छता, जनस्वास्थ्य और शहर की गरिमा से भी जुड़ी हुई है। मान सिंह ठाकुर ने सदर विधायक एवं उपायुक्त चंबा से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए सख्त नियम लागू करने, दोषियों पर जुर्माना लगाने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है। जनता की प्रमुख मांगें : कैफे रोड पर स्वच्छता और नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। पालतू कुत्तों के मालिकों के लिए कड़े नियम लागू किए जाएं। उल्लंघन करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाया जाए। वरिष्ठ नागरिकों के सुरक्षित भ्रमण हेतु विशेष प्रबंध किए जाएं।

## मजदूर आंदोलनों पर दमन के खिलाफ सीटू का तीखा प्रहार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) की जिला कमेटी चंबा ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा की भाजपा सरकारों पर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और एनसीआर क्षेत्र में मजदूर आंदोलनों को दमन और उत्पीड़न के जरिए कुचलने का आरोप लगाया है। कमेटी ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है। सीटू ने उन आरोपों को भी खारिज किया, जिनमें आंदोलनकारी मजदूरों को राष्ट्रविरोधी बताया जा रहा है या उनके पीछे बाहरी ताकतों का हाथ होने की बात कही जा रही है। संगठन का कहना है कि यह मजदूरों के स्वतंत्र और न्यायोचित संघर्ष को बदनाम करने का प्रयास है। सीटू के अनुसार, वर्ष 2014 से मजदूरों के न्यूनतम वेतन में पर्याप्त वृद्धि नहीं हुई है। वहीं, केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को मजदूरों के हित में बताया गया था, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका लाभ श्रमिकों को नहीं मिल रहा है। संगठन ने आरोप लगाया कि उद्योगों में श्रम कानूनों की खुलेआम अनदेखी हो रही है और मालिक मजदूरों का शोषण कर अपने मुनाफे को कई गुना बढ़ा रहे हैं।

# 'लाहौल मेला' हर्षोल्लास व धार्मिक आस्था के साथ मनाया

अनंत ज्ञान



समारोह में मौजूद देवी-देवता। अनंत ज्ञान

**करसोग।** सुकेत रियासत की आदि राजधानी के रूप में विख्यात पांगणा में वैशाख संक्रांति के अगले दिन कन्याओं को समर्पित पारंपरिक 'लाहौल मेला' हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के साथ संपन्न हुआ। यह मेला पांगणा क्षेत्र की प्राचीन वैदिक परंपराओं, लोक आस्था और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक माना जाता है। सुकेत संस्कृति, साहित्य एवं जन-कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉ. हिमेंद्र बाली 'हिम' के अनुसार, यह एक माह तक चलने वाला कन्या-उत्सव 'लाहौल' पूजन 'हत्या माता' चंद्रावती की स्मृति में प्रारंभ हुआ था।

वर्तमान में भी वैशाख मास के दूसरे प्रविष्टे तक महामाया मंदिर, पांगणा में शिव-पार्वती पूजन का क्रम निरंतर चलता है, जिसमें बालक-बालिकाएं एवं ग्रामवासी श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लेते हैं। इस अवधि के दौरान गांव की कन्याए प्रतिदिन प्रात: घर-घर जाकर फूल एकत्रित करती हैं और उन्हें शिव-पार्वती के सुपारी रूपी श्रीविग्रह पर अर्पित करती हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहता है। वैशाख संक्रांति के दिन पूजा पूर्ण होने के पश्चात गांव के एक परिवार को भगवान शिव की बारात का प्रतिनिधि नियुक्त किया जाता है। यह परिवार पारंपरिक वेशभूषा एवं विधि-विधान के साथ शिव की बारात लेकर मंदिर परिसर पहुंचता है, जहां माता पार्वती (गिरिजा) के साथ विवाह संस्कार संपन्न होता है।

गांव की ही एक महिला द्वारा पार्वती के 'लग्न' संस्कार की रस्म पूरी की जाती है। एक माह तक पूजा में संलग्न रही कुंआरी कन्याएं पार्वती पक्ष का प्रतिनिधित्व करते हुए शिव बारात का स्वागत करती हैं। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में शिव-पार्वती का पाणिग्रहण संस्कार धार्मिक एवं लोक परंपराओं के अनुरूप सम्पन्न किया जाता है। महामाया मंदिर से मेला स्थल भुट्ठा तक देव थला की रथ यात्रा निकाली जाती है। इसके बाद देवी मंदिर से पार्वती कुंड तक 'लाहौला' की शोभायात्रा आयोजित होती है। अंत में महामाया पांगणा और बलेश्वरी देवी की शोभायात्रा पार्वती कुंड के ऊपरी भाग से होते हुए 'भुट्ठा सौह' स्थित मेला मैदान तक पहुंचती है। मेले के दौरान पार्वती कुंड में शिव-पार्वती के विसर्जन के साथ एक माह तक चलने वाली पूजा का भावुक समापन होता है। देव मिलन से पूर्व का यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावनात्मक और आध्यात्मिक महत्व रखता है। लाहौल मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह प्रकृति, इष्टदेवों एवं सुकेत की अधिष्ठात्री राजराजेश्वरी महामाया पांगणा के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर महर्षि वशिष्ठ (देव थड़ा), बलेश्वरी देवी सहित अन्य देव शक्तियों के देवरथों की पूजा-अर्चना की जाती है तथा लाहौल विसर्जन के पावन दर्शन किए जाते हैं। यह पर्व वर्षभर सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ सकारात्मक ऊर्जा के संचार और सनातन वैदिक परंपराओं के निरंतर प्रवाह का संदेश देता है। आज भी यह आयोजन सुकेत क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ बनाए हुए है।

# साहित्य के सजे सुर, डीएस देवल स्मृति सम्मान पर मंथन

अनंत ज्ञान



**चंबा।** चंबा के प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान क्लासिक एरा पब्लिकेशन में साहित्यकारों व कलाकारों का एक भव्य सम्मेलन साहित्यकार टीसी सावन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य चंबा के लेखकों को एक साझा मंच पर लाकर 'चंबा लेखक मंच' का गठन करना तथा क्षेत्रीय साहित्य को नई दिशा प्रदान करना रहा। सम्मेलन में दिवंगत लेखक डीएस देवल की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए डीएस देवल मेमोरियल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड स्थापित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस पहल को उपस्थित साहित्यकारों ने ऐतिहासिक व प्रेरणादायक कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान क्लासिक एरा पब्लिकेशन की सम्मान प्रकाशन योजना पर भी विचार-विमर्श हुआ। योजना के अनुसार संस्थान वर्ष में दो बार दो चयनित लेखकों की समाजोपयोगी पुस्तकों का प्रकाशन अपने खर्च पर करेगा तथा रचनाकारों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस घोषणा को साहित्य जगत के लिए उत्साहवर्धक बताया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखिका लीला ठाकुर मुख्यातिथि व सलाहकार के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि सुप्रसिद्ध लेखक चंचल सरोलवी विशेषातिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में चंबा के प्रख्यात कलाकार, लेखक व शिक्षाविद गुलशन पाल, आचार्य मनोज कुमार शास्त्री, दिव्या 'बदली', वेद ज्योति, यीश ठाकुर, केएस राजौरीया 'करण', सुभाष काशव, प्रतिभा कुमारी व सरोज कुमार सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। विद्यार्थियों में दीक्षा अरोरा, मन्नत अरोरा, महक चंद्रा, अंकिता, मुस्कान और ईशांत ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन के दौरान कवियों ने अपनी भावपूर्ण कविताओं से वातावरण को साहित्यिक रस में सराबोर कर दिया। अंत में उपस्थित साहित्यकारों ने टी.सी. सावन की अध्यक्षता में चंबा लेखक मंच की रूपरेखा तैयार कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

## पधर में किसान मेला धूमधाम से शुरू, डीआईजी खुशाल शर्मा ने किया शुभारंभ

# जलेब और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाई रौनक

अनंत ज्ञान



मुख्यातिथि खुशाल शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करते एसडीएम व मेला कमेटी अध्यक्ष सुरजीत सिंह व अन्य। अनंत ज्ञान

**कविता, पधर।** उपमंडल पधर में पांच दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला बुधवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ शुरू हो गया।

मेले के शुभारंभ अवसर पर पुलिस उपमहानिदेशक एवं प्रधानाचार्य, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह, खुशाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय देव परंपरा के अनुसार क्षेत्र के आराध्य देव सूत्रधारी ब्रह्मा की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके उपरांत भव्य जलेब (शोभायात्रा) निकाली गई, जिसमें देवमयी धुनों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। जलेब में शामिल कारकूनों, स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए मेला स्थल तक पहुंचकर उत्सव का आनंद लिया। मेला स्थल पर पहुंचने पर मेला कमेटी अध्यक्ष सुरजीत सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि खुशाल शर्मा ने विधिवत मेला ध्वज फहराकर मेले का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडलों और स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

पारंपरिक वेशभूषा और लोक संस्कृति की झलक ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि डॉ. खुशाल चन्द शर्मा ने क्षेत्रवासियों को मेले की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीएसपी पधर लोकेंद्र नेगी, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग राकेश ठाकुर, तहसीलदार पधर भावना वर्मा, पूर्व प्रधान केहर सिंह ठाकुर, गिरधारी लाल भंगालिया, जितेंद्र कमांडो सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार

अनंत ज्ञान







**सरकाघाट।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल, अनंत नगर, सरकाघाट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस वर्ष विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, अर्थात सभी छात्र-छात्राएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। इस वर्ष दिव्यम शर्मा ने 96.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं श्रुति ने 88.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा नव्या जमवाल ने 88.2% अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रशासन ने यह भी बताया कि भविष्य में भी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे, ताकि वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।


**HIMACHAL PRADESH RURAL DEVELOPEMNT AND PANCHAYATI RAJ DEPARTMENT**

**NOTICE INVITING TENDERS**

Sealed item rate tenders are hereby invited by the Assistant Commissioner (Development) cum Block Development Officer Development Block Sangrah Distt. Sirmour HP from the approved/eligible contractors registered in HPPWD/I&PH Deptt. for the following works, so as to reach in this office on or before Dated 20.04.2026 up to 3.00 PM and shall be opened on same day at 3.30 PM in the presence of intending contractors or their authorized representatives who may like to be present. The tender form can be purchase from this office against cash payment (non-refundable) up to 11.00 AM on 20.04.2026. The tender form will be issued to the contractor giving proof of sale tax clearance certificate, work done certificate proof of machinery etc.
The earnest money in the shape of NSC/Time Deposit account/saving account in any of the post office in HP duly pledged in the name of Assistant Commissioner (Development)-cum-Block Development Officer Development Block Sangrah District Sirmour (H. P.) must be accompanied with the application, conditional tender and tender received without earnest money will be rejected. The undersigned reserves the right to keep the tender open for 120 days. The Block Engineer reserves the right to reject any or all tenders on behalf of Assistant Commissioner (Development) cum Block Development Officer Development Block Sangrah without assigning the reason. If there happens to be any holiday the same will be opened on the next working day.

| Sr No. | Name of Work | Estimated cost | Earnest Money | Time Limit | Cost of form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C/o Boundary Wall PHC KotiDhiman | 5,76,600/- | 11,532/- | 03 Months | 350 |

1. The tender documents shall be issued to only those contractors/forms who possess valid H.P. Sales Tax Registration under H.P. state Sales Tax ACT 1968 and production of copy of the same N.O.C. from the Excise and Taxation Department. 2. If any date mentioned above happens to be local/gazette holiday, the same shall be processed on next day. 3. The earnest money for above cited work should be submitted with the application for purchase of tender form. 4. The contractor/Firms are requested to insert the rate of each item in words as well as in figure/failing which Assistant Commissioner (Dev.)/Block Engineer reserve the right to accept/reject any or all tender on behalf of Assistant Commissioner (Development) cum Block Development Officer Development Block Sangrah.

**Assistant Commissioner (Dev.)-cum-Block Development Officer,Development Block Sangrah District Sirmour (H.P.)**

'जिस प्रकार रात्रि का अंधकार केवल सूर्य दूर कर सकता है, उसी प्रकार मनुष्य की विपत्ति को केवल ज्ञान दूर कर सकता है। -नारदभक्ति

## संपादकीय

# बढ़ती सार्वजनिक हिंसा

हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक स्थलों पर हो रही मारपीट की घटनाएं गंभीर चिंता का सबब बन गई हैं। बिलासपुर जिले के घुमारवीं में एक निजी बस के कंडक्टर के साथ हुई मारपीट का मामला हो या देहरागोपीपुर स्थित अदालत परिसर के बाहर हुई घटना- इन दोनों मामलों ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। हैरानी की बात यह है कि इन घटनाओं में शिकायत या विवाद के समाधान की बजाय सीधे सरेआम हिंसा का रास्ता अपनाया गया। यह प्रवृत्ति न केवल कानून व्यवस्था पर प्रश्न उठाती है, बल्कि सामाजिक व्यवहार और नैतिकता पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

घुमारवीं की घटना में एक महिला और उसकी ननद ने बस कंडक्टर की सार्वजनिक रूप से चप्पलों से पिटाई की। आरोप है कि कंडक्टर ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे आहत होकर महिला ने यह कदम उठाया, लेकिन सवाल यह है कि यदि वास्तव में कोई आपत्तिजनक बात हुई भी थी, तो उसका समाधान कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से होना चाहिए था। कानून किसी को भी यह अधिकार नहीं देता कि वह स्वयं न्यायाधीश बनकर सरेआम दंड दे। बाद में दोनों पक्षों ने क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई, लेकिन तब तक जो दृश्य सार्वजनिक हुआ, उसने समाज में गलत संदेश दे दिया।

इसी तरह पिछले साल नवंबर महीने में देहरागोपीपुर में एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ अदालत परिसर के बाहर हुई मारपीट और मुंह काला करने की घटना ने भी गंभीर चिंता पैदा की है। अदालत जैसे सुरक्षित माने जाने वाले स्थान के बाहर इस तरह की घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि कानून के प्रति सम्मान और भय दोनों कमजोर पड़ते जा रहे हैं। वहां मौजूद लोगों का तमाशबीन बने रहना भी उतना ही चिंताजनक है, क्योंकि यह सामाजिक संवेदनहीनता को दर्शाता है।

इन घटनाओं में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि समाज में बढ़ती हुई त्वरित प्रतिक्रिया और आक्रोश की प्रवृत्ति अब संवाद और धैर्य की जगह लेती जा रही है। किसी भी विवाद को पहले बातचीत या कानूनी रास्ते से सुलझाने के बजाय तुरंत हिंसा का सहारा लिया जाना लोकतांत्रिक और सभ्य समाज के लिए सही संकेत नहीं है। यदि किसी को कोई आपत्ति होती है, तो उसका समाधान पुलिस और न्यायालय के माध्यम से ही होना चाहिए। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इन घटनाओं को किसी एक वर्ग तक सीमित करना उचित नहीं होगा। यह समस्या सामाजिक व्यवहार और कानून के प्रति घटते विश्वास की है, न कि केवल किसी लिंग विशेष की। इसलिए इसे 'पुरुष बनाम महिला' के दृष्टिकोण से देखना समाधान नहीं है, बल्कि यह समस्या को और जटिल बना सकता है। समाज का हर वर्ग जब कानून को दरकिनार कर स्वयं न्याय करने लगता है, तो व्यवस्था कमजोर होती है।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि सार्वजनिक स्थानों पर होने वाली ऐसी घटनाओं में भीड़ अक्सर हस्तक्षेप करने के बजाय तमाशबीन बन जाती है। यह प्रवृत्ति न केवल पीड़ित व्यक्ति को असुरक्षित छोड़ देती है, बल्कि हिंसा को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा भी देती है। यदि लोग समय पर हस्तक्षेप करें या पुलिस को तुरंत सूचित करें, तो कई घटनाओं को बढ़ने से रोका जा सकता है।

प्रशासन की भूमिका भी यहां अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। सार्वजनिक स्थलों-जैसे बस स्टैंड, न्यायालय परिसर, बाजार और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है। पुलिस की नियमित उपस्थिति और त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था ऐसी घटनाओं को रोकने में प्रभावी हो सकती है। इसके साथ ही सीसीटीवी निगरानी और शिकायत निवारण तंत्र को भी अधिक सक्रिय और भरोसेमंद बनाना होगा।

सामाजिक स्तर पर भी एक व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। नागरिकों को यह समझना होगा कि कानून हाथ में लेना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह समाज में अराजकता को जन्म देता है। किसी भी विवाद की स्थिति में शांत मन से निर्णय लेना, संवाद स्थापित करना और कानूनी प्रक्रिया का पालन करना ही एक सभ्य समाज की पहचान है। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान

**सरिता मोर** एक प्रमुख भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान हैं, जिनका जन्म 16 अप्रैल 1995 को गांव बरोदा, जिला सोनीपत, हरियाणा में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता रामचंद्र मोर ने उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। सरिता का झुकाव कबड्डी की ओर था, लेकिन बाद में उन्होंने कुश्ती को अपना करियर बनाया और 12 वर्ष की उम्र में निडानी स्पोर्ट्स स्कूल में ट्रेनिंग शुरू की।



सरिता मोर
**जन्म :** 16 अप्रैल, 1995

सरिता मोर ने अपने करियर में कई अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 2017 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप (58 किग्रा) में उन्होंने रजत, जबकि 2020 में 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा 2021 में रोम में आयोजित माटेओ पेलिकोन रैंकिंग सीरीज में उन्होंने रजत पदक जीता। 2022 में कजाकिस्तान के अल्माटी में विश्व रैंकिंग सीरीज में स्वर्ण पदक जीतकर वे विश्व नंबर-1 रैंकिंग तक पहुंचीं। उनके करियर में एक बड़ा मोड़ 2011 में आया, जब कंधे की गंभीर चोट के कारण उन्हें लगभग दो वर्ष खेल से दूर रहना पड़ा, लेकिन 2013 में उन्होंने मजबूत वापसी की और भारतीय टीम में अपनी जगह फिर से बनाई। सरिता मोर भारतीय रेलवे में भी कार्यरत हैं। उनका विवाह 2017 में अंतरराष्ट्रीय पहलवान राहुल मान से हुआ। ■



गज़ल

## 'उस पिता पर क्या बीती होगी'

लता कुमारी धीमान, गांव व डा. अपर जैहमत, त. बल्द्वाड़ा, जिला मंडी, मो. 9816353006

**सजनी** थी जिन हाथों से डोली, आज वो अर्थी सजा रहे हैं।
कन्यादान की रस्में थी निभानी, क्रिया-कर्म का इंतजाम कर रहे हैं।
आंखों में हजारों सपने संजोए थी चली, हाथों में किताबें
दिल में अरमान उमड़ रहे थे। चंचल,शोख और सबकी चहेती सिया,
बेकसूर की गर्दन और बाजू काट दिए थे।
उस नशेड़ी, हैवान, दरिंदे को चाहे, अब मारो, काटो या चढ़ा दो फांसी।
पर लौट पाएगी नहीं कभी अब, बहनों और मां-बाप के चेहरों पर हंसी।
क्या कसूर था उस कमसिन फूल सी बेटी का,
पढ़ाई में थी मशगूल, नाम पिता का रोशन कर रही थी।
मेहनत मजदूरी पिता कर रहा था,
सपनों,अरमानों को पूरा करने वो उड़ान भर रही थी।
थी सखियों की प्यारी,सबके गले की थी वो हार,
मस्त मौली हो इन्ही सखियों से बात कर रही थी।
मृदुभाषी, मिलनसार और पढ़ने में बहुत होशियार,
उस वीरान सड़क पर देखो कट कर कैसे तड़प रही थी।
लग गई है नजर किसी की देवधरा को,
अनमोल जवानी नशे की भेंट चढ़ रही है, नशाखोरों के गैर इरादों की शिकार,
कितनी जवानियां बे-मौत मर रही हैं।
कुछ नहीं होगा किसी से, आम जन को आगे आना होगा,
बहुत कठिन समय की ये घड़ियां गुजर रही हैं।
निर्बीज नशे के कारोबार को कर दो,
बेटी सिया की दुखी आत्मा चीख-चीख गुजारिश कर रही है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# महिला आरक्षण का नया दौर: प्रतिनिधित्व और वास्तविक सशक्तिकरण

भारतीय लोकतंत्र में 16 अप्रैल के बाद नया अध्याय शुरू होगा। भारत में वैसे तो पंचायती राज संस्थाओं में 73वें और 75वें संविधान संशोधन से महिलाओं को पंचायती राज के तीनों स्तर पर आरक्षण दे दिया गया था, परंतु संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण की बात पूरी नहीं हो पाई थी।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि विज्ञानी, कृ.वि.वि. पालमपुर, मो. 8219389439

कारण पुरुष सांसदों को अपनी संख्या कम हो जाने का भय था और महिलाओं के आरक्षण में अनुसूचित जाति/जनजाति, मुसलमान और पिछड़े वर्गों की मांग के कारण महिला आरक्षण विधेयक पास नहीं हो पाया था। उस समय गठबंधन की सरकार थी। दो-तिहाई बहुमत लोकसभा में बिल पास कराने लायक नहीं था। भाजपा बिल का विरोध कर रही थी। वह महिलाओं के आरक्षण में जातिगत आरक्षण के पक्ष में नहीं थी। विपक्ष जातिगत आरक्षण चाहता था। आरक्षण में आरक्षण कैसे लागू हो महिलाओं का, इस पर सहमति नहीं बन पाई थी। कांग्रेस ने मनमोहन सरकार में महिलाओं के आरक्षण के लिए लोकसभा में बिल लाया पर भाजपा के विरोध तथा सत्ता में गठबंधन साथियों के कारण बिल पास नहीं हुआ, फिर ठंडे बस्ते में रख दिया गया। उस समय संसद में सांसदों की संख्या बढ़ाने की बात भी नहीं हो रही थी कि पुरुष सांसदों की संख्या कम होगी। फिर भी कांग्रेस ने महिलाओं के आरक्षण बिल को दूसरी बार लोकसभा में नहीं राज्यसभा से पास करवा दिया, जहां पर वह बहुमत में थी। इस आशा विश्वास से कि अगर 2014 में लोकसभा में बहुत मिलेगा तो बिल पास हो जाएगा और महिलाओं के लिए आरक्षण विधानसभा से सांसद तक हो जाएगा, परंतु 2014 में भाजपा की सरकार बन गई। फिर भी विपक्ष के बार-बार आग्रह पर बिल नहीं पास हुआ।

भाजपा कांग्रेस के उस बिल को पास नहीं करवाना चाहती थी। फिर 2022 में दोबारा भाजपा सरकार में वापस आई तो महिला विधेयक नए तरीके से बनाया और विधेयक का नाम 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक रख दिया। लोकसभा, राज्य सभा में सार्थक रूप में बहस हुई, सुझाव व कुछ संशोधन भी किए फिर दोनों सदनों में बहुमत के साथ 2023 में बिल पास कर दिया गया, जो अब एक कानूनी विधेयक बन गया है, परंतु लागू करने की समय सीमा पर सत्ता और विपक्ष में बहुत विवाद हुआ। विपक्ष चाहता था 2024 के चुनाव में लागू हो, लेकिन सत्ता पक्ष ने नहीं माना और कहा- जब नई जनगणना हो जाएगी हर सीट का परसिमन होगा तथा संसद और विधानसभाओं की संख्या 33 प्रतिशत बढ़ जाएगी। प्रदेश की आबादी के अनुसार संसद की सीटों की संख्या निर्धारित होगी।



तभी नारी शक्ति वंदन आरक्षण लागू होगा। सांसदों की संख्या 816 होगी, जिसमें 273 महिला सांसदों की संख्या होगी। यह पहले 15 साल के लिए ही लागू होगा, फिर आगे बढ़ाने पर विचार होगा। संसद और विधानसभाओं में आबादी के अनुसार जो सीटों को बढ़ाने की बात हो रही वह भी एक जटिल समस्या बन गया है। वर्तमान सरकार का कहना है जिस राज्य में जनसंख्या कम है। जिस राज्य ने जनसंख्या वृद्धि दर को कम किया है उस राज्य में सांसदों की संख्या कम होगी तथा जिस राज्य में जनसंख्या ज्यादा है उस राज्य में सांसदों की संख्या बढ़ जाएगी। इस नीति से दक्षिण के संसदों की सीटों में वर्तमान की अपेक्षा बहुत कम संसद संख्या बढ़ेगी जो उनके लिए नुकसानदायक होगा। वह अपने राज्यों में अधिक सांसदों की संख्या चाहते हैं। उनका कहना जनसंख्या वृद्धि दर रोककर कोई अपराध नहीं किया है कि हमारे प्रदेश में सांसदों की संख्या उत्तर भारत के अनुसार कम हो, उसी अनुपात में दक्षिण राज्यों की संसद की संख्या बढ़े। इसे नियम से यूं भी कहें कि उत्तर भारत के प्रदेशों में सांसदों की संख्या दक्षिण भारत की अपेक्षा ज्यादा होगी और दक्षिण भारत का जो अभी वर्चस्व है वह कम हो जाएगा। यह भी विशेष सत्र में चर्चा में आएगा। साथ में दक्षिण भारत से कम महिलाओं का संसद में प्रतिनिधित्व होगा। 2029 में होने वाले संसद के चुनाव में लागू करना है, पर संशय बना हुआ है, जो अब 16 अप्रैल को होने वाले विशेष संसद सत्र में ही दूर होगा कि महिला आरक्षण कब और कैसे देश में लागू होगा? आरक्षण संसदीय सीटों और विधानसभा में किस तरह लागू होगा? महिलाओं को पंचायती राज की तरह जाति-आधारित आरक्षण होगा या आरक्षण में आरक्षण का क्या होगा कैसे होगा? विपक्ष शुरुआत से ही महिलाओं को जातिगत आधार पर आरक्षण मांगता आ रहा है। मुसलमान सांसद मुस्लिम महिलाओं के लिए भी अलग से आरक्षण मांग रहे हैं।

अभी देश में प्रस्तावित जनगणना को लेकर चर्चा तेज है, जिसमें पहली बार जातिगत आंकड़े भी शामिल किए जाने की बात हो रही है। यह भविष्य में महिलाओं के लिए 'आरक्षण में आरक्षण' की मांग को मजबूत आधार दे सकता है। फिलहाल सबकी नजर संसद के विशेष सत्र पर है, जहां इस मुद्दे पर स्पष्टता की उम्मीद की जा रही है।

'नारी शक्ति वंदन' के तहत संविधान के 128वें संशोधन द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान तो किया गया है, लेकिन पिछड़े वर्ग की महिलाओं को अलग से हिस्सा नहीं दिया गया, जिस पर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि क्या इसका लाभ आम महिलाओं तक पहुंचेगा। पंचायती राज का अनुभव बताता है कि अधिकतर आरक्षित सीटों पर राजनीतिक परिवारों की महिलाएं ही जीतती हैं और कई जगह वास्तविक शक्ति उनके परिजनों के हाथ में रहती है। यही स्थिति आगे भी दोहराई जा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बच्चों की परवरिश में माता-पिता की समान भागीदारी: बदलती सोच और बेहतर भविष्य

बच्चों की परवरिश को लेकर समाज की सोच धीरे-धीरे बदल रही है। अब यह माना जा रहा है कि बच्चों को संभालना सिर्फ मां की ही नहीं, बल्कि पिता की भी बराबर जिम्मेदारी है। पुराने समय में यह धारणा थी कि बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी अकेली मां की है, लेकिन अब युग बदल रहा है महिलाएं भी घर की आर्थिकी में सहयोग दे रही हैं, तो दोनों द्वारा बराबरी से जिम्मेदारी उठाना अति आवश्यक हो जाता है। माता-पिता दोनों द्वारा परवरिश करने से बच्चों का भावनात्मक विकास होता है।



कमलेश ठाकुर
गांव भैल्ला, तहसील लड़भड़ोल, जिला मंडी, मोबाइल : 6239761882

मां से बच्चा ममता, प्यार और स्नेह भावना सीखता है, जबकि पिता के साथ होने से बच्चा खुद को सुरक्षित महसूस करता है। दोनों मिलकर बच्चों को आत्मविश्वासी बनाते हैं जो की जीवन में आगे बढ़ने के लिए और खुशहाल जिंदगी जीने के लिए बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाता है। बच्चा माता-पिता दोनों के व्यवहार से सीखना है। माता-पिता के आपसी स्नेह और एक-दूसरे के प्रति देखभाल को देखकर बच्चा भी आगे चलकर इस गुण को अपनाता है बच्चा चाहे कोई भी हो बेटा या बेटी, दोनों को समान समझकर परवरिश करनी चाहिए।

हमें लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए। बच्चों को मिलजुल कर पालने से किसी एक पर बोझ नहीं आता। जब पिता भी बच्चों के हर काम में शामिल होता है तो बच्चों का अपने माता-पिता के साथ रिश्ता मजबूत बनता है। जब बच्चा माता-पिता दोनों को मिलजुल कर काम करते देखा है तो आगे चलकर वह भी सबको समान समझता है और मिलजुल कर सामाजिक पहलुओं में अपना योगदान देता है।

बाल विकास विशेषज्ञ कहते हैं कि बच्चों की भावनात्मक और मानसिक विकास के लिए मां की ममता जितनी जरूरी है उतना ही पिता का साथ और समय देना जरूरी है। अगर



पिता समय न दे तो बच्चा भावनात्मक तौर पर उसके साथ नहीं जुड़ पाता है और साथ ही साथ पिता से बच्चा निर्णय लेने की क्षमता, परिवार में एक जुटता को बनाए रखने तथा समाज में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे गुणों को सीखना है।जब बच्चा देखता है कि पिता भी काम में मां का हाथ बंटा रहा है और मां भी ऑफिस या स्कूल जाकर काम कर रही है तो बच्चे के अंदर बराबरी की भावना अपने आप आ जाती है। यूनिसेफ की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार जिन घरों में पिता रोज कम से कम एक घंटा अपने बच्चों के साथ बिताते हैं, वहां बच्चे का आईक्यू लेवल और सोशल स्किल 30 प्रतिशत तक बेहतर पाया गया यह रिसर्च काफी महत्वपूर्ण है। इससे हम पता लगा सकते हैं कि किस तरह से समय देने से बच्चों की सामाजिक क्षमता,बौद्धिक क्षमता तथा निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है । इस प्रक्रिया से बच्चे कम जि़दि करते हैं और सामाजिक सामंजस्य बिठाने के गुणों को सीखते हैं। इस तरह बच्चे अपने स्कूल में न केवल अकादमिक बल्कि खेल से संबंधित और अन्य जीवन मूल्य से संबंधित विषयों में भी बेहतर परफॉर्म करते हैं। अब तो स्कूलों में भी 'फादर डे' और 'मदर डे' दोनों समान रूप से मनाए जाते हैं। यहां तक कि पुरानी पीढ़ी से सीखते हुए और पुरानी पीढ़ी को पूरा महत्व देते हुए 'ग्रैंडपेरेंट्स डे' को भी मनाया जा रहा है जो की एक अच्छी शुरुआत है ।और इससे बच्चे अपने इतिहास से जुड़कर दादा-दादी के अनुभवों को सुनकर सीखते हैं। दादा-दादी की सुनाई कहानियां जोकि नैतिक रूप से उन्हें बल देती हैं जो उन्हें जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देती हैं । और उन्हें अपनी संस्कृति और समाज से जोड़े रखती हैं।

यह उन्हें समय के हिसाब से जो बदलाव समाज में आते हैं उन बदलावों के बारे में भी बच्चों का ज्ञान बढ़ता है और वह उन गुणों को सीखते हैं जो कि आज के समय में बहुत जरूरी हैं । जैसे पुराने समय में हर एक कार्य को करने के लिए संघर्ष करना पड़ता था क्योंकि सुविधाएं इतनी नहीं थीं तो सबसे बड़ा गुण जो बुजुर्गों से सीखा जा सकता है वह यह है कि किस तरह से हमें विषम परिस्थितियों में भी संयम रखना है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# क्या दल-आधारित पंचायत चुनाव जवाबदेही को सुदृढ़ कर सकते हैं?

भारत में पंचायती राज संस्थाएं (PRIs) जमीनी लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं, जिसकी नींव 73वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से रखी गई थी। हिमाचल प्रदेश में अंतिम पंचायत चुनाव 2021 में संपन्न हुए थे और अब अगला चुनाव 2026 से पहले कराना संवैधानिक आवश्यकता है, हालांकि प्रशासनिक और न्यायिक कारणों से समयसीमा में बदलाव हुआ है। जैसे-जैसे चुनावी माहौल बन रहा है, सोशल मीडिया और राजनीतिक दलों की अप्रत्यक्ष सक्रियता भी बढ़ रही है।



डॉ. बलदेव सिंह नेगी
अंतरविषयक अध्ययन विभाग, एचपीयू, शिमला, मोबाइल : 9418485352

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों में हमेशा उच्च मतदान प्रतिशत देखा गया है, जो मजबूत लोकतांत्रिक भागीदारी का संकेत है, लेकिन इसके बावजूद पंचायत व्यवस्था औपचारिक रूप से गैर-दलीय बनी हुई है। यह स्थिति एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है कि जब चुनाव इतने राजनीतिक रूप से प्रभावित होते हैं, तो इन्हें औपचारिक रूप से दल-आधारित क्यों न बनाया जाए? कुछ राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, केरल और त्रिपुरा में पंचायत चुनाव दल-आधारित होते हैं, जबकि कई अन्य राज्यों में आंशिक रूप से यह मॉडल लागू है। संविधान का अनुच्छेद 243C राज्यों को इस विषय में पर्याप्त लचीलापन देता है। इसी तरह अनुच्छेद 243G पंचायतों को आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय से जुड़े 29 विषयों पर कार्य करने की जिम्मेदारी देता है, जिससे उनकी भूमिका केवल प्रतीकात्मक नहीं रह गई है।

आज पंचायतें मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कई पंचायतों में प्रति वर्ष करोड़ों रुपए का बजट आता है, जिससे उनके कार्य की जटिलता और जिम्मेदारी दोनों बढ़ गई हैं। हालांकि, कई




अध्ययन और स्थानीय अनुभव बताते हैं कि पंचायतों के प्रदर्शन में असमानता बनी हुई है। सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण और पंचायती उन्नति सूचकांक में कई पंचायतें अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रही हैं। इसका एक प्रमुख कारण जवाबदेही की कमी और राजनीतिक निगरानी का कमजोर होना है। गैर-दलीय प्रणाली में अक्सर चुनाव के बाद राजनीतिक सक्रियता कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, निर्णय लेने की प्रक्रिया कुछ व्यक्तियों तक सीमित हो जाती है और ग्राम सभा जैसी संस्थाएं कमजोर पड़ जाती हैं। इससे भ्रष्टाचार और संसाधनों के दुरुपयोग की आशंका बढ़ जाती है। इसी संदर्भ में दल-आधारित पंचायत चुनावों का विचार महत्वपूर्ण बन जाता है।

यदि चुनाव औपचारिक रूप से राजनीतिक दलों के प्रतीकों पर हों, तो जवाबदेही स्पष्ट रूप से तय की जा सकती है। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों की जिम्मेदारी लेंगे और शासन की विफलता पर उनसे उत्तरदायित्व मांगा जा सकेगा। यह व्यवस्था महिला नेतृत्व को भी मजबूत कर सकती है, विशेषकर तब जब पंचायतों में पहले से ही आरक्षण लागू है। दलों के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, संगठनात्मक समर्थन और राजनीतिक अनुभव मिल सकता है, जिससे वे उच्च स्तर की राजनीति में भी प्रभावी भूमिका निभा सकें। पंचायती राज संस्थाओं का विकास उन्हें शासन की एक केंद्रीय इकाई बना चुका है, जिनके पास पर्याप्त शक्तियां, संसाधन और जिम्मेदारियां हैं, लेकिन इनके साथ समुचित राजनीतिक जवाबदेही का तंत्र नहीं जुड़ा है, जिससे इनकी प्रभावशीलता प्रभावित होती है।

पंचायत चुनावों को पार्टी प्रतीकों पर कराना केवल एक प्रक्रियात्मक बदलाव नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक आवश्यकता है, जो जमीनी लोकतंत्र को पारदर्शिता, जवाबदेही और राजनीतिक परिपक्वता से जोड़ सकती है। जो व्यवस्था पहले से अनौपचारिक रूप से मौजूद है, उसे औपचारिक रूप देकर भारत अपने लोकतांत्रिक ढांचे को और मजबूत बना सकता है तथा विकेंद्रीकरण के उद्देश्यों को अधिकप्रभावी ढंग से साकार कर सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पंचायत चुनाव और नेतृत्व: क्या हम 'यस मैन' तो नहीं चुन रहे?

भारत के गौरवशाली सैन्य इतिहास के महानायक सैम मानेकशॉ ने कहा था, 'Yes Man is a horrible man... he can never be a leader' यह कथन आज केवल सैन्य संदर्भ तक सीमित नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन के हर स्तर पर लागू होता है।



हितेंद्र शर्मा
स्वतंत्र लेखक, कुमारसैन, शिमला (हि.प्र.), मो. 7018262027

नेतृत्व का अर्थ केवल आदेश देना नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने का साहस रखना है। एक 'सुविधाजनक' व्यक्ति कभी प्रभावी नेता नहीं बन सकता, क्योंकि नेतृत्व की पहली शर्त है-सत्य के साथ खड़े होने की क्षमता। यह विचार आज हिमाचल प्रदेश के गांवों में विशेष रूप से प्रासंगिक हैं, जहां पंचायत चुनावों की तैयारी शुरू हो चुकी है।

लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई पंचायत केवल प्रशासनिक ढांचा नहीं, बल्कि आम नागरिक की आकांक्षाओं का मंच है। 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायतों को जो अधिकार मिले, उनका उद्देश्य सत्ता का विकेंद्रीकरण और गांवों को आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन सवाल यह है कि क्या हमने नेतृत्व का चयन उसकी योग्यता के आधार पर किया है? ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर चुनाव विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर नहीं, बल्कि सामाजिक समीकरणों और रिश्तों के आधार पर लड़े जाते हैं। ऐसे में 'सबको खुश रखने' वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता मिलती है, लेकिन यही प्रवृत्ति आगे चलकर प्रशासनिक कमजोरी में बदल जाती है। जब नेता कठिन निर्णय लेने से बचता है या दबाव में झुक जाता है, तो विकास कार्य ठप हो जाते हैं और गांव की प्रगति रुक जाती है।

आज पंचायतों के पास संसाधनों की कमी नहीं है। 15वें वित्त आयोग, मनरेगा और अन्य सरकारी योजनाओं से पर्याप्त बजट उपलब्ध है। समस्या धन की नहीं, बल्कि उसके प्रभावी उपयोग की है। कई बार तकनीकी जानकारी और प्रशासनिक समझ के अभाव में योजनाएं कागजों में ही सीमित रह जाती हैं। समय पर उपयोग प्रमाण पत्र न देने के कारण बजट




वापस चला जाता है, जो गांव के लिए बड़ी क्षति है। 'यस मैन' की मानसिकता यहां सबसे बड़ी बाधा बनती है। हम ऐसे प्रतिनिधि चुनते हैं जो हर बात पर सहमति जताएं, भले ही वह निर्णय गलत क्यों न हो। यह झूठी संतुष्टि विकास को धीमा कर देती है। नेतृत्व का काम केवल सहमति देना नहीं, बल्कि सही और गलत में अंतर कर निर्णय लेना है, चाहे वह लोकप्रिय हो या नहीं। पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल में पंचायतों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भूस्खलन, सड़क संपर्क, जल स्रोतों का संरक्षण और सीमित संसाधनों का प्रबंधन—ये सभी चुनौतियां एक सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व की मांग करती हैं। पंचायत को केवल औपचारिक संस्था नहीं, बल्कि योजनाकार, प्रबंधक और आपदा-संयोजक की भूमिका निभानी होती है।

आज ग्रामीण समाज तेजी से बदल रहा है। शिक्षा, तकनीक और जागरूकता बढ़ रही है। ऐसे में नेतृत्व के पुराने मानदंड-जाति, रिश्तेदारी या प्रभाव अब पर्याप्त नहीं हैं। अब जरूरत ऐसे प्रतिनिधियों की है जो डिजिटल युग की समझ रखते हों, ई-गवर्नेंस और विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें और गांव को नई दिशा दे सकें। यह चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का नहीं, बल्कि भविष्य तय करने का अवसर है। हमें 'लोकप्रिय' और 'सक्षम' के बीच अंतर समझना होगा।

एक सख्त लेकिन दूरदर्शी नेता भले ही सभी को तुरंत पसंद न आए, लेकिन वही गांव को आगे ले जा सकता है। इसलिए इस बार मतदान 'अनुकूलता' के लिए नहीं, बल्कि 'सक्षमता' और 'स्पष्टवादिता' के लिए होना चाहिए। याद रखें, एक 'यस मैन' कभी भी आपके गांव का भविष्य नहीं बना सकता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# भुभू जोत टनल की डीपीआर का कार्य शुरू: विक्रमादित्य

## लोक निर्माण मंत्री ने की जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता, मंडी के सेरी मंच पर फहराया तिरंगा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सेरी मंच पर आयोजित जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने राष्ट्र ध्वज फहराकर मार्चपास्ट की सलामी ली। उन्होंने इंदिरा मार्केट परिसर स्थित शहीद स्मारक एवं सेरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर पुलिस, गृह रक्षक वाहिनी, एनसीसी, एनएसएस व स्काऊट एंड गाइड्स की टुकड़ियों ने भव्य परेड निकाली। वहीं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों ने रंगारंग कार्य प्रस्तुत किए।

विक्रमादित्य सिंह ने हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिल्हबुधाणी-भुभू जोत-कुल्लू सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने इसे सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना है और एनएचएआई ने इसे दो लेन सड़क बनाने के लिए डीपीआर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मंडी व कुल्लू जिला के महत्वपूर्ण भुभू जोत टनल बनने से कांगड़ा से कुल्लू की दूरी लगभग 55 किलोमीटर कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1538 किलोमीटर सड़कों के लिए 294 परियोजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं, जिन पर लगभग 2244 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अगले चरण में 800 किलोमीटर सड़कों के लिए लगभग 1200 करोड़ का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंडी, गागल, चैलचौक और जंजैहली को जोड़ने वाली सड़क का काम जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले दिन से ही नए संसाधन जुटाने पर ध्यान केंद्रित किया है और पिछले तीन वर्षों में 49,500 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान किये वायदों को पूरा कर लिया है। प्रदेश के 1.36 लाख कर्मचारियों को पहली कैबिनेट बैठक में ओपीएस बहाल की। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के तहत पात्र महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से प्रतिमाह 1500 रुपए सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 680 करोड़ की राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्ट-अप योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत पहले चरण में ई-टैक्सी खरीद के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी और निश्चित आय का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत एक क्रांतिकारी पहल है। शिमला के चमियाणा, आईजीएमसी, टांडा और नेरचौक चिकित्सा महाविद्यालय में यह सुविधा उपलब्ध करवाई जा चुकी है जबकि हमीरपुर को जल्दी ही प्रदान की जाएगी।




### विक्रमादित्य ने किया स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुभारंभ व गीत लॉन्च

**विक्रमादित्य** सिंह ने इस अवसर पर नगर निगम मंडी द्वारा स्वच्छता जागरूकता पर तैयार गीत एवं हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया और स्वच्छता कर्मियों, परेड में शामिल दलों और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दलों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार से हिमाचल ने पूर्ण साक्षर राज्य बनने का मील पत्थर हासिल किया है। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के अनुसार हिमाचल को देश में 5वां स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि वर्ष 2021 में 21वें स्थान पर था। बच्चों के पढ़ने और सीखने के स्तर में राज्य को प्रथम आंका गया है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों को चरणबद्ध माध्यम से सीबीएसई से संबद्ध करने का निर्णय लिया है। मंडी जिला के भी 23 स्कूल इसमें शामिल हैं।

### ये रहे मौजूद

**इस** अवसर पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, पूर्व सीपीएस सोहन लाल, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल, राज्य जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंपा ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस समिति के उपाध्यक्ष चेतराम ठाकुर, महासचिव यदोपति ठाकुर, पूर्व प्रत्याशी नरेश चौहान, अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, उपमंडलाधिकारी (ना.) रुपिंदर कौर, नगर निगम के आयुक्त रोहित राठौर सहित विभिन्न उच्चाधिकारियों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## हिमाचल दिवस पर मंडी का बढ़ा मान, डीसी अपूर्व और एसडीएम स्मृतिका नेगी सम्मानित




डीसी अपूर्व व एसडीएम स्मृतिका को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** जिला किन्नौर के मुख्यालय रिकांगपिओ में आयोजित 79वें राज्यस्तरीय हिमाचल दिवस समारोह के दौरान मंडी जिला के लिए गर्व का क्षण देखने को मिला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंडी के दो प्रशासनिक अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य और जनहित में किए गए नवाचारों के लिए सम्मानित किया।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को सुशासन को मजबूत करने और प्रशासनिक सेवाओं को आम जनता तक सरल व पारदर्शी रूप में पहुंचाने के लिए 'सिविल सर्विस अवार्ड' से नवाजा गया। उनके नेतृत्व में 'दिव्यम ऐप' और 'अपना पुस्तकालय' जैसी पहलें सफलतापूर्वक लागू की गईं, जिनसे डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ी और विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण मिला।

### ◆ सुशासन व नवाचार के लिए मिला सिविल सर्विस अवार्ड

वहीं एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी को भी उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यशैली के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और जन समस्याओं के त्वरित समाधान में अहम भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने दोनों अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीए व पे एरियर पर चुप्पी से कर्मियों में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल दिवस के अवसर पर भी डीए और पे एरियर की घोषणा न होने से हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने नाराजगी जताई है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद कर्मचारियों को उनका हक नहीं मिल रहा है, जिससे असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा डीए बढ़ाए जाने के बावजूद राज्य कर्मचारियों को इसका लाभ समय पर नहीं दिया गया। साथ ही लंबित पे एरियर का भुगतान भी अब तक नहीं हुआ है। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो वे न्यायालय का रुख करेंगे और व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे।

### हिमाचल दिवस पर स्वच्छता कर्मी नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल दिवस के अवसर पर मंडी में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने वार्ड-3 के ठेकेदार करण व उनकी टीम को प्रथम पुरस्कार, राधा, काजल, मणी, भगत राम व रोहित को द्वितीय तथा संगीता, गुरदेव व राकेश को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत भी की गई। मंत्री ने 'मंडी है हमारी, दिल में इसका मान' स्वच्छता गीत जारी किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व परेड में शामिल विभिन्न स्कूलों, एनसीसी, एनएसएस व सुरक्षा बलों को भी सम्मानित किया गया।

### कैप्टन अशोक कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के चैयरमेन कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, मीडिया प्रभारी नायब सूबेदार अमृतलाल तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान द्वारा जारी की गई एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि सूबेदार राजू राम चौहान जो कि सरकाघाट पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष थे उनका अचानक देहांत होने के बाद अभी उनके स्थान पर कैप्टन अशोक कुमार को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। 53 वर्षीय कैप्टन अशोक कुमार गांव हरी, डाकखाना बहना, तहसील सरकाघाट के स्थानीय निवासी हैं तथा वह एक सैनिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं और उन्होंने भारतीय सेना में 34 वर्षों तक सराहनीय सेवाएं देकर अभी पिछले वर्ष ही सेवानिवृत हुए हैं।

### मुल्थान कृषि प्रसार केंद्र पर 5 साल से ताला

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी के केंद्र मुल्थान में स्थित कृषि प्रसार केंद्र की बदहाल स्थिति ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। करीब पांच वर्षों से इस केंद्र पर ताला लटका हुआ है, जिससे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा




रहा। जानकारी के अनुसार, यह केंद्र करीब 20 वर्ष पहले किसानों की सुविधा के लिए स्थापित किया गया था। शुरुआती समय में यहां किसानों को बीज, दवाइयां और कृषि उपकरण आसानी से उपलब्ध होते थे, जिससे उन्हें काफी लाभ मिला। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से कृषि प्रसार अधिकारी का पद खाली होने के कारण केंद्र पूरी तरह बंद पड़ा है। इन दिनों घाटी में सब्जियों की पनिरियां तैयार करने का सीजन चल रहा है, जिससे किसानों को बीज और अन्य सामग्री की सख्त जरूरत है। केंद्र बंद होने के कारण किसानों को दूर-दराज क्षेत्रों में भटकना पड़ रहा है और उन्हें महंगे दामों पर सामान खरीदना पड़ रहा है। घाटी की निवर्तमान प्रधान दुर्गेश कुमारी, रेखा देवी, रक्षा देवी, सुरेंद्र कुमार और शालू देवी सहित अन्य किसानों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल से मांग की है कि केंद्र में शीघ्र कृषि प्रसार अधिकारी की नियुक्ति की जाए और किसानों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाए।

### नबाही में अंबेडकर जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के नबाही क्षेत्र के घुलाणू में संत सिरोमणी गुरु रविदास सभा द्वारा संविधान निर्माता डॉ वीआर अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में केशन चंद्र ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि दीप कुमार संधू विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सभा के प्रधान बलदेव सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि का पारंपरिक स्वागत कर उन्हें टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब केवल एक महान व्यक्ति ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भगवान समान थे। उन्होंने बताया कि आजादी से पहले देश में महिलाओं और पिछड़े वर्गों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, लेकिन संविधान में दिए गए अधिकारों के कारण आज उन्हें शिक्षा, समानता और राजनीति में भागीदारी का अवसर मिला है। इस अवसर पर दीप कुमार संधू, राजेंद्र सूर्यवंशी, प्रवीण भारद्वाज और अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहेब के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सभा के उपाध्यक्ष प्रेम सिंह, सचिव सुहडू राम, अध्यक्ष नथूराम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चौहार और छोटाभंगाल घाटी को मिलाकर नया विधानसभा क्षेत्र बनाने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** बरोट क्षेत्र में द्रंग विधानसभा की चौहार घाटी और बैजनाथ विधानसभा की छोटाभंगाल घाटी को मिलाकर नया विधानसभा क्षेत्र बनाए जाने की मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। दोनों दुर्गम घाटियों के लोगों ने इस मुद्दे को लेकर अपनी आवाज बुलंद करते हुए सरकार से प्राथमिकता के आधार पर इस दिशा में कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौहार घाटी और छोटाभंगाल घाटी भौगोलिक रूप से एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। दोनों क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियां, रहन-सहन, भाषा और खानपान भी काफी हद तक समान हैं। ऐसे में इन दोनों घाटियों को मिलाकर बरोट या मुल्थान के नाम से नया विधानसभा क्षेत्र बनाया जाए तो यहां विकास को गति मिल सकती है। लोगों ने बताया कि चौहार घाटी की 13 पंचायतें और छोटा व बड़ा भंगाल क्षेत्र की 8 पंचायतें इस प्रस्तावित क्षेत्र में आती हैं। उनका कहना है कि अलग विधानसभा बनने से स्थानीय विधायक क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा में प्रभावी ढंग से उठा सकेगा और विकास कार्यों में तेजी आएगी।स्थानीय निवासी सुखराम, मेदराम, हरि सिंह, राम कुमार, श्याम लाल, सुनीता, राम देव और तेजमल ने सरकार से मांग की है कि जब भी प्रदेश में नए विधानसभा क्षेत्रों के गठन की प्रक्रिया शुरू हो, तब चौहार और छोटाभंगाल घाटी को मिलाकर नए क्षेत्र के गठन को प्राथमिकता दी जाए।

## वन मित्रों का नियुक्ति प्रक्रिया के खिलाफ प्रदर्शन, असिस्टेंट गार्ड भर्ती पर लगे रोक



पदोन्नति, मानदेय व सुरक्षा नीति को लेकर सौंपा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी में हिमाचल प्रदेश वन मित्र यूनियन ने नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर विरोध जताते हुए लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने असिस्टेंट गार्ड की नई भर्ती पर तत्काल रोक लगाने की मांग उठाई।

यूनियन के प्रदेश महासचिव मनीष ने बताया कि वर्तमान में कार्यरत वन मित्र पहले से ही विभागीय जिम्मेदारियों के साथ गार्ड स्तर के कार्य भी संभाल रहे हैं। ऐसे में यदि अलग से असिस्टेंट गार्ड की नियुक्ति की जाती है, तो इससे वन मित्रों की पदोन्नति प्रभावित होगी और उनके भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

उन्होंने सुझाव दिया कि असिस्टेंट गार्ड के पदों पर नियुक्ति सीधे वन मित्रों में से ही की जाए, ताकि उनके अनुभव और कार्य को उचित मान्यता मिल सके। ज्ञापन में बताया गया कि वन मित्र लंबे समय से वन संरक्षण, जन-जागरूकता अभियानों और विभागीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन अब तक उनके लिए कोई स्थायी नीति नहीं बनाई गई है।

यूनियन ने सरकार से मांग की कि वन मित्रों के लिए शीघ्र स्थायी नीति बनाई जाए, मानदेय में वृद्धि की जाए और कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

# नौलखा फोरलेन पर बार-बार धंस रहे डंगे, बढ़ रहा हादसों का खतरा

## कीरतपुर-मनाली मार्ग की बदहाल स्थिति, खराब सड़क व्यवस्था से जनता त्रस्त

अनंत ज्ञान मुद्दा

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नौलखा के पास एकतरफा फोरलेन का हिस्सा यातायात के लिए बंद हो गया है, जिससे लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। बार-बार डंगे ढहने और गिरने की वजह से इस मार्ग की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कीरतपुर-मनाली फोरलेन के इस हिस्से, विशेषकर नौलखा गांव के पास ढला नाल क्षेत्र में, कई तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। यहां न तो पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था है और न ही सड़क की संरचना सुरक्षित मानी जा सकती है। रात के समय यह इलाका पूरी तरह अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है। इसके अलावा जरल गांव तक सड़क पर एक लंबा और अजीब मोड़ दिया गया है, जो ऊंचाई वाले इस क्षेत्र में यातायात को और जोखिम भरा बना देता है।



फोरलेन का एकतरफा हिस्सा यातायात के लिए बंद। अनंत ज्ञान

सबसे बड़ी समस्या बार-बार डंगे का धंसना है। मरम्मत कार्य भी बेहद सीमित और अस्थायी रूप से किया जा रहा है, जिससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। लंबे समय से मलबा सड़क पर जमा है और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। अब तो स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि पास के मकान भी इस ढहे हुए हिस्से की चपेट में आ गए हैं। जरल गांव के पास भू-जल सड़क को उधेड़कर बाहर आ रहा है, जिससे सड़क की सतह खराब हो रही है। साथ ही सर्विस रोड का कुछ हिस्सा भी धंस गया है, जहां बरसात के दौरान पानी भरकर जोहड़ जैसी स्थिति बन जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के समाधान के लिए नौलखा से जरल गांव तक फ्लाईओवर बनाने की मांग लंबे समय से लंबित है, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की अनदेखी के कारण हालात दिन-प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं। एकतरफा संकरी सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के चलते दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। बुद्धिजीवी वर्ग भी इस बात को लेकर चिंतित है कि फोरलेन सड़क अपने मानकों के अनुरूप नहीं बनी है। लोगों ने मंडी की सांसद कंगना रणौत और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि जल्द से जल्द इस पूरे मार्ग का गुणवत्तापूर्ण सुधार किया जाए और गिरे हुए डंगों को मजबूत किया जाए।

## नबाही और कोट हटली की टीम ने जीती बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता



बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही में आयोजित तीसरी जिला स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता मंडी जिला बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव केसी ठाकुर ने की। प्रतियोगिता में जिले भर से आई टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल प्रेमियों का खूब मनोरंजन किया। लड़कों के वर्ग में बॉल बैडमिंटन क्लब नबाही और बॉल बैडमिंटन क्लब सरकाघाट के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। कड़े संघर्ष में नबाही की टीम ने सरकाघाट को 27-35, 35-29 और 35-31 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे मुकाबला अंत तक रोमांचक बना रहा।

वहीं, लड़कियों के वर्ग में कोट हटली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए धबोई को सीधे सेटों में 35-26 और 35-22 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। कोट हटली की खिलाड़ियों ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और जीत दर्ज की। समापन समारोह के दौरान विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवदत्त प्रेमी, महेंद्र सिंह, मदन सिंह, राजेंद्र कुमार, संतोष कुमार, चंद्र कुमार, टीना शर्मा, रितिका राणावत, आंचल भारद्वाज, नरेंद्र कुमार और राजेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पीड़ित परिवारों तक तुरंत पहुंचाएं सहायता राशि: सूबेदार मेजर रविंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स-सर्विसमैन यूनिट सरकाघाट के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को स्वर्गीय सूबेदार राजू राम चौहान के निधन पर उनके घर जाकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान संगठन ने पूर्व सैनिक के परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। कैंटीन मैनेजर की सराहनीय पहल से, मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएसडी (सीएसडी) कैंटीन सरकाघाट के मैनेजर सूबेदार मेजर रविंद्र कुमार चौहान ने फ्यूनरल ग्रांट के रूप में ₹10,000 की सहायता राशि जारी की।

उन्होंने एक विशेष संदेश देते हुए कहा कि सभी पूर्व सैनिक संगठन और इकाइयां इसी तरह समन्वय बनाकर कार्य करें। जब भी किसी पूर्व सैनिक का निधन हो, संगठन के लोग तुरंत उनसे मिलकर ग्रांट की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता पहुंचाने में कोई देरी न हो। समय पर मदद ही सच्ची सेवा को साबित करते हुए, संगठन के प्रतिनिधियों ने कैंटीन मैनेजर की अगुवाई में यह राशि परिवार को सुपुर्द की। यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स-सर्विसमेन ने सूबेदार मेजर रविंद्र कुमार की इस कार्यशैली और तत्परता का आभार जताया। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी सूबेदार मेजर रविंद्र कुमार चौहान, नायब सूबेदार अमृतलाल सकलानी, सूबेदार मेजर वीएस डोगरा और नायब सूबेदार गुरदीप सिंह, हवलदार सुरेंद्र वर्मा, सूबेदार मेजर सुरजीत सिंह, कप्तान अशोक कुमार, कैप्टन रत्न चंद, सूबेदार संजीव कुमार, रमेश कुमार भारद्वाज समाज सेवक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पुरानी मंडी से पड्डल पुल और शहरी स्वास्थ्य केंद्र की मांग तेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शीतला समाज सेवक ने लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुरानी मंडी क्षेत्र से जुड़ी दो प्रमुख समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

समाज के प्रधान एवं निवर्तमान महापौर नगर निगम मंडी वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि पुरानी मंडी से पड्डल को जोड़ने वाला पुल पिछले दो वर्षों से बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक आम जनता के लिए इसे शुरू नहीं किया गया है। पुल को जोड़ने वाली एप्रोच रोड पर मिट्टी भराव का कार्य लंबित है, जो निजी भूमि मालिकों को मुआवजा न मिलने के कारण रुका हुआ है। हालांकि मुआवजे की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन भुगतान न होने से कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। उन्होंने मंत्री से इस मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर पुल को शीघ्र जनता को समर्पित करने की मांग की। इसके अलावा भ्यूली में निर्मित शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र का मुद्दा भी उठाया गया। ज्ञापन में कहा गया कि यह केंद्र करीब डेढ़ वर्ष पहले बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन अब तक यहां स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई है। शीतला सेवक समाज ने केंद्र में आवश्यक स्टाफ और सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा इसका शीघ्र लोकार्पण करने की मांग की।



◆ शीतला समाज सेवक ने मंत्री विक्रमादित्य को सौंपा ज्ञापन

**सिया हत्याकांड** महिला आयोग अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से मिलकर दिया न्याय का भरोसा

# परिवार के साथ खड़ा है महिला आयोग: विद्या नेगी



अनंत ज्ञान फॉलोअप

महिला आयोग अध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिलती हुईं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** जिला मंडी के उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत गोपालपुर के नैण गांव में हुए बहुचर्चित सिया हत्याकांड को लेकर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। विद्या नेगी ने सिया के माता-पिता से बातचीत करते हुए कहा कि इस दुखद घटना में आयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर की धर्मपत्नी मंजू ठाकुर और अश्वनी गुलेरिया भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी व न्याय की इस लड़ाई में हरसंभव सहयोग देने की बात कही। विद्या नेगी ने प्रशासन और पुलिस से भी मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

### पूर्व सैनिक संगठनों का रोष प्रदर्शन आज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में बेटी 'सिया' की निर्मम हत्या के दोषियों को जल्द सजा दिलाने की मांग को लेकर पूर्व सैनिक संगठनों में भारी रोष है। संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के आह्वान पर 16 अप्रैल को सरकाघाट में रोष प्रदर्शन रैली आयोजित की जाएगी। इसमें सरकाघाट सहित टीहरा, बलदवाड़ा, धर्मपुर, थौना, गाहर सरी और डैहर क्षेत्रों के पूर्व सैनिक व वीर नारियां शामिल होंगी। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलेगा और डीएसपी व एसडीएम के माध्यम से भारत के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेजा जाएगा। पूर्व सैनिक संगठनों ने दोषियों को शीघ्र कठोर सजा देने की मांग दोहराई है।

### पीड़ित परिवार से मिलीं वंदना गुलेरिया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र में मासूम बच्ची की निर्मम हत्या की घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। घटना के बाद भाजपा नेत्री वंदना गुलेरिया ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान वे भावुक हो गईं और कहा कि परिवार का दर्द अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले बस गांव तक जाती थी, जबकि अब दूरी बढ़ने से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की मांग की।



## धनोटू एनएच पर बेसहारा पशुओं का आतंक, सांड के हमले में दो लोग घायल



धनोटू एनएच पर बेसहारा पशुओं से लगा जाम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत धनोटू राष्ट्रीय उच्च मार्ग संख्या 21 पर बेसहारा पशुओं की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। पिछले कई वर्षों से सड़कों और खेतों में घूम रहे इन पशुओं के झुंड ने जहां किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, वहीं राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। धनोटू चौक, जिसे कारगिल शहीद राजेश चौहान चौक के नाम से जाना जाता है, पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी बीच एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब एक सांड अचानक बेकाबू होकर महादेव गांव की ओर दौड़ पड़ा। रास्ते में आए दो राहगीर उसकी चपेट में आ गए और सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हालांकि, दोनों की जान बाल-बाल बच गई, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने जिला प्रशासन, विशेषकर डीसी मंडी से मांग की है कि जल्द से जल्द बेसहारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मामा-भांजा घायल

**विवेक शर्मा, अंब।** पुलिस थाना अंब के तहत एक सड़क हादसे में मामा-भांजा घायल हो गए। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को सुनील कुमार निवासी कोटला कलां, तहसील व जिला ऊना ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया गया कि वह अपने मामा तुलसी दास के साथ मोटरसाइकिल पर कलेश्वर महादेव मंदिर जा रहे थे। सुबह करीब 10:30 बजे, जब वे ज्वार के पास पहुंचे, तो एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक बस को ओवरटेक करने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को चोटें आई हैं, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस व मोटर वाहन अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घंडालवी व पपलाह में लगेगा सांसद मोबाइल सेवा कैंप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर के उपमंडल घुमारवीं की ग्राम पंचायत घंडालवी में 16 अप्रैल को और ग्राम पंचायत पपलाह में 17 अप्रैल को सांसद मोबाइल सेवा कैंप का आयोजन किया जाएगा। इन कैंपों में स्थानीय लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं दी जाएंगी। दोनों दिनों हेल्थ चेक-अप व दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। आशीष ठाकुर ने बताया कि इन कैंपों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके घरद्वार पर बेहतर स्वास्थ्य और अन्य सुविधाएं मुहैया कराना है।

### भेंटें प्रस्तुत कर जनसमूह को किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, भगेड़।** निहान क्षेत्र में स्थित बालक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर में गत रात्रि विशाल माता रानी का जागरण बड़े ही श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। जागरण में क्षेत्र भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने देर रात तक भजन-कीर्तन का आनंद लिया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायकों रीनू शर्मा, विक्की सोनी व सौरभ भारद्वाज ने अपनी मधुर आवाज में महामाई का गुणगान किया। भजनों की प्रस्तुति से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया व श्रद्धालु झूम उठे। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भेंटें प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी विशेष प्रबंध किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। स्कूल प्रबंधन व आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में आपसी भाईचारे व सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का कार्यक्रम में सहयोग और सहभागिता के लिए आभार भी व्यक्त किया।

### बाबा नाहर सिंह मंदिर में शैड निर्माण से खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** विकास खंड झंडूता की ग्राम पंचायत बड़गांव के अंतर्गत गांव गट्टी स्थित बाबा नाहर सिंह मंदिर में शैड निर्माण पूरा होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों पंकज सोनी, कुलदीप कुमार, आदर्श शर्मा, अभिषेक शर्मा, श्याम लाल, संजीव कुमार व दूनी चंद सहित अन्य लोगों ने बताया कि करीब तीन माह पूर्व स्थानीय युवा कांग्रेसी नेता एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार ने गांव का दौरा किया था। इस दौरान ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में शैड निर्माण की मांग उनके समक्ष रखी थी। ग्रामीणों के अनुसार इस स्थान पर पिछले लगभग 50 वर्षों से विवाह-शादियां, श्रीमद्भागवत कथा, भंडारे व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं, लेकिन धूप व बरसात के दौरान लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। विवेक कुमार ने मौके पर ही शैड निर्माण के लिए 2 लाख रुपए स्वीकृत करने का आश्वासन दिया था, अब मात्र तीन माह के भीतर शैड निर्माण कार्य पूरा होने से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विवेक कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में होने वाले धार्मिक आयोजनों में सुविधा मिलेगी व लोगों को मौसम की मार से राहत मिलेगी।

### संगीता सोनी हिमाचल दिवस पर सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल दिवस पर जिला बिलासपुर में संगीता सोनी को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विशेष बात यह रही कि संगीता सोनी 'मिसेज इंडिया' रही हैं। यह सम्मान डीसी कार्यालय, बिलासपुर द्वारा सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के लिए किए गए उनके महत्वपूर्ण स्वैच्छिक सहयोग के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने जलतरंग महोत्सव और वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी से समाज में प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। 'मिसेज इंडिया' का खिताब उनकी व्यक्तित्व और सामाजिक सक्रियता की पहचान है। उनकी निस्वार्थ सेवा भावना को अधिकारियों ने सराहा। यह सम्मान पूरे हिमाचल के लिए गर्व का विषय है।

### जरूरतमंद परिवार को व्हीलचेयर की भेंट



**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** क्षेत्र के समाजसेवी व रेड क्रॉस सोसायटी सदस्य विद्या सागर ठाकुर ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए गांव कयारिया की दिवंग्य पुनि देवी पत्नी स्वर्गीय शिव राम के परिवार को व्हीलचेयर भेंट की। इस सराहनीय पहल से क्षेत्र में उनकी सेवा भावना की खूब प्रशंसा हो रही है। विद्या सागर ठाकुर ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही सच्ची सेवा है व आगे भी वह इसी तरह समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहेंगे। इस अवसर पर देसराज, अमन ठाकुर, राम लाल, शाली ग्राम, देवेंद्र सिंह, वीरेंद्र, जगदीश, हंस राज, नानक चंद, तेलु राम और रंगी राम सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ऊना में फहराया राष्ट्रीय ध्वज, हिमाचल दिवस पर दी शुभकामनाएं

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में राष्ट्रीय सर्वे में 5वें स्थान पर पहुंचा हिमाचल

अनंत ज्ञान



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए। अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल दिवस के अवसर पर ऊना में जिला स्तरीय कार्यक्रम पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) के मैदान में आयोजित समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने ऊना जिलावासियों को हिमाचल दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और हिमाचल प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति तथा विकास यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के निर्माता डॉ. वाईएस परमार को नमन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों व महानायकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश केवल देवभूमि ही नहीं, वीरभूमि के रूप में भी देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। रोहित ठाकुर ने कहा कि जब हिमाचल अस्तित्व में आया था, उस समय यहां साक्षरता दर बहुत कम थी, लेकिन आज हालात पूरी तरह बदल चुके हैं, अब प्रदेश की साक्षरता दर करीब 99.30 प्रतिशत है और देश में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा में लगातार काम किया जा रहा है। इसके सुखद परिणाम भी प्राप्त होने लगे हैं। हाल ही में राष्ट्रीय स्तर के एक सर्वे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में हिमाचल पहले के 21वें स्थान से अब 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

यह प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी दिशा में स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न आधारित शिक्षा व्यवस्था लागू की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त स्टाफ व रिक्तियों की भर्ती सुनिश्चित की गई है।

लंबे समय से रिक्त पड़े लगभग 90 प्रतिशत स्कूली व कॉलेजों प्रधानाचार्यों के पदों को भरा गया है। इसी कड़ी में करीबन 850 प्रधानाचार्यों को पदोन्नत किया गया। वहीं, महाविद्यालयों में 500 लेक्चरर, 484 सहायक प्रोफेसर सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित भी किया गया। इनमें अपने दायित्वों को पूरी कर्तव्यनिष्ठा, जनसुरक्षा के प्रति समर्पण भाव के साथ-साथ कानून व्यवस्था तथा समाज में शांति एवं सुरक्षा स्थापित को लेकर किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना संजीव भाटिया, डीएसपी अंब अनिल पटियाल, डीएसपी हरोली मोहन रावत, एसएचओ पीएस चिंतपूर्णी निरीक्षक जय राम कुमार, एसएचओ महिला पुलिस थाना ऊना सुमन वालस, एसएचओ पीएस अंब निरीक्षक रूप सिंह, पुलिस अधीक्षक कार्यालय ऊना से निरीक्षक सुमन वालस, सहायक पुलिस निरीक्षक परम देव, टाहलीवाल थाना से दविंदर सिंह, कांस्टेबल राकेश कुमार और पीएस सदर ऊना से होमगार्ड रोहित कुमार को सम्मानित किया गया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोनिया शर्मा, चिंतपूर्णी सिक्योरिटी से वरिष्ठ प्लाटून कमांडर सोम दत्त शर्मा, हवलदार जनकराज, एसडीओ एमसी ऊना अंकुश राणा और डीसी कार्यालय ऊना से साक्षी सैणी को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा मार्च पास्ट में पुरूष व महिला पुलिस, होमगोर्ड, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड, आपदा मित्र सहित होमगार्ड बैंड को भी सम्मानित किया गया।

## स्वास्थ्य क्षेत्र सरकार की शीर्ष प्राथमिकता : डॉ. धनीराम शांडिल



जनसमूह को संबोधित करते मंत्री धनीराम शांडिल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह पीएम श्री मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में धूमधाम से आयोजित हुआ। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने मुख्यातिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया व मार्च पास्ट की सलामी ली।

समारोह से पूर्व उन्होंने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जबकि स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डॉ. शांडिल ने कहा कि हिमाचल का गठन 30 रियासतों के विलय से हुआ व इसे आगे बढ़ाने में सभी का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है और प्रदेश में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों, वीर नारियों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, तिलक राज शर्मा, वीरू राम किशोर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान, एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल वर्धन, हिमुडा निदेशक जितेंद्र, सहकारी बैंक निदेशक सुनील, जिला बाल कल्याण समिति सदस्य तृप्ता, संदीप, स्वतंत्रता सेनानी संगठन की अध्यक्ष प्रेमी देवी, उपायुक्त राहुल, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत, एसडीएम डॉ. राजदीप, सहायक आयुक्त राजकुमार सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** दमकल उपकेंद्र बंगाणा में 14 अप्रैल को प्रभारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में अग्निशमन सेवा दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वर्ष 1944 के बॉम्बे हादसे में शहीद हुए 66 दमकल कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह दिवस 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया डॉक पर एसएस फोर्ट स्टिकिन जहाज में लगी भीषण आग की स्मृति में मनाया जाता है, जिसमें कई दमकल कर्मियों ने अपने प्राण न्योछावर किए थे। इस मौके पर 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ भी किया गया। सप्ताह के दौरान स्कूलों, कॉलेजों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे तथा आग से बचाव और आपदा के समय सुरक्षित निकासी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण आगजनी में अधिक नुकसान होता है, जिसे प्रशिक्षण और जानकारी के माध्यम से कम किया जा सकता है।

## सात समंदर पार गूंजा देवभूमि का स्वर कनाडा में धूमधाम से मनाया हिमाचल दिवस

अनंत ज्ञान



**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** सात समंदर पार बसे कनाडा में भी हिमाचल दिवस पूरे उत्साह व पारंपरिक रंगत के साथ मनाया गया। ब्रैंपटन स्थित हिंदू हेरिटेज मंदिर में प्रवासी हिमाचलियों ने एकत्रित होकर देवभूमि हिमाचल की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं व आपसी भाईचारे का भव्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान हिमाचली लोकनृत्य 'नाटी' व पहाड़ी गीतों की प्रस्तुतियों ने माहौल को पूरी तरह हिमाचली रंग में रंग दिया।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर अपनी संस्कृति के प्रति गहरा लगाव दिखाया। इस अवसर पर हिमाचली व्यंजनों का भी विशेष प्रबंध किया गया, जिससे सभी ने अपने प्रदेश की यादों को ताजा किया। हिंदू हेरिटेज मंदिर ब्रैंपटन के संचालक पंडित सुरेंद्र शर्मा (सुनहानी वाले) ने कहा कि हिमाचल दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि अपनी पहचान और संस्कृति को संजोने का अवसर है। उन्होंने कहा कि विदेश में रहकर भी हिमाचली समुदाय अपनी जड़ों से जुड़ा हुआ है व इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी विरासत से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, पंडित कालिया ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रवासी भारतीयों में एकता और सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की संस्कृति को जीवित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, चाहे हम दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हों। कुल मिलाकर कनाडा में मनाया गया हिमाचल दिवस यह संदेश देता है कि दूरी चाहे कितनी भी हो, अपने प्रदेश और संस्कृति के प्रति प्रेम हमेशा बना रहता है।

## अलसान वार्ड में हैडपंप में मोटर लगाकर दूर की पानी की समस्या

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के अथक प्रयासों से क्षेत्र में पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ करने का कार्य लगातार जारी है।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत पीपलू के वार्ड अलसान में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या को दूर करने के लिए 40 हजार रुपए की लागत से हैडपंप में मोटर स्थापित कर जनता को बड़ी राहत प्रदान की गई है। इस सुविधा के शुरू होने से स्थानीय लोगों, विशेषकर माताओं व बहनों को अब पानी भरने के लिए दूर-दराज के स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। पहले जहां ग्रामीणों को पानी की व्यवस्था के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। वहीं, अब घरों तक सुचारू रूप से पानी की सप्लाई मिलने से लोगों को काफी सहूलियत मिली है। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा उनके दैनिक जीवन को आसान बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अब तक कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक हैडपंपों में मोटर लगाकर पानी की सप्लाई को सुचारू रूप दिया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में अभी भी पानी की समस्या बनी हुई है, वहां भी प्राथमिकता के आधार पर कार्य किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी गांव या वार्ड में लोगों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है व इसी उद्देश्य के तहत क्षेत्र में पेयजल सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। विधायक ने बताया कि क्षेत्र में स्थायी समाधान के लिए 15 करोड़ रुपए की लागत से तुरकाल पेयजल योजना पर युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूरा होने से लाठियानी जिला पार्षद वार्ड की सभी पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा व क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए मजबूत पाइपलाइन नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक घर तक नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाए व तय समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा किया जाए।

विधायक विवेक शर्मा ने विश्वास जताया कि अगले दो माह के भीतर इस योजना का कार्य पूर्ण हो जाएगा, जिसके बाद क्षेत्र की सभी पंचायतों में पानी की समस्या सदा के लिए दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से न केवल लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होगा, बल्कि गर्मियों के मौसम में भी पानी की किल्लत से राहत मिलेगी।

## पहले छह वर्षों में मस्तिष्क विकास पर विशेष जोर : शांडिल

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय व अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 से 23 अप्रैल तक 8वां पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

यह अभियान निदेशालय महिला एवं बाल विकास हिमाचल प्रदेश तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रारंभिक छह वर्ष बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष के पोषण पखवाड़ा का मुख्य विषय जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क विकास को अधिकतम करना निर्धारित किया गया है। मंत्री ने बताया कि जिला बिलासपुर के 1111 आंगनबाड़ी केंद्रों में यह पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस दौरान बच्चों के समुचित पोषण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, खेल आधारित शिक्षण तथा स्क्रीन टाइम को कम करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें पोषण रैलियां, पोषण पे चर्चा, पंचायत स्तर की बैठकें, स्वास्थ्य शिविर, कुकिंग प्रतियोगिताएं, योग एवं खेल गतिविधियां तथा नो स्क्रीन ऑवर जैसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ. शांडिल ने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार बच्चे के मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास छह वर्ष की आयु तक हो जाता है।

## आनंद व उत्साह के शिखर पर संपन्न हुआ हरोली उत्सव

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, ऊना।** बैसाखी की उमंग और लोक संस्कृति के रंगों से सजा राज्यस्तरीय हरोली उत्सव 14 अप्रैल को आनंद व उत्साह के शिखर पर पहुंचकर भव्य समापन के साथ संपन्न हुआ।

इस बार 11 से 14 अप्रैल तक सोमभद्रा के तट पर हरोली मैदान रोड़ा में मनाया गया यह उत्सव अपार जनसमर्थन से जन मन का उत्सव बन गया। उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में रिकॉर्ड तोड़ जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान जन-उत्साह अपने चरम पर नजर आया। समापन समारोह में पूर्व सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल मुख्यातिथि रहीं, जबकि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री व हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्यातिथि एवं विशिष्टातिथि को सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने हरोली उत्सव के भव्य आयोजन पर उपमुख्यमंत्री एवं समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने महानगरों में अनेक बड़े आयोजन देखे हैं, लेकिन हरोली की भव्यता व जनभागीदारी ने उन्हें विशेष रूप से प्रभावित किया है।

उन्होंने उत्सव में महिलाओं व युवतियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने भविष्य में भी इस उत्सव में शामिल होने की इच्छा जताई और कहा कि यह इतना भव्य आयोजन कि प्रयास रहेगा कि इसमें कभी अपने राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को भी जरूर लाया जाए। शिक्षा मंत्री ने सभी को उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुकेश अग्निहोत्री की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व ने हरोली को विकास के नए आयाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध प्रयासों से हरोली ने शून्य से शिखर तक का प्रेरक सफर तय किया है। उपमुख्यमंत्री ने उत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, अधिकारियों व क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

हरोली उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय युवा उद्यमिता की झलक भी देखने को मिली। ऊना जिले के युवा उद्यमी अकुश बड़जाता द्वारा स्थापित क्लोदिंग ब्रांड 'सिया' के सौजन्य से आयोजित फैशन शो ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस फैशन शो में साड़ी, लहंगा और सूट श्रेणियों में परिधानों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसने पारंपरिक और आधुनिक फैशन का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। शो की विशेष आकर्षण रही मिस यूनिवर्स फाइनलिस्ट डॉ. रिज़ुल, जिनके साथ अन्य पेशेवर मॉडलों ने भी आत्मविश्वास और सौंदर्य से भरपूर रैंप वॉक कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी संगीत जगत के लोकप्रिय कलाकार एमी विर्क और गुरलेज अख्तर ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से हरोली मैदान, रोड़ा में उमड़े जनसैलाब को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुरों और उत्साह के इस संगम ने उत्सव के समापन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर गगरेट के विधायक राकेश कालिया, बद्दी के विधायक राम कुमार, कुटलैहड़ के विधायक विवेक, हिमफैड के अध्यक्ष महेश्वर चौहान आदि मौजूद रहे।

## चार खंभे लगाकर मुर्गी फार्म तक पहुंचाई बिजली, विधायक विवेक का जताया आभार

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के आशीर्वाद से पंचायत सुगड़ियाल के गांव सम्मा में मुर्गी फार्म के लिए बिजली सप्लाई को सुचारू करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बिजली विभाग मंडल बंगाणा द्वारा यहां चार बड़े बिजली के खंभे स्थापित कर बिजली व्यवस्था को सुचारू किया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, गांव सम्मा में मुर्गी फार्म संचालित करने वाले लोगों को लंबे समय से बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण उनका निजी व्यवसाय प्रभावित हो रहा था और आर्थिक गतिविधियों में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में बिजली विभाग मंडल बंगाणा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार बड़े खंभे लगवाए, जिससे अब मुर्गी फार्म तक नियमित और पर्याप्त बिजली की सप्लाई सुनिश्चित हो सकी है। इस सुविधा के शुरू होने से मुर्गी फार्म संचालक को काफी राहत मिली है। अब वे बिना किसी रुकावट के अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से चला सकेंगे, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए विधायक विवेक शर्मा और विद्युत विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गांव में रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि बीते पौने दो वर्षों में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 123 परिवारों को बिजली की समस्या से राहत दिलाने के लिए नए बिजली के खंभे स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे सैकड़ों परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए चार दर्जन बड़े ट्रांसफार्मर भी लगाए गए हैं।

### होमगार्ड में सेवा के बाद खाली हाथ सेवानिवृत्त हो रहे जवान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** होमगार्ड्स बटालियन 12वी वाहनी ऊना में कार्यरत जसमेर सिंह व बासुदेव सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में वाहनी कार्यलय में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति होमगार्ड्स जसमेर सिंह ने कहा कि उन्होंने विभाग में 35 वर्ष तक निष्काम सेवाएं दी है, लेकिन मलाल इस बात का है कि सेवानिवृत्ति पर खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा होमगार्ड्स को सेवानिवृत्ति पर पेंशन, ग्रेजुएटी व अन्य लाभ दिए जाएं जाने का कोई प्रावधान नहीं है, जो कि होना चाहिए, ताकि बाकी का जीवन परिवार में बेहतरी से निकल सके। कंपनी कमांडर ऊना टेक सिंह ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त होमगार्ड्स जवानों की सेवाओं को सराहनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1991 से अब तक जसमेर सिंह व बासुदेव ने अपने सराहनीय कार्यकाल में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। बेहतर कार्य करके विभाग का नाम चमकाया है।

## साहित्य व पत्रकारिता में योगदान के लिए अरुण डोगरा 'रीतू' सम्मानित



अरुण डोगरा रीतू को सम्मानित करते मंत्री धनीराम शांडिल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भूपेश नड्डा, घुमारवीं।** जिला प्रशासन बिलासपुर ने हिंदी साहित्य व पत्रकारिता में उत्कृष्ट एवं दीर्घकालीन योगदान के लिए वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार अरुण डोगरा 'रीतू' को सम्मानित किया।

यह सम्मान उनकी रचनात्मक साधना, सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता व जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए दिया गया। नादौन (हमीरपुर) निवासी व वर्तमान में बिलासपुर में कार्यरत अरुण डोगरा 'रीतू' सक्रिय पत्रकारिता में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी साहित्यिक यात्रा छात्र जीवन से शुरू हुई व उनकी रचनाओं में सामाजिक विषमताएं, मानवीय संवेदनाएं व समकालीन विषय प्रमुखता से उभरते हैं। उनका चर्चित काव्य संग्रह 'अम्मा कहती थी' को काफी सराहा गया है, वहीं उनकी रचनाएं आकाशवाणी शिमला से भी प्रसारित हो चुकी हैं। पत्रकारिता में उन्होंने कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के माध्यम से जनहित के मुद्दे उठाए हैं।

सांस्कृतिक क्षेत्र में भी वे सक्रिय रहे हैं, जिसमें मंच संचालन, रामलीला में अभिनय तथा सामाजिक सेवा कार्य शामिल हैं। इस सम्मान पर साहित्यकारों व सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया व इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। अरुण डोगरा रीतू ने इस सम्मान के लिए जिला प्रशासन तथा जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग का आभार प्रकट किया है।

### नीलम चंदेल को मंत्री शांडिल ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल को सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण व संवर्धन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंत्री शांडिल ने कहा कि भाषा और संस्कृति किसी भी समाज की पहचान होती है, और इसे सहेजना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नीलम चंदेल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यों से न केवल स्थानीय भाषा को बढ़ावा मिला है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। नीलम चंदेल ने इस सम्मान के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करती रहेंगी। समारोह में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों तथा सांस्कृतिक प्रेमियों की उपस्थिति रही।

## चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में धार्मिक समागम संपन्न, देश-विदेश से पहुंची संगत

अनंत ज्ञान



**टाहलीवाल।** बाथड़ी से सटे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में 11 अप्रैल से शुरू हुए धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य समापन हुआ। हर वर्ष आयोजित होने वाले इस धार्मिक समागम में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नतमस्तक होने पहुंचे।

आयोजन के दौरान महात्मा ज्योतिराव फुल के अमृत धारा प्रकट दिवस तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मंगलवार देर शाम को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन भारत की चेयरमैन बीबी कमलेश कौर घेड़ा ने की, जबकि कई संत-महापुरुषों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास ने बताया कि संत गुरु रविदास महाराज द्वारा स्थापित 'बेगमपुरा' के आदर्श समाज के निर्माण के लिए लोगों को शिक्षित, संगठित और जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल पर वर्षभर विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन होता रहता है, जिसमें देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस अवसर पर पंजाब अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समानता व सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उनका संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने देश निर्माण और सभी वर्गों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में गुरु घर के चेयरमैन नाजर सिंह मान, कोषाध्यक्ष कर्म चंद, सह-कोषाध्यक्ष मनजीत मुग्गोबाल, जगदीश दीस्सा, गुरलाल सेला, निर्देशक रशपाल राजू, पूर्व पंजाब विधानसभा स्पीकर केपी राणा, सुरजीत, सुखचेन सिंह काला, रमेश कानूगो, पिंका, बिक्की सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी अपनी हाजिरी भरी।

हिमाचल दिवस पर सुंदर सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया

# सरकार ने तीन वर्षों में विकास व कल्याण के नए आयाम जोड़े

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल दिवस की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया व भव्य परेड की सलामी ली।

समारोह में पुलिस, आईटीबीपी, महिला पुलिस टुकड़ी, होमगार्ड, जूनियर रेड क्रॉस तथा होमगार्ड बैंड्स की टुकड़ियों ने भव्य व आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। लोगों को संबोधित करते हुए, सुंदर सिंह ठाकुर ने प्रदेशवासियों व जिला वासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं, जो प्रदेश के समग्र विकास व समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनसेवा को अपना मूल मंत्र बनाया है व इसी भावना के साथ हिमाचल को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश हित में कई कड़े लेकिन आवश्यक फैसले लिए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में जिला कुल्लू में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत 576 करोड़ रुपए की लागत से 65 सड़कों की डीपीआर केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में अब तक 12 किलोमीटर मोटर योग्य सड़क, 27 किलोमीटर सीडी कार्य, 50 किलोमीटर सोलिंग, वियरिंग, टारिंग, का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विशेष केंद्रीय सहायता के अंतर्गत रांगड़ी के नजदीक कन्याल रोड के निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि कुल्लू में शिक्षा, अधोसंरचना विकास व छात्र कल्याण को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।


पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले वीर सिंह राणा को हिमाचल दिवस पर सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि जिला में नाबार्ड के अंतर्गत 18.5 करोड़ खर्च कर दस सड़कों का निर्माण किया गया है। जिले में सीआरआईएफ के अंतर्गत 14 करोड़ से विभिन्न सड़कों के कार्यों को पूर्ण किया गया है। 1 करोड़ 97 लाख रुपए खर्च कर हमने 6 नई ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि जिला में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 18 सड़कों का निर्माण हुआ, जिस पर 35 करोड़ का व्यय किया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत जिला कुल्लू की 65 सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसपर 576 करोड़ खर्च किए जाएंगे। ब्यास नदी पर पीरडी में 28 करोड़ 35 लाख से पुल निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि सरवरी में विशाल पार्किंग का निर्माण करके पीज रोप-वे को स्थापित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने ड्रेजिंग के लिए पहली बार नीति बनाते हुए स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर नदी के मलबे को हटाकर बाढ़ से सुरक्षा प्रदान करने का कार्य किया जाएगा। इसमें कुल्लू से शाढा बाई तक ब्यास नदी का तटीकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला भर में ब्यास सहित अन्य नदी नालों में भी ड्रेजिंग के लिए 62 साइटों को भी चिह्नित किया गया है।

# केलांग में हर्षोल्लास से मनाया जिला स्तरीय हिमाचल दिवस

## केलांग में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंदर गोमा ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंदर गोमा ने की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर भव्य मार्चपास्ट की सलामी ली।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह को हिमाचल दिवस की बधाई दी। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि हम सब मिलकर शपथ लें कि चिट्टा मुक्त हिमाचल का निर्माण कर युवाओं के भविष्य को स्वस्थ और नशा मुक्त बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल को एक अलग राज्य के रूप में स्थापित करने में उस समय के नेतृत्व, प्रजामंडल आंदोलन के नायकों, आंदोलनकारियों व हिमाचलवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उन सभी महान विभूतियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया जिन्होंने हिमाचल के गठन में बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने वीर भूमि हिमाचल के उन स्वतंत्रता सेनानियों और बहादुर सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पिछले तीन वर्षों से व्यवस्था परिवर्तन के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए प्रदेश के विकास और जन कल्याण की दिशा में आगे बढ़ रही है।



आने वाले वर्षों में हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भर और देश का सबसे समृद्ध राज्य बनकर उभरेगा। प्रदेश में आई अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदाओं से उबरने के लिए सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद प्रभावित परिवारों को दी जाने वाली राहत राशि में ऐतिहासिक वृद्धि कर विशेष राहत पैकेज दिया है। सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान किये सभी दस वादों को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय जिला भी विकास की दृष्टि से पीछे नहीं है तथा प्रदेश सरकार यहां के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। पोषण अभियान के तहत 2025-26 में 537 लाभार्थियों को लाभांवित किया गया। स्पीति उपमंडल में तीन आयुष स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उन्नत किए गए, साथ ही स्पीति उपमंडल में आयुष स्वास्थ्य केंद्र चिचोंग, चिचम एवं हुरलिंग के भवन निर्माण हेतु एफआरए के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण का कार्य अंतिम चरण पर है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल योजना के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला केलांग व् दारचा हेतु क्रमशः 1 करोड़ 32 लाख रुपए प्रति विद्यालय स्वीकृत हुए है जो कि हिप्र लोक निर्माण विभाग चिनाव वैली डिवीज़न उदयपुर को हस्तांतरित कर दिया गया है, जिसका निर्माण कार्य वर्ष 2026-27 में प्रारम्भ कर दिया जाएगा। इस वर्ष उद्यान विभाग द्वारा 8474 हजार फलदार पौधे वितरित कर 197 किसानों व बागवानों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने प्रदेश सरकार की हर एक योजना जनता के साथ सांझा की। उन्होंने बेटी है अनमोल, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, मुख्यमंत्री सुख आश्रय सहित इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वितीय वर्ष में मनरेगा के तहत ग्रामीण रोजगार पर 4 करोड़ 24 लाख की धनराशि व्यय की जा चुकी है। उदयपुर मे नागरिक अस्पताल के लिए 10 करोड़ 98 लाख रूपये धनराशि पीडब्ल्यूडी उदयपुर को प्रदान की गई है जिसका कार्य प्रगति पर है। आयुष मंत्री ने कहा कि 8.47 करोड़ से करपट गांव के लिए बाढ़ नियंत्रण कार्य आंवटित कर दिया गया है और इसका कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा। बाढ़ नियंत्रण के अंतर्गत गांव सगनम, तेलिंग, तोदनम, योजना की प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय स्वीकृति 413.00 लाख रुपए प्रदान की गई है। इसका 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# ललित वैद्य को कुल्लू जिला शतरंज संघ की कमान, महासचिव बने राजेश

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** जिला कुल्लू शतरंज संघ (पंजीकरण संख्या 592) के चुनाव बुधवार को होटल हिमालयन हैमलेट शास्त्रीनगर कुल्लू में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी रोमित ठाकुर के निर्देशन में तथा खेल विभाग, कुल्लू के पर्यवेक्षक जगदीश की उपस्थिति में पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाई गई।

इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरण जैसे निर्वाचन सूची का निर्माण, नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया विधिवत पूरी की गई। केवल तीन पदों के लिए ही नामांकन प्राप्त हुए और प्रत्येक पद के लिए एक-एक वैध नामांकन होने के कारण संबंधित उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया तथा मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी अन्य पदों के संबंध में निर्णय आगामी प्रक्रिया के अनुसार लिया जाएगा। संघ ने चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने जिले में शतरंज खेल के विकास एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की। नवनिर्वाचित पदाधिकारी ललित वैद्य अध्यक्ष, महासचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष नीरत ठाकुर बने।

# मनाली व कोकसर में पर्यटन की बहार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो/मनाली।** हिमाचल प्रदेश की पर्यटन नगरी मनाली सहित जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के विभिन्न पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार हो गए हैं।

अटल टनल रोहतांग के साउथ व नॉर्थ पोर्टल सहित लाहौल घाटी के सिस्सू व कोकसर वर्तमान में सैलानियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। भारी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचकर बर्फबारी का आनंद ले रहे हैं और साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठा रहे हैं। पिछले कुछ समय की सुस्ती के बाद मनाली का पर्यटन कारोबार अब पटरी पर लौटने लगा है। ग्रीन टैक्स बैरियर से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार रोजाना लगभग 1200 से 1500 पर्यटक वाहन मनाली में प्रवेश कर रहे हैं। प्रतिदिन 100 से अधिक लग्जरी बसें पर्यटकों को लेकर पहुंच रही हैं। आने वाले दिनों के लिए होटलों की ऑनलाइन बुकिंग में भी भारी इजाफा देखा जा रहा है। बुधवार को अटल टनल और कोकसर में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। सैलानियों ने केवल बर्फ के साथ अठखेलियां ही नहीं कीं, बल्कि विभिन्न साहसिक खेलों का भी जमकर मज़ा लिया। पर्यटन कारोबारी रत्न सिंह व मनोज कुमार ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से पर्यटकों की संख्या में काफी सुधार हुआ है। अटल टनल और कोकसर जाने वाले सैलानियों के कारण पर्यटन क्षेत्र में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।


अटल टनल के उस पार पहुंचे पर्यटक। अनंत ज्ञान

## मालरोड पर शाम की रौनक

**दिन** के समय पर्यटक जहां ऊंचाई वाले क्षेत्रों और बर्फबारी वाले स्थलों का रुख कर रहे हैं, वहीं शाम ढलते ही मनाली के प्रसिद्ध मालरोड पर रौनक बढ़ जाती है। बाज़ारों में चहल-पहल बढ़ने से स्थानीय व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं।

# ऋषि वशिष्ठ की पूजा-अर्चना से शुरू हुआ दो दिवसीय बिरशु मेला

अनंत ज्ञान



**मनाली।** पर्यटन व धार्मिक स्थल वशिष्ठ में ऋषि वशिष्ठ की पूजा-अर्चना से बैसाख (बिरशु) मेला आरंभ हो गया। दो दिवसीय मेले के आरंभ होते ही धार्मिक नगरी देव वाद्ययंत्रों से गूंज उठी।

बैसाखी संक्रांति में देवताओं के मिलन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर आरंभ हो गया है। मेला कमेटी के अनुसार स्थानीय देवता ऋषि वशिष्ठ व शिवजी भगवान सहित गोशाल से कंचन नाग, कुलंग से पराशर ऋषि, सिमसा से कार्तिक स्वामी, कटराईं से वीर नाथ मेले की शोभा बढ़ाने पहुंचे है। मंगलवार को ऋषि वशिष्ठ ने घर घर जाकर ग्रामीणों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। समस्त वशिष्ठ पंचायत सहित चचोगा पंचायत के समस्त गांवों में मेलों की धूम मची हुई है। पुजारी देशराज शर्मा, विद्या प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि घाटी के आधा दर्जन से अधिक देवी देवता मेले की शोभा बढ़ाने पहुंचे है। उन्होंने बताया कि धार्मिक पर्यटन नगरी वशिष्ठ देव वाद्ययंत्रों से गूंज उठी है। मेला कमेटी के अध्यक्ष पन्ना लाल ने बताया कि खेलों के अलावा देव मिलन आकर्षण का केंद्र रहेगा। मेले में विभिन्न खेलों का आयोजन कर लोगों का मनोरंजन किया जा रहा है। मेले में वालीबाल के मुकाबले होंगे जिसमें भाग लेने के लिए घाटी की दर्जन से अधिक टीमें पहुंच गई हैं।

# कलाकारों और क्रिएटर्स समाजसेवियों को नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के सूत्रधार कला संगम सभागार में हिमाचल एकता मंच द्वारा 'कुल्लवी सकल मीडिया मीट अवार्ड शो' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन सोशल मीडिया क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया, जो अपनी वीडियो के माध्यम से कुल्लवी बोली और संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके साथ ही गायक, मॉडल, डांसर, समाजसेवक, महिला मंडल, कीर्तन मंडली व विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक दीप लाल भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में मीरा आचार्य व चंद्रमणी मानिक शा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि नीलम ठाकुर विशिष्टातिथि रहीं। इस दौरान कई कलाकारों, क्रिएटर्स व समाजसेवियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन मिला।

# लुहरी बाजार में 17 को लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, आनी।** 'शहीदों का सम्मान, रक्तदान अभियान' के तहत 17 अप्रैल को खंड निथर के अंतर्गत युवा कार्यक्रम आयोजन समिति लुहरी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजन समिति द्वारा लुहरी बाजार में पहला रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक कपिल गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में आईजीएमसी शिमला के ब्लड बैंक की विशेषज्ञ टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं और आम जन से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। एक यूनिट रक्त से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। नियमित रूप से रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है व शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। आयोजन समिति ने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से आग्रह किया है कि वे इस शिविर में भाग लेकर मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

# वित्तीय देनदारियों की घोषणा न होने से पेंशनर्स में रोष, पेंशनभोगी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल दिवस के अवसर पर रिकांगपिओ (किन्नौर) में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वित्तीय देनदारियों को लेकर कोई घोषणा न किए जाने से प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स में निराशा व रोष है।

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन नेसरकार की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए हैं। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, एसपी सागर, सुरेश कुमार शर्मा, लीला डोगरा, चिंतपूर्णा शर्मा, मनोरमा डोगरा, और जिला कुल्लू के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर सहित विभिन्न खंडों के अध्यक्षों (मनाली, बंजार, भुंतर) ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। गुलशन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों पेंशनर संगठनों के नेताओं को आश्वासन दिया था कि उन्हें 10 दिन के भीतर वार्ता के लिए बुलाया जाएगा और उनकी लंबित वित्तीय देनदारियों का शीघ्र भुगतान किया जाएगा। लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी न तो कोई बैठक बुलाई गई और न ही हिमाचल दिवस पर 13 फीसद महंगाई भत्ते की किस्त या संशोधित वेतनमान के एरियर को लेकर कोई ऐलान हुआ।



उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने वेतन कटौती को बहाल कर केवल अफसरशाही को खुश किया है और पेंशनरों की मांगों पर 'यू-टर्न' ले लिया है। पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार को सत्ता में आए लगभग चार साल बीत चुके हैं, लेकिन उनकी जायज देनदारियों का भुगतान अटका हुआ है। संघ के नेताओं ने आक्रोश जताते हुए कहा कि अब तो पेंशनर अपनी ही देनदारियों की मांग करते हुए शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। एलआर गुलशन ने संयुक्त संघर्ष समिति व पेंशनर फ्रंट के नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो नेता पेंशनरों की मांगें मनवाने में विफल रहे हैं, उन्हें नैतिकता के आधार पर तुरंत अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। संघ ने स्पष्ट किया कि सरकार वित्तीय देनदारियों को टालकर कर्मचारियों और पेंशनरों के बीच अपनी विश्वसनीयता खो रही है।

हिमाचल दिवस पर क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने बिखेरे लोक संस्कृति के रंग

# 'मल्टी-डिस्ट्रिक्ट' नाटी ने जीता सबका दिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में आयोजित जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज, ढालपुर के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से चार चांद लगा दिए।

हिमाचल दिवस के इस गौरवशाली अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में कॉलेज के स्टूडेंट्स ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया व प्रदेश की समृद्ध लोक विरासत का प्रदर्शन किया। संस्थान की एसोसिएट मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योति मार्या मसीह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों और लोक संस्कृति से भी जुड़ी रहती है। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की इस उत्कृष्ट प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों का मन मोहा, बल्कि हिमाचल दिवस के पावन पर्व पर प्रदेश की लोक संस्कृति को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय की इस प्रस्तुति की सबसे बड़ी विशेषता इसकी विविधता रही। बीएससी नर्सिंग (सातवें, छठे और चौथे सेमेस्टर) तथा जीएनएम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने मिलकर एक विशेष 'फ्यूजन नाटी' प्रस्तुत की।


क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर। अनंत ज्ञान

इस प्रदर्शन में हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों की लोक शैलियों को बेहद खूबसूरती से पिरोया गया था। इन अलग-अलग जिलों की नाटियों को एक ही प्रस्तुति में समेटकर विद्यार्थियों ने 'विविधता में एकता' और हिमाचल की साझा सांस्कृतिक पहचान का अद्भुत उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों के हुनर की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भावी स्वास्थ्य रक्षकों का अपनी संस्कृति के प्रति यह जुड़ाव सराहनीय है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधन समिति और शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य रूप से ज्योति मार्या मसीह (एसोसिएट मैनेजिंग डायरेक्टर), स्मृति शर्मा व निकिता शर्मा (सांस्कृतिक प्रभारी एवं मुख्य आयोजक) वैष्णवी शर्मा (अध्यापिका) उपस्थित रहीं, जिनके कुशल मार्गदर्शन में इस पूरी प्रस्तुति को तैयार किया गया था।

# माता पार्वती के सम्मान में जलुग्रां में धूमधाम से सजा बिरशू मेला

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के जलुग्रां गांव में माता पार्वती के सम्मान में पारंपरिक बिरशू मेले का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और माता के साथ सामूहिक नृत्य कर आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। मेले की शुरुआत सुबह के समय भगवान नृसिंह मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। गांव की महिलाओं के साथ-साथ वे बेटियां भी विशेष रूप से इस आयोजन में शामिल हुईं, जो विवाह के बाद अपने ससुराल से मायके लौटी थीं। सभी ने मिलकर माता पार्वती की श्रद्धा भाव से पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की। स्थानीय परंपरा के अनुसार इस धार्मिक अनुष्ठान को 'धूप देना' कहा जाता है। इसमें महिलाएं एकत्र होकर देवी को धूप अर्पित करती हैं और पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करती हैं। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी उतनी ही श्रद्धा के साथ निभाई जाती है। सायंकाल के समय बिरशू मेले का मुख्य आकर्षण देखने को मिला, जब सैकड़ों महिलाएं एक साथ एकत्र होकर माता के रथ के साथ पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करने लगीं।

ढोल-नगाड़ों और लोक वाद्य यंत्रों की धुन पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता पार्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का भी माध्यम है। सदियों पुरानी यह देव परंपरा आज भी लोगों को एकजुट करती है और सामाजिक समरसता का संदेश देती है।

**राजनीति** जिप के लझेरी वार्ड में ठाकुर बनाम ठाकुर, बखनाओं में दावेदारों की लंबी कतार!

# तारीखों की घोषणा से पहले ही गरमाया चुनावी माहौल

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी खंड के जिला परिषद के लझेरी व बखनाओं वार्डों में पंचायत चुनावों की औपचारिक घोषणा से पहले ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इच्छुक उम्मीदवारों ने मैदान में उतरने के संकेत दे दिए हैं व कई जगहों पर जनसंपर्क अभियान भी शुरू हो चुका है। हालांकि, अभी तक भाजपा, कांग्रेस या अन्य किसी राजनीतिक दल ने अपने अधिकृत उम्मीदवारों के नाम घोषित नहीं किए हैं, लेकिन संभावित दावेदारों की सक्रियता से चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म होना शुरू हो चुका है।

बखनाओं जिला परिषद वार्ड में भी कई नाम चर्चा में हैं। इनमें भाजपा से जुड़े और पूर्व में विधायक का चुनाव लड़ने के टिकटार्थी मोहन भारती, हाल ही में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामानंद और दीवान राजा प्रमुख रूप से शामिल हैं। दीवान राजा ने तो डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान शुरू कर अपनी मौजूदगी दर्ज करवा दी है। श्यामानंद के चुनाव लड़ने की संभावना भी मजबूत मानी जा रही है, जिसका संकेत सोशल मीडिया पर जारी पोस्टरों से मिल रहा है। दूसरी ओर मोहन भारती का नाम चर्चाओं में जरूर है, लेकिन उनकी ओर से अभी तक कोई आधिकारिक गतिविधि या प्रचार सामग्री सामने नहीं आई है। राजनीतिक समीकरणों की बात करें तो श्यामानंद और मोहन भारती दोनों का झुकाव भाजपा की ओर माना जा रहा है, ऐसे में बखनाओं वार्ड में मुकाबला रोचक होगा।

## लझेरी वार्ड में मुकाबला होगा काफी रोचक

**वहीं** लझेरी जिला परिषद वार्ड में मुकाबला खासा दिलचस्प होता नजर आ रहा है। यहां कुकी ठाकुर और पूर्व पंचायत समिति आनी की अध्यक्ष रह चुकी तथा रोपा पंचायत की निवर्तमान प्रधान अनु ठाकुर के बीच संभावित टक्कर की चर्चा जोरों पर है। दोनों ही नेता पहले भी पंचायत चुनावों में आमने-सामने आ चुकी हैं, जहां अनु ठाकुर ने बेहद करीबी मुकाबले में जीत हासिल की थी। अब एक बार फिर यदि ये दोनों आमने-सामने आती हैं, तो चुनावी मुकाबला रोमांचक होने की पूरी संभावना है। फिलहाल इनके समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया पर सक्रियता दिखाते हुए दावेदारी को हवा दी जा रही है। हालांकि, चुनाव आचार संहिता लागू होने तक और उसके बाद अभी कुछेक नाम और मैदान में होंगे, जिसके बाद ही निष्कर्ष निकलता नजर आएगा।

## क्या कहते हैं भाजपा के दलाश मंडलाध्यक्ष?

**इस** बीच भाजपा मंडल दलाश के अध्यक्ष विवेक वर्मा ने स्पष्ट किया है कि जल्द ही पार्टी स्तर पर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की जाएगी व शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के अनुसार सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि मैदान में उतर चुके विपक्षी उम्मीदवारों के 'झूठे वादों व झूठे प्रचार' की सच्चाई जनता के सामने लाई जाएगी।

# कशेरी की बेबसी: पुल व सड़क के बाद वैकल्पिक मार्ग भी नदी में विलीन

## ग्रामीणों का सवाल 'अनहोनी हुई तो कौन जिम्मेदार?, मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी नहीं बदले हालात

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के कशेरी गांव में साल 2023 और 2025 की विनाशकारी बाढ़ के जख्म अब ग्रामीणों के लिए नासूर बन चुके हैं। गांव को जोड़ने वाला एकमात्र पुल क्या उखड़ा, ग्रामीणों की जिंदगी ही पटरी से उतर गई है।

वर्तमान में हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि मासूम बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को उफनती नदी के बीचों-बीच फिसलन भरे पत्थरों के सहारे मौत के साये में सफर करना पड़ रहा है। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि प्रशासन की सुस्ती के कारण लोग जान हथेली पर रखकर नदी पार करने को मजबूर हैं। बीती 12 अप्रैल को जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का गौड़ निवास, कटराईं में आगमन हुआ, तो कशेरी गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी इस विकराल समस्या को प्रमुखता से उनके समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसी समय संज्ञान लिया व मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जवाब मांगा। विभागीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सड़क 2023 और 2025 की बाढ़ से लगातार क्षतिग्रस्त हो रही है और इसका प्रपोजल तैयार कर सरकार को भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि जल्द ही बजट जारी कर काम शुरू होगा, जिससे ग्रामीणों में एक आस जगी थी। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद ग्रामीण काम शुरू होने की राह देख ही रहे थे कि मंगलवार को पहाड़ों में हुई बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया। पानी के तेज बहाव ने विभाग द्वारा मलबे से तैयार किए गए उस अस्थायी वैकल्पिक मार्ग को भी धराशायी कर दिया, जिसके सहारे लोग आवाजाही कर रहे थे। अब आलम यह है कि रास्ता पूरी तरह बंद है और स्कूली बच्चों का स्कूल जाना रुक गया है। कशेरी गांव एक बार फिर पूरी तरह से दुनिया से कटकर एक टापू में तब्दील हो चुका है।


जान जोखिम में डालकर नदी पार करते लोग। अनंत ज्ञान

## अनहोनी की आशंका

**वर्तमान** में कशेरी गांव पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है। बीमारों को अस्पताल पहुंचाना व बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखना अब भगवान भरोसे है। ग्रामीणों का प्रशासन से सीधा सवाल है अगर इस उफनती नदी को पार करते समय किसी के साथ कोई अनहोनी हो जाती है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

## केंद्र की घोषित राशि से नहीं मिली 'फूटी कौड़ी'

**ग्रामीणों** का सबसे बड़ा आरोप यह है कि आपदा के नाम पर केवल फाइलों में काम हो रहा है। इश्वर ठाकुर, खमेंद्र ठाकुर, हुक्म राम, शिव राम, रूप चंद, राजेश, केशव राम और तेज राम सहित समस्त ग्रामवासियों का कहना है कि साल 2023 से लेकर अब तक कशेरी-गलूण सड़क की हालत नहीं सुधरी है। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि डिजास्टर के दौरान केंद्र सरकार की ओर से जो राशि घोषित की गई थी, उस राहत राशि में से इस सड़क के लिए एक कौड़ी भी नसीब नहीं हुई है। ग्रामीणों ने अब सीधे केंद्र सरकार से भी गुहार लगाई है कि आपदा के दौरान तबाह हुई इस महत्वपूर्ण सड़क के लिए अलग से बजट जारी किया जाए, ताकि गांव का संपर्क बहाल हो सके।

## अधिशाषी अभियंता को चेतावनी: मौके पर आएं वरना होगा कार्यालय का घेराव

**ग्रामीणों** का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। बीती 2 तारीख को ग्रामीण अधिशाषी अभियंता से भी मिले थे, जहां उन्हें एक सप्ताह के भीतर काम शुरू होने का भरोसा दिया गया था। वह समय सीमा बीत चुकी है, लेकिन मौके पर एक मशीन तक नहीं पहुंची है। ग्रामीणों ने दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि अधिशासी अभियंता तुरंत दफ्तर छोड़कर मौके पर आएं और खुद देखें कि लोग किस हाल में नदी पार कर रहे हैं। यदि तुरंत काम शुरू नहीं हुआ, तो पूरा गांव लोनिवि कार्यालय में डेरा डाल देगा और काम शुरू होने तक वहां से नहीं हटेगा।

# नाहन में हर्षोल्लास से मनाया हिमाचल दिवस उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने फहराया तिरंगा

अनंत ज्ञान




मार्च मास्ट की सलामी लेते व शहीदों को श्रद्धांजलि देते उद्योगमंत्री हर्षवर्धन चौहान। अनंत ज्ञान

**नाहन।** नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर भव्य परेड की सलामी ली और हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार सहित शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अपने संबोधन में मंत्री ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की 78वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल 1948 को 30 छोटी-बड़ी पहाड़ी रियासतों के विलय से हिमाचल प्रदेश का गठन एक केंद्र शासित मुख्य आयुक्त प्रांत के रूप में हुआ था। उन्होंने प्रदेश को अलग राज्य बनाने में योगदान देने वाले जननायकों और आंदोलनकारियों को भी नमन किया।

मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में जन-जीवन को सुचारु बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सिरमौर जिले में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 54 हजार से अधिक पात्र लाभार्थियों को लगभग 99 करोड़ रुपए की पेंशन वितरित की गई है, जबकि करीब 14 हजार नए लाभार्थियों को भी जोड़ा गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों के संरक्षण और कल्याण के लिए करोड़ों व्यय किए गए हैं। जिले में सड़क विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जहां पिछले तीन वर्षों में 483 करोड़ खर्च कर सड़कों का निर्माण और उन्नयन किया गया है।

कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

## आरक्षण रोस्टर में गड़बड़ी पर कांग्रेस सरकार बेनकाब : अरुष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश में पंचायत चुनावों से पहले आरक्षण रोस्टर को लेकर सामने आई स्थिति ने एक बार फिर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की मंशा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। जिस वार्ड में एक भी अनुसूचित जाति का व्यक्ति नहीं है, वहां सीट को आरक्षित कर देना न केवल प्रशासनिक विफलता है, अपितु यह स्पष्ट रूप से युवाओं और आम जनता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ है। अरुष गुप्ता ने कहा कि यह कोई साधारण गलती नहीं, अपितु एक सोची-समझी रणनीति प्रतीत होती है। कांग्रेस सरकार लगातार पारदर्शिता से भाग रही है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सदा से निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की पक्षधर रही है। पंचायत स्तर पर इस प्रकार की अनियमितताएं प्रदेश की लोकतांत्रिक नींव को हिला सकती हैं।

# टपरोली में भीषण अग्निकांड; मकान राख, गाय व बछड़े की दर्दनाक मौत

अनंत ज्ञान



घर में लगी आग से हुआ नुकसान। अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र के पझोता के टपरोली गांव में मंगलवार देर रात एक भीषण अग्निकांड ने भारी तबाही मचा दी। जदोल-टपरोली पंचायत के अंतर्गत रहने वाले मनोज ठाकुर के रिहायशी मकान में रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा मकान कुछ ही समय में जलकर राख हो गया और घर में रखा सारा सामान भी नष्ट हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तब तक आग पूरी तरह फैल चुकी थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि घर में मौजूद राजू और उनका परिवार समय रहते सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। लेकिन इस दुर्घटना में एक गाय और एक बछड़ा आग की चपेट में आ गए, जिनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक और चिंता का माहौल है। पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवार को शीघ्र उचित मुआवजा और राहत प्रदान की जाए। इस घटना पर जिला परिषद सदस्य विनय भगनाल और युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मनीष भगनाल ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से जल्द सहायता देने की अपील की है।

> प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रही है और राहत नियमों के तहत शीघ्र सहायता प्रदान की जाएगी।
> **राजकुमार ठाकुर**
> **एसडीएम, राजगढ़**

## न्यूज ब्रीफ

### बांजनी पंचायत के किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए किया प्रशिक्षित

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के चायल क्षेत्र की ग्राम पंचायत सकोड़ी और बांजनी में कास्था इंडिया नेचुरल प्राइवेट लिमिटड संस्था साल 2018 से ऑर्गेनिक खेती बढ़ावा देने के लिए काम कर रही हैं। इस संस्था के परियोजना प्रबधक अनील कुमार चड्डा, सीनियर फिल्ड ऑफिसर प्रकाश चंद और गौरव सिंह प्रबंधक ने बतौर स्त्रोत व्यक्ति ग्राम पंचायत बांजनी के शिलाई नरूद, बीनू और थरोला क्षेत्र के किसानों को ऑर्गेनिक खेती के प्रशिक्षण दिया। उन्होंने रासायनिक खेती के स्थान पर ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इन दोनों पंचायतों में डेढ़ सौ हेक्टेयर भूमि में 300 किसान इन खेती से जुड़े हैं। उन्हें जैविक खाद बनाने, ऑर्गेनिक खेती का प्रशिक्षण समय-समय पर दिया जा रहा हैं। जो किसान ऑर्गेनिक खेती कर रहे हैं उन्हें इस खेती के लिए ड्रम, बाल्टी, फुहारे, टब जैसे आवश्यक सामान बांटा जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि इन दिनों भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से संबद्ध एपीईडीए के आंकेक्षक संजीव कुमार शर्मा और कास्था संस्था के अधिकारी इन पंचायतों में ऑर्गेनिक खेती कर रहे किसानों का उनके घरों और खेतों में जाकर ऑनलाइन सत्यापन कर रहे हैं।

### मिशन कर्तव्य का पहला सफाई अभियान शुरू




**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'मिशन कर्तव्य' संगठन आज अपना पहला सफाई अभियान शुरू करने जा रहा है। इस मुहिम की शुरुआत सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के वार्ड (वार्ड नंबर 8) से होगी, जहां प्राचीन बावड़ियों को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया जाएगा। यह अभियान शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और स्थानीय धरोहरों की रक्षा करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। आयोजकों के अनुसार मुख्य फोकस मां शूलिनी देवी मंदिर के नीचे वाली बावड़ी और उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई तथा बावड़ी की जालियों पर पेंट कार्य होगा। सेवा करने की इच्छुक सभी सोलन वासियों से अपील की गई है कि वे इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। विशेष रूप से अभियान के दौरान ग्लव्स (दस्ताने) और मास्क 'मिशन कर्तव्य' की टीम द्वारा मौके पर ही उपलब्ध कराए जाएंगे। 'मिशन कर्तव्य' के सदस्यों ने कहा कि यह सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को बचाने का संकल्प है। सोलन को स्वच्छ भारत मिशन का आदर्श शहर बनाना हमारा कर्तव्य है। इच्छुक स्वयंसेवक कल सुबह समय पर पहुंचकर इस पहल का हिस्सा बन सकते हैं।

### पटाघाट मेले का भव्य समापन, ओम आर्या ने दी हिमाचल दिवस की बधाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा नेता व समाजसेवी ओम आर्या ने ग्राम पंचायत कोरो केन्थडी के पटाघाट में आयोजित दो दिवसीय स्थानीय मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हिमाचल दिवस के पावन अवसर पर आयोजित इस मेले ने ग्रामीण संस्कृति की जीवंत झलक पेश की। अपने संबोधन में ओम आर्या ने उपस्थित जनसमूह को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस अद्भुत ग्रामीण मेले की झलक देखकर मेरा मन हर्षित हो उठा है। यह हमारी जीवंत संस्कृति, एकता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। हमें इन मेलों को न केवल सहेजना है, बल्कि आधुनिक तकनीक से जोड़कर और बेहतर बनाना है। ओम आर्या ने बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से लगातार इस मेले में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे हैं। उन्होंने मेला कमेटी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और ऐसे आयोजनों को जारी रखने का आह्वान किया। समापन समारोह में स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया।

## जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित

# पर्यटन क्षेत्र के लिए 2357 करोड़ की योजना स्वीकृत

### आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पर्यटन क्षेत्र को वृह्द स्तर पर बढ़ावा दे रही सरकार : आरएस बाली

अनंत ज्ञान



मार्च पास्ट की सलामी लेते मुख्य अतिथि आरएस बाली। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** आरएस बाली ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। वे सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और विभिन्न दलों के भव्य मार्चपास्ट की सलामी ली, जबकि कारगिल शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि राज्य में प्राकृतिक, धार्मिक, साहसिक, आध्यात्मिक और स्वास्थ्य पर्यटन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नई ईको टूरिज्म नीति के अंतर्गत 77 स्थलों का विकास किया जा रहा है, जिससे आगामी पांच वर्षों में 200 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य है। पर्यटन के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने हेतु एशियन विकास बैंक के सहयोग से 2357 करोड़ की योजना स्वीकृत की गई है। साथ ही विभिन्न जिलों में हेलीपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। गग्गल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भी 3349 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। आरएस बाली ने बताया कि प्रदेश सरकार युवाओं के लिए 680 करोड़ की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना लागू कर रही है तथा हिमाचल को ग्रीन एनर्जी राज्य बनाने के लिए सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सोलन के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 1948 में यहीं प्रदेश का नामकरण हुआ था। साथ ही जिले में स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अधिकारी और कर्मचारी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में आरएस बाली ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व समाजसेवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पशु नियंत्रण कार्यक्रम के तहत उल्लेखनीय कार्य करने वाले पशु चिकित्सक डॉ. संदीप खिमटा, नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने वाले पुलिस अधिकारियों, गुमशुदा लड़की को ढूंढने वाली महिला पुलिस अधिकारी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने वाले पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# तेंदुए की खाल, घोरल के सींग बरामद, दो गिरफ्तार

### सिरमौर में वन्यजीव तस्करी का भंडाफोड़

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब।** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में वन विभाग की टीम ने वन्य जीव तस्करी का भंडाफोड़ किया है। विभाग ने मौके से बरामद वन्य जीव के अवशेषों को कब्जे में लेकर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई पांवटा साहिब वन मंडल की रैपिड रिस्पॉन्स टीम ने अमल में लाई।

विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए माजरा रेंज के घुतनपुर गांव में अख्तर अली के परिसर पर छापा मारकर वन्यजीव तस्करी का पर्दाफाश किया। इस दौरान टीम ने मौके से तेंदुए की एक खाल, तेंदुए की मूंछें (त्वचा सहित), घोरल के तीन जोड़ी सींग, काकड़ (बार्किंग डियर) के दो जोड़ी सींग और तेंदुए के पंजे (नाखून निकाले हुए) बरामद किए।

> विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत धारा 39, 40(2), 49ब(7) के उल्लंघन और धारा 51 के तहत केस दर्ज कर लिया है। यह मामला अनुसूची-1 में शामिल वन्यजीव प्रजातियों से जुड़ा है, जिन्हें अधिनियम के तहत अधिकतम संरक्षण प्राप्त है। मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।
> **आदित्य शर्मा, एसीएफ पांवटा साहिब**

### दयारशघाट में 2-3 मई को होगा नि:शुल्क सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, पंजीकरण शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चामत भड़ेच पंचायत के दयारशघाट में 2 और 3 मई को नि:शुल्क सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का भव्य आयोजन होगा। देव दयारश, देव विजेश्वर व माता नगर कोटी मंदिर प्रबंधन समिति ने इसके लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। इच्छुक बटुक प्रतिभागियों के अभिभावक सेवा समिति के पास शीघ्र पंजीकरण करवाएं, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके। यह आयोजन वाली पीढ़ी में सनातनी संस्कारों को मजबूत करने और विश्व कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। पिछले कई वर्षों से हर 2-3 साल में यहां ऐसा सामूहिक संस्कार आयोजित होता रहा है, जिसमें दूर-दूर से अभिभावक अपने बच्चों को यज्ञोपवीत धारण करवाने लाते हैं। इसके अलावा, यहां नियमित रूप से हवन, यज्ञ, भंडारे और धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं।

## जिला सोलन में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक, 150 कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन में भारतीय जनता पार्टी के सहकारिता प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में भाजपा प्रकोष्ठों के संयोजक पुरुषोत्तम गुलेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक यश पाल ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिला सोलन में सहकारिता क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह बैठक परिचयात्मक प्रकृति की रही, जिसमें सभी सदस्यों का आपसी परिचय करवाया गया और उन्हें संगठन के आगामी कार्यक्रमों और जिम्मेदारियों के लिए प्रशिक्षित किया गया। पुरुषोत्तम गुलेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की बैठकें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिला संयोजक ने बताया कि बैठक में लगभग 150 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आपसी समन्वय को बढ़ाना और सभी सदस्यों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करना था।

## दुर्लभ 'बिरना' फर्न की तस्करी, विभाग ने वसूला 30 हजार जुर्माना

### संगड़ाह-गत्ताधार मार्ग पर वन विभाग ने पिकअप वाहन से बरामद की करीब एक क्विंटल बिरना फर्न

अनंत ज्ञान



बिरना फर्न तस्करी मामले में पकड़े गए दोषी व वाहन। अनंत ज्ञान

**नाहन।** वन परिषद संगड़ाह के तहत आरक्षित वन क्षेत्र घाटों के जंगल में दुर्लभ फर्न 'बिरना' की तस्करी के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन को पकड़कर आरोपी से 30 हजार रुपए जुर्माना वसूला है। जानकारी के अनुसार संगड़ाह-गत्ताधार मार्ग पर पिऊलीलाणी नामक स्थान पर वन विभाग की टीम ने एचपी-08-0220 नंबर की पिकअप से जांच के दौरान करीब एक क्विंटल बिरना फर्न बरामद हुई, जिसे अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। कार्यवाहक रेंज अधिकारी संगड़ाह सत्य प्रकाश शर्मा और डीएफओ रेणुका जी बलदेव राज कंडेटा ने बताया कि चौरास गांव निवासी चालक यशपाल इस तस्करी में संलिप्त पाया गया। कार्रवाई में वन विभाग के कर्मचारी सत्यपाल, मुकेश, रवि और विक्रांत शामिल रहे। बताया जा रहा है कि हिमालयी जंगलों में पाई जाने वाली बिरना फर्न की मांग दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे बड़े शहरों में फूलों के गुलदस्तों के लिए काफी अधिक है। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र से हरियाणा जाने वाली सब्जी की गाड़ियों के माध्यम से भी इसकी तस्करी किए जाने की आशंका जताई जाती रही है।

### फर्न के संग्रहण व बिक्री पर प्रतिबंध

**फर्न** अति दुर्लभ श्रेणी में आती है, जिसके चलते इसके संग्रहण और बिक्री पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद तस्करी के मामले सामने आना वन संपदा के संरक्षण को लेकर चिंता का विषय बना हुआ है।

## कोटला नाला बैसाखी मेले की धूम, पहलवानों ने दिखाया दम



बैसाखी मेले में पहुंचे सांसद सुरेश कश्यप का स्वागत करते लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कोटला नाला क्षेत्र के पाजों सेरी में आयोजित पारंपरिक बैसाखी मेले का इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ भव्य समापन हुआ। मेले की शुरुआत सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। समापन अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मेले के दौरान मंदिर ग्राउंड के समीप राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेरी (पाजो) में विशाल दंगल का आयोजन हुआ। दंगल में दूर-दराज से पहुंचे पहलवानों ने अपने दमखम का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया।

◆ **सांसद सुरेश कश्यप ने विकास कार्यों के लिए की चार लाख देने की घोषणा**

इस अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओं को लगातार संसद में उठाते रहे हैं। उन्होंने मौके पर ग्राउंड निर्माण के लिए तीन लाख रुपए तथा वार्ड-15 के रास्तों की मरम्मत हेतु सांसद निधि से एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

**कार्यक्रम** पहाड़ी नाटियों पर झूम उठा राजगढ़, पहली सांस्कृतिक संध्या रही यादगार

## श्री शिरगुल देवता बैसाखी मेले में हिमांशी, सुरेश ने बांधा समां

अनंत ज्ञान



**राजगढ़।** जिला स्तरीय श्री शिरगुल देवता बैसाखी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या हिमांशी तनवर, सुरेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, किशन वर्मा, भारती शर्मा के नाम रही। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक हिंदी पहाड़ी नाटी प्रस्तुत करके दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। किशन वर्मा ने 'पिंक प्लाजो', 'मेरे देखने बिंदी' और 'कांडा चूटा कुमरो रा' जैसी पहाड़ी नाटियों की शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शक देर तक थिरकते नजर आए। कार्यक्रम में शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि एसडीएम पच्छाद वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेला कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह, शॉल व टोपी देकर सम्मानित किया।

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा। भारती शर्मा ने 'गड्डी शिमला स्टेशन से आई' और 'मैं तो तेरे शहर में आई' जैसे गीतों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं विक्की राजटा और हिमांशी तंवर की प्रस्तुतियों ने भी खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में ठियोग के सुरेश शर्मा ने अपनी पहाड़ी नाटियों से ऐसा रंग जमाया कि हर कोई नाचने पर मजबूर हो गया। उनकी प्रस्तुति ने पूरी सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया।

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन में मंडी ने जीता खिताब

**अनंत ज्ञान। अश्वनी शर्मा, कसौली।** कसौली में हिमाचल प्रदेश राज्यस्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता का समापन खेम सिंह ठाकुर पूर्व प्रधान बागी पंचायत व मेहर चंद ठाकुर प्रधान पंचायत जगजीत नगर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में मंडी, सोलन, शिमला, बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर जिला से 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में जिला मंडी ने पहला स्थान व दूसरे स्थान पर सोलन व तीसरे स्थान पर शिमला रहा। इस मौके पर जिला सोलन एमेच्योर ग्रैपलिंग संघ के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि खेल बच्चों को नशे से बचाने का माध्यम के साथ शारीरिक विकास का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि सोलन जिला से विजेता खिलाड़ी जो आगामी राष्ट्रीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं, उनका आने व जाने के पूरा खर्च वह ही वहन करेंगे। इस प्रतियोगिता में चयनित कैडेट, जुनियर, सीनियर व वेटरन खिलाड़ी 29 से 31 मई गुवाहाटी असम में होने वाली 19वीं राष्ट्रीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## हिमाचल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने परोसा झूठ : रावत

अनंत ज्ञान



**नाहन।** संगडाह नोहराधार भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हिमाचल दिवस के शुभ अवसर पर भी प्रदेशवासियों को झूठ परोस रहे हैं। सीएम ने संबोधन में कहा है कि हमने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेशवासियों को जो 10 बड़ी गारंटी दी थी। वह सभी गारंटी हमने चरण बंद तरीके से पूरी कर ली हैं। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने झूठ बोलने की सारी हदें पार कर ली हैं। इसलिए उनको राष्ट्रीय स्तर पर झूठ बोलने का पुरस्कार मिलना चाहिए। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की जनता को 10 बड़ी गारंटी दी थीं, जिसमें सबसे बड़ी गारंटी बेरोजगार युवाओं को हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देने की थी तथा दूसरी 18 साल से ऊपर की सभी महिलाओं को हर महीने 1500 मिलेंगे, तीसरी गारंटी हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। चौथी गारंटी भैंस का दूध सो रुपए लीटर लेंगे, पांचवी गारंटी गाय का दूध 80 रुपए लीटर लेंगे, छठी गारंटी दो रुपए किलो किसानों से गोबर भी लेंगे। सातवीं गारंटी किसान अपनी फसलों के दाम खुद तय करेंगे। आठवीं गारंटी मोबाइल क्लीनिक भी खोलेंगे। नौवीं गारंटी हर विस चुनाव क्षेत्र में खुलेंगे चार अंग्रेजी स्कूल, दसवीं गारंटी युवाओं के लिए 680 करोड़ का स्टार्टअप फंड देने की थी, जिसमें से एक भी गारंटी पूरी नहीं की गई। इससे जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

# केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता पर लगाए नए आरोपों पर दाखिल किया हलफनामा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाला केस की सुनवाई कर रहीं जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को फिर से हटाने की मांग की है। केजरीवाल ने बुधवार को जस्टिस कांता की अदालत में एक और हलफनामा दायर किया है। इसमें केजरीवाल ने जज के दो बच्चों के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ काम करने का मुद्दा उठाया है। केजरीवाल ने लिखा कि जज के दोनों बच्चे तुषार मेहता के साथ काम करते हैं। तुषार मेहता उनके बच्चों को केस सौंपते हैं। तुषार मेहता सीबीआई की तरफ से पेश होने वाले वकील हैं। ऐसे में, जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा तुषार मेहता के खिलाफ आदेश कैसे जारी कर पाएंगी? इससे पहले 13 अप्रैल को सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा था कि जस्टिस शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के कार्यक्रम में 4 बार शामिल हो चुकी हैं। ऐसे में उन्हें केस से हटाया जाए। केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की मांग करते हुए कहा था कि जिस तरह से अब तक इस मामले में अदालती कार्यवाही हुई है, उससे उन्हें निष्पक्ष न्याय की उम्मीद नहीं दिख रही है। केजरीवाल की अर्जी में 10 ऐसी दलीलें दी गई थीं जो जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली और न्यायिक प्रक्रिया पर भी सवालिया निशान खड़ा करती हैं। (अनंत ज्ञान)

- **बोले-जज के बच्चे सॉलिसिटर-जनरल के साथ काम करते हैं**
- **ऐसे में जज उनके खिलाफ आदेश कैसे दे पाएंगी, सीबीआई के वकील हैं तुषार मेहता**

# मेथेनॉल लेकर आ रहा चीनी टैंकर अमेरिकी नाकाबंदी तोड़ने में नाकाम

## चेतावनी के बाद मुड़ा, पहले भी की थी होर्मुज पार करने की कोशिश

**एजेंसी, तेल अवीव**

**अमेरिकी** प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसने करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था।

यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज पार करने की कोशिश की थी। रॉयटर्स के मुताबिक, एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को अमेरिकी युद्धपोत ने दो तेल टैंकरों को रोक दिया, जो ओमान की खाड़ी में स्थित ईरान के चाबहार बंदरगाह से बाहर



निकलने की कोशिश कर रहे थे। रिच स्टैरी और इसकी मालिक कंपनी शंघाई जुआनरन शिपिंग को, पर अमेरिका ने 2023 से प्रतिबंध लगा रखा है, क्योंकि वे ईरान के साथ व्यापार कर रहे थे। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा है कि ईरानी तेल की बिक्री के लिए दी गई अस्थायी छूट अब कुछ दिनों में खत्म हो जाएगी और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। यूरोपीय देश युद्ध के बाद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही फिर से सामान्य करने के लिए एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की योजना बना रहे हैं। खास बात यह है कि इस प्रस्तावित मिशन में अमेरिका को शामिल नहीं किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 1264 अंक चढ़ा

## निफ्टी 388 बढ़कर 24,231 पर पहुंचा; बैंकिंग और ऑटो शेयरों में खरीदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सेंसेक्स** बुधवार को 1,264 अंक (1.64%) की तेजी के साथ 78,111 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 388 अंकों (1.63%) की तेजी रही। यह 24,231 के स्तर पर आ गया है। ऑटो, आईटी, मेटल और बैंकिंग सेंक्टर के शेयरों में ज्यादा खरीदारी है। अमेरिका और ईरान के बीच दोबारा बातचीत शुरू होने की खबरों से ग्लोबल मार्केट में पॉजिटिव माहौल है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड के दाम गिरकर .100 प्रति बैरल के नीचे आ गए हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी राहत है। अमेरिकी बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख की वजह से घरेलू बाजार में चौतरफा खरीदारी हो रही है।



अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने के लिए दूसरे दौर की बातचीत शुरू होने की संभावनाओं से कच्चे तेल की कीमते गिर गई हैं। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड करीब 2.77 डॉलर गिरकर 95.69 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, अमेरिकी क्रूड 4 डॉलर की गिरावट के साथ 95 प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है। पिछले सत्र में ईरान जंग के चलते कीमतों में 4.3% तक का उछाल देखा गया था, लेकिन शांति वार्ता की खबरों ने निवेशकों खरीदारी की। शेयर बाजार में 13 अप्रैल को गिरावट रही थी। सेंसेक्स 703 अंक (0.91%) नीचे 76,848 के स्तर पर, जबकि निफ्टी भी 208 अंक (1.16%) गिरकर 23,843 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# लेबनान-इसराइल वार्ता का पहला दौर समाप्त, युद्धविराम पर सहमति नहीं

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**इसराइल** और लेबनान के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में चल रही सीधी बातचीत का पहला दौर समाप्त हो गया है। करीब तीन दशक बाद हुई इस प्रत्यक्ष वार्ता को क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है, हालांकि फिलहाल युद्धविराम पर कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी है।

अमेरिका में इसराइल के राजदूत येचिएल लेइटर ने लेबनानी राजदूत नादा हमादेह के साथ हुई दो घंटे की बैठक को 'बेहद सकारात्मक' बताया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों और सुझावों पर चर्चा हुई है, जिन्हें अब अपनी-अपनी सरकारों के सामने रखा जाएगा। हालांकि, युद्धविराम के सवाल पर इसराइल ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए किसी भी प्रतिबद्धता से इनकार कर दिया। लेइटर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता केवल इसराइल के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है और जब तक सीमा पार से हमले जारी रहेंगे, तब तक सैन्य कार्रवाई रोकी नहीं जाएगी। उन्होंने हिज्बुल्लाह को कमजोर बताते हुए कहा कि इसराइल अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में लेबनान और इसराइल के बीच बेहतर और औपचारिक संबंध बनने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लेबनान की सरकारी एजेंसी के अनुसार, यह वार्ता सीमा पर बढ़ते तनाव को कम करने और स्थायी समाधान की दिशा में एक शुरुआती प्रयास है। दोनों पक्ष आने वाले हफ्तों में फिर से बातचीत के लिए मिल सकते हैं। इस वार्ता से भले ही तुरंत युद्धविराम का रास्ता नहीं निकला हो, लेकिन संवाद की बहाली अपने आप में एक सकारात्मक संकेत है, जो भविष्य में शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# सीडीएस ने युद्ध के बदलते स्वरूप के अनुरूप ढलने की जरूरत पर जोर दिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बदलते भू-रणनीतिक यथार्थों और युद्ध के बदलते स्वरूप के अनुरूप ढलने की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिसमें आर्थिक एवं तकनीकी आयाम भी शामिल हैं। उन्होंने युद्ध के तेजी से बदलते स्वरूप को देखते हुए नौसेना से नई योजना बनाने का आग्रह किया। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने युद्ध की तैयारी पर लगातार ध्यान केंद्रित करने और उभरती हुई तकनीकों को अपनाकर एक 'भविष्य के लिए तैयार' सेना बनाने पर जोर दिया। सीडीएस जनरल चौहान ने बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों से संबंधित मामलों पर नौसेना कमांडरों को संबोधित किया और उनसे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत की ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की त्वरित तैनाती की सराहना की। नौसेना भवन में तीन दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन की शुरुआत नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने नौसेना के वरिष्ठ नेतृत्व, बाहर से आए ऑपरेशनल और एरिया कमांडर्स, कमांड मुख्यालयों और मुख्यालय स्टाफ को संबोधित किया। उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष, ऑपरेशन्स की बढ़ी हुई गति और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल में ऊर्जा सुरक्षा सहित भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने में नौसेना की उपलब्धियों को सराहा। नौसेना प्रमुख ने उभरते भू-रणनीतिक परिदृश्य में हिंद महासागर क्षेत्र और उससे आगे भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धताओं को दोहराया और बहुपक्षीय तथा द्विपक्षीय अभ्यासों में सक्रिय जुड़ाव के माध्यम से एकजुट और विश्वसनीय दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। सम्मेलन के दौरान संयुक्तता, क्षमता वृद्धि, रखरखाव/मरम्मत, बहु-क्षेत्रीय सुरक्षा पद्धतियां, प्रशिक्षण, विदेशी सहयोग, राहत एवं बचाव और स्वदेशीकरण से संबंधित प्रमुख मुद्दों सहित परिचालन संबंधी मुख्य बातों पर चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)

# सोना 2,938 और चांदी भी 13,874 रुपए हुई महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में बुधवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,938 रुपए बढ़कर 1.53 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 13 अप्रैल को इसकी कीमत 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी 13,874 रुपए बढ़कर 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले सोमवार को इसकी कीमत 2.37 लाख रुपए प्रति किलो थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19,754 रुपए और चांदी 20,435 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10द् सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.53 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# अंडमान सागर में नाव डूबी, 250 रोहिंग्या और बांग्लादेशी लापता



**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंडमान सागर में रोहिंग्या शरणार्थियों और बांग्लादेशी नागरिकों को ले जा रही एक नौका के पलटने से लगभग 250 लोगों के लापता होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने एक बयान में कहा कि यह नौका दक्षिणी बांग्लादेश के टेक्नाफ से मलेशिया के लिए रवाना हुई थी। भारी हवाओं, उबड़-खाबड़ समुद्र और अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण यह नौका डूब गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नौका में लगभग 280 लोग सवार थे और इसने चार अप्रैल को बांग्लादेश छोड़ा था। हादसे में लापता लोगों में कई बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बोट पर बड़ी संख्या में रोहिंग्या सवार थे। संभावना है कि इस नौका में सवार रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में स्थित विशाल शिविरों से भागने की कोशिश कर रहे थे, जहां म्यांमार के रखाइन प्रांत से विस्थापित एक मिलियन से अधिक शरणार्थी दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं।

# अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। सुबह से ही पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं के बाहर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। 57 दिनों की इस तीर्थयात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से रजिस्टेशन शुरू हो गए हैं। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है। एडमिनिस्ट्रेशन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे दिशा-निर्देशों का पालन करें और अंतिम समय की असुविधा से बचने के लिए सभी औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर लें। (अनंत ज्ञान)

# संजीव अरोड़ा ने लिवासा अस्पताल में एडवांस्ड रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेंटर का किया शुभारंभ




अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** पंजाब के उद्योग व वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने बुधवार को लिवासा अस्पताल, मोहाली में एडवांस्ड रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया। सेंटर में अत्याधुनिक रेडिएशन टेक्नोलॉजी उपलब्ध है, जिसका उद्देश्य होलिस्टिक व मल्टी-डिसीप्लिनरी अप्रोच के साथ सटीक, प्रभावी और पेशेंट सेंट्रिक कैंसर उपचार प्रदान करना है।

इस अवसर पर बोलते हुए संजीव अरोड़ा ने कहा, इस एडवांस्ड रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेंटर का शुभारंभ पंजाब में कैंसर देखभाल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक तकनीक व समय पर उपचार तक पहुंच लाइफ-सेविंग अंतर ला सकती है और ऐसी पहल से पूरे क्षेत्र के रोगियों को लाभ होगा। सीईओ-लिवासा हॉस्पिटल्स, अनुराग यादव ने कहा कि एडवांस्ड रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेंटर का उद्घाटन, समुदायों के करीब विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल प्रदान करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों की एक मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम और एक स्ट्रक्चर्ड ट्यूमर बोर्ड, सेंटर का सपोर्ट करते हैं, जहां विशेषज्ञ व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार करने के लिए प्रत्येक मामले की संयुक्त रूप से समीक्षा करते हैं।

इस टीम में डायरेक्टर-मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. जतिन सरीन, डायरेक्टर-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ मीनाक्षी मित्तल, डायरेक्टर-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. विजय बंसल, डायरेक्टर-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. शुभ महिंद्रू, सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. प्रियांशु चौधरी, सीनियर कंसल्टेंट-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ. परनीत सिंह, और कंसल्टेंट-क्लिनिकल हेमेटोलॉजी और बीएमटी डॉ. मुकेश चावला शामिल हैं।

# थार गाड़ी ने बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय को कुचला, मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** थार गाड़ी चालक ने बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय को कुचल दिया। वह बाइक पर सवार होकर पिज्जा डिलीवरी देने जा रहा था। राहगीरों ने डिलीवरी ब्वॉय के मोबाइल से उसके प्रबंधक को कॉल किया। जिसके बाद प्रबंधक संजय मौके पर पहुंचा व उसे नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के तुरंत बाद थार गाड़ी चालक फरार हो गया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बुधवार को बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार डिलीवरी ब्वॉय प्रवीण कुमार निवासी जालौन उत्तर प्रदेश के गांव जकदेवपुर का रहने वाला था। वह सेक्टर-49 स्थित ओमेक्स माल में बने डोमिनोज पिज्जा हट में डिलीवरी ब्वॉय था। वह सेक्टर-71 की सीएचडी सोसायटी में परिवार के साथ रहता था। बुधवार की दोपहर को प्रवीण कुमार पिज्जा लेकर डिलीवरी के लिए बाइक पर निकला था। वज रेडिसन ब्लू होटल के पास पहुंचा था। इसी दौरान आईटी स्पेज पार्क के पास पीछे से एक युवक थार गाड़ी तेज गति से लेकर आया। उसने प्रवीण की बाइक में टक्कर मार दी।

# पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया 211वां अन्न भंडारा



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** बैसाखी के पावन अवसर पर पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने श्रद्धा और सेवा भाव के साथ अपना 211वां अन्न भंडारा आयोजित किया।

यह कार्यक्रम पंचकूला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1 में ट्रस्ट के संस्थापक और समाजसेवी अमिताभ रूंगटा के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर अमिताभ रूंगटा ने कहा कि बैसाखी सिर्फ फसल का त्योहार नहीं है, बल्कि यह सेवा, समर्पण और मिल-जुलकर रहने का संदेश भी देता है। यह दिन हमें प्रकृति का धन्यवाद करने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने की प्रेरणा देता है। इस दिन मंदिर जाकर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी या भगवान हनुमान की पूजा करना शुभ माना जाता है। साथ ही, जरूरतमंदों के लिए, अन्न भंडारा लगाना बहुत पुण्यदायी होता है। भंडारे के दौरान पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्य मौजूद रहे और उन्होंने पूरी लगन और सेवा भाव से लोगों को भोजन वितरित किया।

# सीवर की जहरीली गैस से दो मजदूरों की गई जान, एक गंभीर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नूंह के फिरोजपुर झिरका में मंगलवार देर रात सीवर की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार तीन सफाई कर्मचारी सीवर लाइन की सफाई के लिए अंदर उतरे थे। सीवर लाइन में जहरीली गैस के कारण कुछ ही मिनटों में उनकी हालात बिगड़ गई। दम घुटने के कारण दो मजदूर बाहर नहीं निकल सके व उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे मजदूर को भी बचाने के लिए नीचे उतारा गया, लेकिन उसकी तबीयत भी बिगड़ने लगी। बाद में उसे बाहर निकालकर अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में भर्ती कराया गया। मृतकों में एक मजदूर पलवल जिले का निवासी बताया जा रहा है, जबकि दूसरा उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण—जैसे गैस मास्क, सेफ्टी किट या ऑक्सीजन स्पोर्ट के सीधे सीवर में उतार दिया गया। यही लापरवाही उनकी मौत का कारण बनी।

# अंबेडकर की सोच बनी विश्व के लिए मार्गदर्शक : राजा शेखर वुंडरू




अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत के संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा में परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस डॉ. राजा सेखर वुंडरू ने भाग लिया।

वुंडरू ने कहा कि अंबेडकर के विचारों को वर्तमान वैश्विक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अंबेडकर केवल भारत के संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि एक ऐसे वैश्विक चिंतक थे, जिनकी सोच आज के जटिल अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भी मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर की संवैधानिक नैतिकता केवल एक सैद्धांतिक अवधारणा नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन और शासन व्यवस्था का आधार है। उन्होंने नागरिकों और संस्थाओं के बीच संतुलन, समानता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस ढांचा प्रस्तुत किया, जो आज भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र चार्टर और भारतीय संविधान के बीच समानताओं पर भी प्रकाश डाला गया। डॉ. राजा शेखर वुंडरू ने कहा कि अंबेडकर ने सामाजिक और आर्थिक समानता को लोकतंत्र की सफलता के लिए अनिवार्य माना। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि समाज में असमानता बनी रहती है, तो लोकतंत्र केवल एक औपचारिक व्यवस्था बनकर रह जाएगा। यही सोच आज भी वैश्विक नीति-निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण संदेश देती है।

## विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम किया आयोजित

# 180 जरूरतमंद बच्चों को बांटी जरूरी सामग्री

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** शिक्षा को बढ़ावा देने व छोटे बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गांव अटावा में समाजसेवी संस्था नेचर नाइन फाउंडेशन द्वारा वार्ड नंबर 24 के पार्षद जसबीर सिंह बंटी के सहयोग से सेक्टर 42 के कम्युनिटी सेंटर में पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों और बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर नीरज सूद-प्रधान, नेचर नाइन फाउंडेशन, नेहा गोयल-जनरल सेक्रेटरी, नेचर नाइन फाउंडेशन, मलकीत सिंह, पारस, कीकर सिंह, देव और राजकुमार सहित आरएस तोमर मौजूद थे। इस योजना के तहत 31 मार्च 2026 तक फॉर्म भरवाए गए थे, जिसमें लगभग 180 बच्चों का पंजीकरण हुआ। इस अवसर पर सभी बच्चों को स्कूल बैग, किताबें, पेंसिल, रबर के साथ-साथ ड्राइंग की किताबें भी वितरित की गईं, ताकि बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को भी प्रोत्साहन मिल सके।

पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनके अभिभावकों को सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह केवल स्कॉलरशिप वितरण नहीं, बल्कि बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का एक माध्यम है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए घोषणा की कि अगले वर्ष जिन विद्यार्थियों के 80% से अधिक अंक आएंगे, उन्हें स्कॉलरशिप के साथ विशेष इनाम भी दिया जाएगा, ताकि बच्चे अपने परिवार, वार्ड और शहर का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। जिनमें प्रधान राजकुमार शर्मा, अरुण अग्रवाल, शिव कुमार, राजू तिवारी, पवन सिंह, विनोद कौशल, बालकृष्ण आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। यह पहल समाज के कल्याण और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# 8.20 ग्राम हेरोइन के साथ व्यक्ति काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव खेड़ाखेमावती से एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 8.20 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने आरोपित के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव खेडाखेमावती दादा सती रोड़ पर पेड़ के नीचे एक युवक नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है। जो नशा बेचने के लिए ग्राहको का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवकों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपित के कब्जे से 8.20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान गांव खेडाखेमावती निवासी दीपक के रूप में हुई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने दीपक के खिलाफ नशीला पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाने के जांच अधिकारी राजबीर ने बुधवार को बताया कि हेरोइन के साथ पकड़े गए युवक से नशे के नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# अग्निशामक यंत्रों व फायर हाइड्रेंट्स के सही उपयोग का प्रदर्शन किया

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** सिविल अस्पताल, सेक्टर 45, चंडीगढ़ में एक अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र के दौरान अग्निशामक यंत्रों और फायर हाइड्रेंट्स के सही उपयोग का प्रदर्शन किया गया।

इस कार्यशाला का संयुक्त आयोजन फायर स्टेशन सेक्टर 32 चंडीगढ़ और फायर अवेयरनेस एंड सेफ्टी एसोसिएशन (एफएएसए) द्वारा, 'अग्नि सेवा सप्ताह 2026' के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के एक हिस्से के रूप में किया गया था। एफएएसए के फाउंडर प्रेसिडेंट, जसज्योत सिंह अलमस्त ने कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल एक कानूनी अनिवार्यता नहीं, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से, हमारा उद्देश्य नागरिकों, स्वयंसेवकों और संस्थागत कर्मचारियों को अग्नि निवारण,



आपातकालीन निकासी प्रक्रियाओं और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है।

सब-फायर ऑफिसर जसमीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अग्नि सुरक्षा को एक आदत बनाने का संकल्प लें, न कि इसे केवल एक बाद का विचार समझें। उन्होंने आगे कहा कि आज का कुछ मिनटों का प्रशिक्षण कल कई लोगों की जान बचा सकता है। लीडिंग फायरमैन मांगे राम और जोगिंदर सिंह ने फायरमैन नितिन की सहायता से अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रदर्शन किया। सिविल अस्पताल, सेक्टर 45, चंडीगढ़ की सीनियर मेडीकल ऑफिसर एवं इंचार्ज डॉ. अंजलि गुप्ता व अग्नि सुरक्षा नोडल ऑफिसर डॉ. शेफाली ने एक संयुक्त बयान में कहा कि उनकी संस्था जागरूकता, प्रशिक्षण और आपसी सहयोग के माध्यम से एक सुरक्षित समुदाय के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# हाईकोर्ट के वकील ने एचसीएस अधिकारियों की तैनाती पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में बुधवार को जहां निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। वहीं, एचसीएस अधिकारियों की एक ही जगह लंबे समय से तैनाती को लेकर भी विवाद हो गया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और म्यूनिसिपल कानून विशेषज्ञ हेमंत कुमार ने राज्य निर्वाचन आयोग को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने 13 अप्रैल को प्रदेश के 7 नगर निकायों (3 नगर निगम, 1 नगरपालिका परिषद और 3 नगरपालिका समितियों) के आम चुनाव तथा 6 अन्य निकायों में रिक्त वार्डों के उपचुनाव की घोषणा की है। इन चुनावों के लिए मतदान 10 मई को और मतगणना 13 मई को होगी। इसी बीच कुछ एसडीएम की तैनाती को लेकर विवाद सामने आ गया है ज्ञापन में कहा गया कि अंबाला शहर के मौजूदा एसडीएम दर्शन कुमार, जो 2019 बैच के एचसीएस अधिकारी हैं, सितंबर 2022 से लगातार साढ़े तीन वर्षों से एक ही पद पर तैनात हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

**एजेंसी, चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 22 में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला उल्लंघन था, जो न्यूनतम ओवर गति से संबंधित है। इसी कारण रहाणे पर यह जुर्माना लगाया गया। यह मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया, डीजिसमें कोलकाता को 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए। जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 160 रन ही बना सकी और लक्ष्य से पीछे रह गई। इस तरह एक ओर जहां कोलकाता को हार झेलनी पड़ी, वहीं धीमी ओवर गति के कारण कप्तान अजिंक्य रहाणे पर जुर्माना भी लगाया गया। (अनंत ज्ञान)

### किरोड़ीमल कॉलेज ने जीता बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल का खिताब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** किरोड़ीमल कॉलेज ने मंगलवार रात दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जो एक्स्ट्रा टाइम तक पहुंचा। अंततः किरोड़ीमल कॉलेज ने मेज़बान खालसा कॉलेज को 79-78 के बेहद करीबी अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। किरोड़ीमल कॉलेज के देव कपूर को फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खालसा कॉलेज के हार्दिक शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में साउथ कैंपस की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ दिल्ली बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कालिया, पीएसपीबी के सलाहकार ललित वत्स, डीबीए के महासचिव अशोक रंगीन और डीयूएससी के सहायक निदेशक डॉ. सुशील कुमार भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### विंबलडन से पहले ग्रासकोर्ट एटीपी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा इटली

**एजेंसी, रोम।** इटली टेनिस जगत में अपनी मजबूत होती स्थिति को और आगे बढ़ाते हुए 2028 से विंबलडन से पहले एक नया ग्रासकोर्ट एटीपी टूर्नामेंट आयोजित करेगा। इटालियन टेनिस और पैडल महासंघ ने ब्रुसेल्स में अक्टूबर में खेले जाने वाले एटीपी 250 स्तर के टूर्नामेंट के अधिकार खरीद लिए हैं, जिसे अब जून महीने में इटली में आयोजित किया जाएगा। महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनाघी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि टूर्नामेंट के आयोजन स्थल पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है, लेकिन मौसम को देखते हुए इसे उत्तरी इटली में आयोजित किए जाने की संभावना है। उन्होंने संकेत दिया कि मिलान का ऐतिहासिक सैन सिरो स्टेडियम भी संभावित स्थल हो सकता है, जहां फुटबॉल मैदान के भीतर ग्रासकोर्ट तैयार किया जा सकता है। बिनाघी ने कहा कि स्पेन के मैड्रिड ओपन में सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम के भीतर अभ्यास कोर्ट बनाए जा रहे हैं, इसलिए यह विचार नया नहीं है। इटली इससे पहले 2022 से 2024 तक गाइबा में महिला ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुका है। इसके अलावा, देश 2030 तक ट्यूरिन में एटीपी फाइनल्स और अगले साल तक बोलोग्ना में डेविस कप फाइनल्स की मेजबानी कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### एम्मा रादुकान का स्टाइल सबसे जुदा

**एम्मा** रादुकानू एक ब्रिटिश पेशेवर टेनिस खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2021 में 18 साल की उम्र में बिना एक भी सेट गंवाए यूएस ओपन जीतकर इतिहास रचा था। वह 1977 के बाद से ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली ब्रिटिश महिला हैं। उन्होंने करियर में विश्व नंबर 10 की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की है।



अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने
समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश
एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।
"अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र"

| | |
|---|---|
| शिमला | सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595 |
| धर्मशाला | राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474 |
| सोलन | मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519 |
| मंडी | अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288 |
| हमीरपुर | विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422 |
| बिलासपुर | अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310 |
| चंबा | राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759 |
| ऊना | राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500 |
| कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति | कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600 |
| पठानकोट | अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666 |
| चंडीगढ़/मोहाली | गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615 |

Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com

**आईपीएल में आज पांच बार की चैंपियन और फॉर्म में चल रही टीम के बीच होगी टक्कर**

# मुंबई को पंजाब से मिलेगी कड़ी चुनौती

**एजेंसी, मुंबई**




पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद वीरवार को यहां अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण रोहित लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। मुंबई को अब हर हाल में जीत की दरकार है और ऐसे में यह देखना होगा कि रोहित इस मैच के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं। वैसे अगर मुंबई को अगर वापसी करनी है तो उसके सभी खिलाड़ियों को अपना योगदान देना होगा। मुंबई ने पिछले 13 सत्र में पहली बार अपना शुरुआती मैच जीता था लेकिन इसके बाद उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

मुंबई इंडियंस का पावरप्ले में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे इस क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। उसने चार मैचों में पहले छह ओवरों के महत्वपूर्ण चरण में केवल तीन विकेट लिए हैं। इसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच भी शामिल है जिसमें पावरप्ले 3.2 ओवर का था।

जसप्रीत बुमराह रन रोकने में तो सफल रहे हैं, लेकिन यह स्टार भारतीय तेज गेंदबाज अब तक चार मैचों में विकेट नहीं ले पाया है। ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद मुंबई इंडियंस की गेंदबाज अभी तक प्रभावित नहीं कर पाए हैं। यहां तक की बल्लेबाजी में भी मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले का पूरा फायदा नहीं उठा पाया है। इससे उसके मध्यक्रम पर दबाव बन रहा है। उसके मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने काफी हद तक निराश किया है। भारत की टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार ने एक अर्धशतक लगाया है लेकिन तिलक ने अब तक 20, 00, 14 और 01 रन ही बनाए हैं। टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की अनुपलब्धता मुंबई इंडियंस के लिए एक और समस्या है। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडे, मो. इजहार, रघु शर्मा।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), विष्णु विनोद (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिशेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन द्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर।

## चेन्नई को केकेआर के खिलाफ गेंदबाजों के दम पर मिली जीत

**एजेंसी, चेन्नई**



एजेंसी चेन्नई आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने अपने घरेलू मैदान चेपॉक पर दमदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को 32 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ चेन्नई ने लगातार दूसरी घरेलू जीत दर्ज की, जबकि केकेआर को इस सीजन में चौथी हार झेलनी पड़ी। चेन्नई की इस जीत में उसके गेंदबाजों की अहम भूमिका रही। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। टीम की ओर से संजू सैमसन ने 48 रन की अहम पारी खेली। वहीं, आयुष म्हात्रे ने 17 गेंदों में 38 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने भी 41 रन का योगदान दिया। हालांकि, डेथ ओवरों में चेन्नई की रन गति थोड़ी धीमी पड़ गई।

192 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत खराब रही। फिन एलन जल्दी आउट हो गए, जबकि सुनील नरेन 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन 10वें ओवर के बाद विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया। चेन्नई के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर पकड़ बनाए रखी। नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके और रहाणे, कैमरन ग्रीन व रिंकू सिंह को आउट किया। वहीं अंशुल कंबोज ने दो विकेट लिए, जबकि खलील अहमद और अकील हुसैन ने एक-एक विकेट हासिल किया। केकेआर एक समय 90 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी। हालांकि रोवमन पॉवेल और रमनदीप सिंह ने 63 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। (अनंत ज्ञान)

## अभिषेक और अक्षर पटेल नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं। कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)





# सिंदारोव ने एक राउंड पहले ही जीता फिडे कैंडिडेट्स खिताब

**अब विश्व शतरंज चैंपियनशिप में डी. गुकेश को देंगे चुनौती**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **लगातार 50 मैचों में अजेय होने का बनाया रिकॉर्ड**



फिडे कैंडिडेट्स-2026 के ओपन वर्ग में उभरते ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को एक राउंड शेष रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया। राउंड 13 में अनीश गिरी के खिलाफ ड्रॉ खेलते ही उन्होंने टूर्नामेंट में अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया। इस जीत के साथ सिंदारोव ने इस साल होने वाले फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को चुनौती देने का अधिकार हासिल कर लिया है। खास बात यह रही कि सिंदारोव पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे और उनकी लगातार अजेय मैचों की संख्या 50 तक पहुंच गई। राउंड 13 से पहले सिंदारोव के पास दो अंकों की बढ़त थी। गिरी के लिए यह मुकाबला जीतना जरूरी था, ताकि फाइनल राउंड तक मुकाबला बना रहे, लेकिन ड्रॉ के साथ ही सिंदारोव ने खिताब सुनिश्चित कर लिया। मुकाबले की शुरुआत गिरी ने मजबूत चाल से की, जिसका जवाब सिंदारोव ने बेहद मजबूत रणनीति के साथ दिया। 15वीं चाल तक कई मोहरों का आदान-प्रदान हो चुका था और खेल रानी के बिना मिडिलगेम में पहुंच गया, जो सिंदारोव की रणनीति के अनुकूल रहा। (अनंत ज्ञान)

## धोनी से बातचीत के बाद नूर ने किया मैच विनिंग प्रदर्शन

**एजेंसी, चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी भले ही चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अभी तक नहीं खेल पाए हैं, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रदर्शन में उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है जिसकी एक बानगी स्पिनर नूर अहमद के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन में देखने को मिली। अफगानिस्तान के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर इस मैच से पहले तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था, लेकिन नेट पर अभ्यास के दौरान धोनी से लंबी बातचीत के बाद उनके खेल में बदलाव देखने को मिला।



उन्होंने केकेआर के खिलाफ चार ओवरों में स्पिनरों के लिए मुश्किल मानी जा रही पिच पर 21 रन देकर तीन विकेट लिए। सीएसके के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने कहा कि नूर की मैच से पहले धोनी के साथ बातचीत हुई थी। धोनी पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''धोनी ने अभ्यास सत्र के दौरान उनसे काफी देर तक बात की और उन्हें लेग अधिक ब्रेक करने के लिए प्रेरित किया। मुझे लगता है कि आज उससे मदद मिली और इसके परिणाम सबके सामने हैं।' (अनंत ज्ञान)

## पहली बार होगा 'शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र' का आयोजन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महाराष्ट्र में निशानेबाजी खेल को नई दिशा देने की पहल के तहत पहली बार 'शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र' का आयोजन किया जा रहा है। यह लीग 17 से 19 अप्रैल तक पुणे के अमनोरा पार्क स्थित छत्रगुज नर्सेस स्कूल में आयोजित होगी। महाराष्ट्र राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह लीग देश में शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के ढांचे को राज्य स्तर पर लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हाल ही में कर्नाटक में सफल आयोजन के बाद अब महाराष्ट्र इसका अगला चरण बन रहा है। इस लीग का मुख्य उद्देश्य राज्य में प्रतिभाओं को मंच देना, प्रतिस्पर्धा को मजबूत करना और निशानेबाजी खेल को आम दर्शकों तक पहुंचाना है। आयोजन के जरिए खेल की लोकप्रियता बढ़ाने और नए खिलाड़ियों को प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया है। इस लीग में भारत के कई दिग्गज निशानेबाज और कोच मेंटर के रूप में शामिल होंगे। इनमें राही सरनोबत, अंजली भागवत, सुमा शिरूर, दीपाली देशपांडे, तेजस्विनी सावंत, रुद्रांश पाटिल और कोच रोनक पंडित जैसे नाम शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी युवा प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देंगे। (अनंत ज्ञान)

**लीग में 18 टीमें, 144 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**

**लीग** में महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों की 18 टीमें भाग लेंगी, जिनमें कुल 144 खिलाड़ी 10 मीटर राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। खास बात यह है कि लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिससे क्षेत्रीय पहचान और प्रतिस्पर्धा का स्तर और मजबूत होगा। लीग में छोटे और तेज फॉर्मेट के मुकाबले होंगे, जिससे दर्शकों के लिए मुकाबले अधिक रोमांचक और समझने में आसान बनेंगे।

## दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर ने लिया संन्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्तूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है। तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने 'बैडमिंटन यूरोप' से कहा, ''जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया। दर्द के कारण मैं खेल नहीं पा रहा हूं और अभ्यास भी नहीं कर पा रहा हूं। इस कारण मुझे यह बेहद मुश्किल फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।' एक्सलसेन 183 सप्ताह तक विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं और वह इस मामले में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। (अनंत ज्ञान)



## क्रिकेट पत्रिका विजडन ने दीप्ति को चुना सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी

**एजेंसी, आगरा**



◆ **महिला विश्व कप में 22 विकेट व 215 रन बनाने पर मिला सम्मान**

क्रिकेट जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगरा का नाम रोशन करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एक और उपलब्धि हासिल कर आगरा का गौरव बढ़ाया है। ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पत्रिका ने दीप्ति शर्मा को साल का सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना है। इससे उत्तर प्रदेश के आगरा में खुशी की लहर की है। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को विजडन अल्मानैक 2026 में प्रतिष्ठित 'लीडिंग वुमन क्रिकेटर इन द वर्ल्ड' (वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर) के रूप में रैंकिंग देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने 2025 आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 विकेट लेने और 215 रन बनाने के लिए यह पुरस्कार जीता। विजडन पत्रिका में दीप्ति का नाम दर्ज होने के बाद आगरा के खेल प्रेमियों और क्रिकेट साधकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके भाई क्रिकेट कोच सुमित शर्मा, दीप्ति के पिता भगवान शर्मा, मां सुशीला शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे आगरा का सम्मान बताया।

दीप्ति शर्मा के भाई और क्रिकेट कोच सुमित शर्मा ने बताया कि दीप्ति ने हर स्तर पर काबिलियत साबित की है और विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विजडन अवार्ड मिलने से परिवार के सभी सदस्यों, परिचितों और मित्रों में बहुत खुशी है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन आगरा के अध्यक्ष सुनील जोशन से बातचीत में उन्होंने बताया कि दीप्ति को विजडन अवार्ड मिलना आगरा क्रिकेट इतिहास में एक गौरवपूर्ण घटना है। (अनंत ज्ञान)

**यूएफा चैंपियंस लीग** | **डिफेंडिंग चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के काफी करीब**

# पीएसजी ने लिवरपूल को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी, लिवरपूल**



पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एंफील्ड में लिवरपूल को 2-0 से हराकर यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ पीएसजी ने दो मैचों के कुल स्कोर में 4-0 से मुकाबला अपने नाम किया। डिफेंडिंग चैंपियन पीएसजी अब लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है।

अगर वह ऐसा करने में सफल रहता है, तो आधुनिक दौर में रियल मैड्रिड के बाद ऐसा करने वाला दूसरा क्लब बन जाएगा। मैच में बैलन डी ऑर विजेता उस्मान डेम्बेले ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर लिवरपूल की वापसी की उम्मीदों को पूरी तरह खत्म कर दिया। उनका पहला गोल 72वें मिनट में आया, जब उन्होंने बॉक्स के बाहर से सटीक शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचाया। इसके बाद इंजरी टाइम में उन्होंने दूसरा गोल कर टीम की जीत पक्की कर दी।

पीएसजी के कोच लुइस एनरिके ने मैच के बाद कहा, 'चैंपियंस लीग खिताब बचाना आसान नहीं होता, लेकिन हम फिर से यहां हैं और हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना होगा।' इस जीत के साथ पीएसजी का सामना अब सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख या रियल मैड्रिड में से किसी एक टीम से होगा। लिवरपूल ने मुकाबले में वापसी की कोशिश जरूर की।

पहले हाफ में वर्जिल वैन डाइक का आसान मौका पीएसजी के कप्तान मार्किन्होस के शानदार बचाव के कारण गोल में नहीं बदल सका। दूसरे हाफ में लिवरपूल को पेनल्टी का मौका भी मिला, जब एलेक्सिस मैक एलिस्टर के खिलाफ फाउल दिया गया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने अपना फैसला बदल दिया, जिससे घरेलू टीम की उम्मीदों को झटका लगा। (अनंत ज्ञान)

### बार्सिलोना चैंपियंस लीग से बाहर

**एजेंसी, बार्सिलोना।** चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल के दूसरे लेग में बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराया, लेकिन कुल स्कोर 3-2 रहने से टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। पहले लेग में एटलेटिको ने 2-0 की जीत हासिल की थी, जो आखिर में निर्णायक साबित हुई। एटलेटिको मैड्रिड 2017 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। अब अगले दौर में उनका मुकाबला आर्सेनल या स्पोर्टिंग लिस्बन में से किसी एक से होगा। मैच के शुरुआती 24 मिनटों में ही बार्सिलोना ने दो गोल कर बढ़त बना ली थी। चौथे मिनट में ही युवा खिलाड़ी लेमिन यमल ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। उन्होंने एटलेटिको के डिफेंडर क्लेमेंट लेंगलेट की गलती का फायदा उठाया। इसके बाद 24वें मिनट में फेरान टॉरेस ने दानी ओल्मो के पास पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। एक समय ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, लेकिन एटलेटिको मैड्रिड ने हार नहीं मानी और मैच में वापसी की। (अनंत ज्ञान)

◆ **एटलेटिको मैड्रिड ने 3-2 के एग्रीगेट स्कोर से हराया**